सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 9.8 न्यू | 23.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,408 |
| निफ्टी | 26,142 |

सोना 1,36,627 चांदी 2,18,983

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 26 दिसंबर 2025 | 11 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 360, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### कंधमाल में 2 महिलाओं समेत 6 नक्सली ढेर

**एजेंसी, जगदलपुर।** ओडिशा के कंधमाल में सुरक्षा बलों ने एनकाउंटर में 6 नक्सलियों को मार गिराया, जिनमें एक करोड़ का इनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर गणेश उईके (69) और दो महिला नक्सली शामिल थीं। चाकापाड़ और गंजाम के राम्भा वन क्षेत्र में 23 टीमों–20 एसओजी, 2 सीआरपीएफ और एक बीएसएफ ने ऑपरेशन किया। गोलीबारी के बाद सर्चिंग में 5 शव मिले। मौके से 2 इंसास और एक 303 राइफल बरामद की गई। ऑपरेशन नक्सलियों की मौजूदगी पर मिले इनपुट के आधार पर चलाया गया। (अनंत ज्ञान)

*उन्नाव रेप केस*

### सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उन्नाव रेप मामले में दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इस फैसले के खिलाफ अब एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह वकील इस केस में पक्षकार नहीं है। जमानत मिलने के बाद पीड़िता ने भी फैसले पर नाराजगी जताई थी और सुप्रीम कोर्ट में अपील करने की संभावना जताई थी। याचिका में सेंगर की जमानत को चुनौती दी गई है, जो हाईकोर्ट के आदेश को पलटने की मांग करती है। (अनंत ज्ञान)

### केरल में क्रिसमस कैरोल गाते वक्त दो गुट भिड़े

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केरल के अलाप्पुझा जिले में 24 दिसंबर की रात क्रिसमस कैरल गाने वाले दो समूहों के बीच झड़प हो गई, जिसमें महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए। घटना रात करीब 11:30 बजे नूरनाद इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, एक यूथ क्लब में लंबे समय से आंतरिक विवाद चल रहा था, जिसके चलते दो गुट बन गए थे। क्रिसमस पार्टी के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### तुर्की में नए साल पर हमले की साजिश नाकाम

**एजेंसी, इस्तांबुल।** तुर्की के सुरक्षा बलों ने क्रिसमस और नए साल के दौरान हमलों की साजिश को नाकाम करते हुए इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े 115 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, इस्तांबुल में 124 ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां से हथियार, गोला-बारूद और संगठन से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए। बताया गया कि आईएस समर्थक गैर-मुस्लिम लोगों और कार्यक्रमों को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। 22 अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- अब किन्नौर भी पहुंचेगा आरसेटी अगले साल से होगी शुरुआत -पेज 4
- विश्राम गृहों का अभाव, कर्मचारी आमजन परेशान -पेज 7
- हल्दी की फसल से मिल रहा आर्थिक संबल -पेज 9
- दुल्हन की तरह सजा मनाली का मालरोड -पेज 11
- क्रिसमस पर्व पर एक-दूसरे को बांटी खुशियां -पेज 12


# हमने 370 की दीवार गिराई : पीएम

## लखनऊ में पीएम मोदी ने किया राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन, देश की महान विभूतियों को किया नमन

**एजेंसी, लखनऊ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीरवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित बसंत कुंज योजना में निर्मित राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने परिसर में स्थापित महापुरुषों की भव्य प्रतिमाओं का अवलोकन किया और उन्हें नमन किया। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों का अभिवादन किया। इसके बाद वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। प्रधानमंत्री ने भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भाजपा व जनसंघ गलियारे का अवलोकन किया। इस गलियारे में भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की वैचारिक और राजनीतिक यात्रा को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके पश्चात प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी गैलरी का भ्रमण किया, जहां उनके जीवन, विचार और संघर्ष से जुड़े चित्रों एवं प्रतीक चिह्नों को प्रदर्शित किया गया है। लखनऊ में निर्मित भव्य राष्ट्र प्रेरणा स्थल भारतीय राष्ट्रवाद की त्रयी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का एक अनुपम प्रयास है।

**राष्ट्र प्रेरणा स्थल** 65 एकड़ में फैला, लागत 230 करोड़

तीनों मूर्तियां 65-65 फुट ऊंची, वजन 42-42 टन



लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का किया उद्घाटन।

गौरतलब है कि वसंत कुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल को कमल की आकृति में विकसित किया गया है। परिसर में राष्ट्रवाद के शिखर पुरुषों डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन प्रतिमाओं का निर्माण विश्वविख्यात मूर्तिकार राम सुतार और मंटू राम आर्ट क्रिएशंस द्वारा किया गया है। प्रतिमाओं को फेसेड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग से आकर्षक रूप दिया गया है।

परिसर में राष्ट्र नायकों को समर्पित एक संग्रहालय का भी निर्माण किया गया है। संग्रहालय की इंटरप्रिटेशन वॉल पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता सेनानियों से जुड़ी म्यूरल आर्ट के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की यात्रा को दर्शाया गया है। संग्रहालय के कोर्टयार्ड में राष्ट्रीय भावना की प्रतीक भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। राष्ट्र नायकों को समर्पित गैलरियां उनके जीवन, विचारधारा और संघर्षों को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं। इसके अलावा राष्ट्र प्रेरणा स्थल परिसर में सिंथेटिक ट्रैक, मेडिटेशन सेंटर, विपश्यना केंद्र, योग केंद्र, हेलीपैड और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं। साथ ही यहां 3,000 की क्षमता वाला एम्फीथिएटर और लगभग 2 लाख लोगों की क्षमता वाला विशाल रैली स्थल भी बनाया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल न केवल ऐतिहासिक स्मृति का केंद्र बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रीयता और राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार भी करेगा। (अनंत ज्ञान)

### लखनऊ में ब्रह्मोस, सम्मान और राजनीति : एक नजर

**दिल्ली** के एक शाही परिवार ने बाबा साहेब अंबेडकर का जिक्र इसलिए नहीं किया कि कहीं उनके महत्व में कमी न आ जाए। प्रदेश में यही काम सपा ने किया।

कांग्रेस ने भाजपा को अछूत बनाए रखा, लेकिन भाजपा के संस्कार सभी का सम्मान करना सिखाते हैं। हमारी सरकार ने प्रणव मुखर्जी को भारत रत्न दिया, मुलायम सिंह को भी सम्मानित किया।

लखनऊ की धमक पूरे विश्व में है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में ब्रह्मोस मिसाइल का बहुत बड़ा योगदान है। इस मिसाइल का निर्माण लखनऊ में हो रहा है।

# सीएम सुक्खू ने डॉक्टर बर्खास्तगी पर कहा, निष्पक्ष जांच के बाद हुई कार्रवाई



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मालरोड स्थित पर्यटक सूचना केंद्र का निरीक्षण करते हुए।

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का वीरवार को शिमला दौरा प्रशासनिक सख्ती और पर्यटन दोनों दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा। मालरोड स्थित पर्यटक सूचना केंद्र का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने का रोडमैप साझा किया और रिज व मालरोड पर पर्यटकों से सीधे संवाद कर फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों को पर्यटकों की सुविधा सुनिश्चित करने और मार्गदर्शन तथा सहायता की व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए।

इसी दौरान मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में डॉक्टर की बर्खास्तगी के मामले पर कहा कि जांच निष्पक्ष ढंग से पूरी की गई और कार्रवाई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून और व्यवस्था से समझौता नहीं होगा, लेकिन चिकित्सकों, विशेषकर सीनियर रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए कार्य परिस्थितियां सुरक्षित और सम्मानजनक बनाए रखने के लिए भी कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने चिकित्सकों की सुविधाओं और तनावमुक्त वातावरण के लिए आवश्यक उपाय किए हैं, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके और डॉक्टर पूरे मनोयोग से सेवाएं दे सकें।

#### पर्यटन को नई ऊंचाई तक ले जाने के दिए निर्देश

पर्यटन पर उन्होंने कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार पर्यटन है और हर साल पांच करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। बुनियादी ढांचे के विकास, नई पहल और नवाचारों के जरिए राज्य में आने वाले हर सैलानी को सुगम और सुखद अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा।

# प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवाएं ठप 108 और 102 के कर्मचारी हड़ताल पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 108 और 102 एंबुलेंस सेवा कर्मियों ने श्रम कानूनों और न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम भुगतान, न्यायिक आदेशों के पालन की मांग को लेकर दो दिवसीय प्रदेशव्यापी हड़ताल शुरू कर दी है। यह हड़ताल 27 दिसंबर की शाम आठ बजे तक चलेगी, जिसमें प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह बाधित रहेंगी।

यूनियन नेताओं का कहना है कि नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मेडस्वान फाउंडेशन में कार्यरत पायलट, कैप्टन और ईएमटी कर्मियों को बारह घंटे की ड्यूटी के बावजूद ओवरटाइम का भुगतान नहीं मिलता और न्यूनतम वेतन तक नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा नेताओं के तबादले, मानसिक प्रताड़ना और वैधानिक छुट्टियों की अनदेखी भी आम बात बन गई है।

#### न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम और श्रम अधिकारों की मांग

यूनियन ने मांग की है कि न्यूनतम वेतन और ओवरटाइम का भुगतान किया जाए, सभी वैधानिक छुट्टियां प्रदान की जाएं, और वाहन मेंटेनेंस व इंश्योरेंस के नाम पर वेतन कटौती बंद की जाए। साथ ही ट्रेड यूनियन एक्ट 1926, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 और अदालतों के आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किए जाएंगे, जबकि शिमला में नेशनल हेल्थ मिशन कार्यालय और सोलन में मेडस्वान मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन होगा। यूनियन ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# नवी मुंबई एयरपोर्ट शुरू, पहली फ्लाइट को वाटर सैल्यूट

**एजेंसी, नवी मुंबई**



नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने गुरुवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही हवाई अड्डे ने अपनी पहली वाणिज्यिक उड़ान के आगमन के साथ परिचालन शुरू कर दिया है। बेंगलुरु से आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई460 सुबह 8 बजे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी और उसका स्वागत वाटर कैनन सैल्यूट से किया गया।

वाटर कैनन सैल्यूट एक औपचारिक परंपरा है, जिसमें विमान के टैक्सी करते समय फायर ट्रक उस पर पानी की बौछार करते हैं। पहली उड़ान के उतरने से पहले इंडिगो के कर्मचारियों ने केक काटकर और नारियल फोड़कर इसका जश्न मनाया। साल 2021 से एएएचएल हवाई अड्डे के विकास, निर्माण और परिचालन संबंधी तैयारियों की देखरेख कर रहा है।

इस परियोजना के पहले चरण का निर्माण 19,650 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। 1,160 हेक्टेयर में फैले इस हवाई अड्डे में वर्तमान में एक टर्मिनल और एक रनवे है, जिसकी वार्षिक यात्री संचालन क्षमता 20 मिलियन है। (अनंत ज्ञान)

# सोलन में श्मशानघाट के लॉकर से गायब हुई अस्थियां

## ताला-चाबी की गफलत से बदल गई अस्थियां, दूसरा परिवार बहा आया हरिद्वार में

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**सोलन।** सोलन में चौकाने वाला मामला सामने आया जब चंबाघाट स्थित श्मशानघाट में लॉकर में रखी एक महिला की अस्थियां गायब हो गईं। इस घटना की खबर प्रदेशभर में आग की तरह फैल गई। पीड़ित परिवार ने अस्थियां चोरी होने या इसका दुरुपयोग होने की शिकायत पुलिस में करवाई। मामले का पटाक्षेप तब हुआ जब पुलिस ने गहनता से जांच की। जांच में सामने आया कि उक्त परिवार के परिजन की अस्थियां दूसरे लॉकर में रह गईं। इस गफलत को दोनों परिवार ने पुलिस की पहल से मामला सुलझा लिया।

दरअसल सोलन के लोअर बाजार निवासी कमल पॉल की माता का बीते 16 दिसंबर को निधन हो गया था। इसी दिन मृतक महिला का चंबाघाट श्मशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया। इसके अस्थियां लौटे में भरकर श्मशानघाट स्थिति दो नंबर लॉकर में रखी। पुलिस के अनुसार-लॉकर की तीनों चाबियां कमल पाल ने अपने पास रखी। 24 दिसंबर सुबह परिजन अस्थियां प्रवाहित करने को हरिद्वार जा रहे थे, तो परिजन अस्थियां लेने सुबह चार बजे श्मशानघाट पहुंचे। मगर वहां लॉकर नंबर खुला हुआ पाया और अस्थियां गायब थीं। वहीं, एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि मामले को सुलझा लिया है। एक अन्य परिवार ने गलती से लॉकर खोल कर अपने परिजन की अस्थियों को समझकर कमल पॉल की माता की अस्थियां हरिद्वार ले गए। दोनों परिवार ने मामले को सुलझा लिया है।

अस्थियां गायब होने के बाद परिजनों से हरिद्वार में कर्मकांड करने वाले एक पंडित से बात की तो उन्होंने चांदी की अस्थियां बनाकर गंगा नदी में प्रवाहित करने की सलाह दी, पर पुलिस की जांच के बाद परिजन शांत हो गए। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या नगर निगम ने सभी लॉकर की एक जैसी ही चाबियां ले रखी है। ऐसे में अपने आप में कई सवाल खड़े होते हैं।

# कर्नाटक में ट्रक-बस टक्कर से लगी आग, 10 जिंदा जले

**एजेंसी, चित्रदुर्ग**

#### बस में 30 से ज्यादा यात्री थे सवार



कर्नाटक के चित्रदुर्ग में बुधवार देर रात ट्रक और बस में टक्कर के बाद आग लग गई। हादसे में बस में सवार 10 से ज्यादा लोग जिंदा जल गए। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह आंकड़ा ज्यादा बताया जा रहा है। हादसा एनएच-48 पर हिरियूर तालुक में हुआ। बस बेंगलुरु से गोकर्ण जा रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक बस में 30 से ज्यादा यात्री थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात 2.30 बजे तेज रफ्तार ट्रक डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ से जा रही प्राइवेट कंपनी की सीबर्ड ट्रांसपोर्ट की बस से टकरा गया और बस में तुरंत आग लग गई। उस समय यात्री सो रहे थे। इस कारण उन्हें खुद को बचाने का मौका नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि ज्यादातर यात्रियों ने टिकट ऑनलाइन बुक किए थे। इससे पुलिस को उनके फोन नंबर मिल गए हैं। उनके परिवारों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है। जले हुए शवों की पहचान के लिएडीएनए टेस्ट करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### तमिलनाडु में बस ने दो कारों को कुचला, 9 लोगों की मौत

**एजेंसी, चेन्नई।** तमिलनाडु के कडलूर जिले में बुधवार देर रात सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि तिरुचिरापल्ली से चेन्नई जा रही रोडवेज बस का स्टेट हाईवे पर टायर फट गया था। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ती हुई दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रहीं 2 कारों को कुचल दिया। दोनों कारें बस के नीचे फंसकर पूरी तरह चकनाचूर हो गईं। हादसे की सूचना मिलते ही तित्ताकुडी और रामनाथम पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को तित्ताकुडी और पेरंबलूर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। हादसे के कारण चेन्नई-तिरुचि नेशनल हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। करीब दो घंटे बाद क्रेन से वाहन हटाकर यातायात चालू किया गया। (अनंत ज्ञान)

# खालिदा जिया का बेटा 17 साल बाद लौटा बांग्लादेश

## एयरपोर्ट पर एक लाख लोग जुटे, 3 घंटे किया रोड शो

**एजेंसी, ढाका**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद देश लौट आए हैं। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए 2008 में लंदन भाग गए थे। तब हसीना सरकार में उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कई मामले चल रहे थे।

आज तारिक के स्वागत में उनकी पार्टी बीएनपी के एक लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटे। ढाका एयरपोर्ट से लेकर 300 फीट रोड तक रोड शो किया। इस 13 किलोमीटर के रास्ते को कवर करने में उन्हें 3 घंटे का समय लगा। तारिक ने 17 मिनट भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हम देश में शांति कायम करेंगे और नया बांग्लादेश बनाएंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की कि अवामी लीग जिसकी राजनीतिक गतिविधियां वर्तमान में देश के अंदर प्रतिबंधित हैं और वह आगामी राष्ट्रीय चुनाव में भाग नहीं ले सकेगी।

वहीं, बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस की कुर्सी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। देश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के विशेष सहायक खुदाबख्श चौधरी ने अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। (अनंत ज्ञान)

### बांग्लादेश में फिर हिंदू युवक की हत्या, 7 दिन में दूसरी घटना

**बांग्लादेश** में भीड़ हिंसा की एक और घटना सामने आई है, जहां राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, घटना बुधवार रात करीब 11 बजे हुई। पुलिस का कहना है कि अमृत पर जबरन वसूली के आरोप थे और उसके खिलाफ पांगशा थाने में हत्या समेत दो आपराधिक मामले दर्ज थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक अमृत कथित तौर पर एक आपराधिक गिरोह से जुड़ा हुआ था और हाल ही में भारत से लौटकर गांव आया था।

बताया गया कि 24 दिसंबर की रात अमृत अपने साथियों के साथ एक ग्रामीण से कथित तौर पर वसूली के लिए पहुंचा था। शोर मचने पर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और उसकी पिटाई कर दी। उसके साथी मौके से फरार हो गए, जबकि एक व्यक्ति को हथियारों के साथ पकड़ा गया।

# भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता: टैरिफ में कटौती और रूसी तेल पेनल्टी पर फैसले की तैयारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत ने अमेरिका के साथ चल रही द्विपक्षीय व्यापार वार्ता में अपना अंतिम प्रस्ताव पेश कर दिया है। भारत की मांग है कि अमेरिका द्वारा लगाए गए कुल 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 15 प्रतिशत किया जाए और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर जो 25% अतिरिक्त पेनल्टी लगाई गई है, उसे हटाया जाए। यह वार्ता दोनों देशों के बीच व्यापक व्यापार समझौते के अंतर्गत हो रही है।

भारत और अमेरिका की टीमों ने हाल ही में दिल्ली में बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने स्थायी व्यापार समझौते के अलावा टैरिफ कटौती पर फ्रेमवर्क समझौते पर भी चर्चा की। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि दोनों देशों के बीच सहमति जल्दी बन सकती है। हालांकि, किसी निश्चित समयसीमा का निर्धारण नहीं किया गया है।

#### भारत चाहता है 50% टैरिफ घटाकर 15% और रूस से तेल खरीद पर हटाई जाए पेनल्टी

भारत ने इस बार खासतौर पर रूस से तेल आयात में गिरावट को ध्यान में रखते हुए पेनल्टी हटाने की मांग की है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का रूसी तेल आयात नवंबर में लगभग 17.7 लाख बैरल प्रति दिन था, जो दिसंबर में घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रति दिन रह गया है। अमेरिका का तर्क है कि इस तरह के आयात से रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है।

भारत का कहना है कि यह पेनल्टी अनुचित है और इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक स्वायत्तता प्रभावित हो रही है। भारत की मांग है कि टैरिफ कटौती और पेनल्टी हटाने से दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग और मजबूत होगा और वैश्विक ऊर्जा बाजार में संतुलन भी बना रहेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह वार्ता नए साल में दोनों देशों के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक साझेदारी और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दों पर यह वार्ता अहम मोड़ पर खड़ी है। नई वार्ता से उम्मीद की जा रही है कि दोनों पक्षों के बीच किसी ठोस निर्णय पर जल्दी सहमति बन जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**खुलासा** इलेक्टोरल ट्रस्ट्स की ओर से चुनाव आयोग को सौंपी गई रिपोर्ट्स में उजागर हुए तथ्य

# राजनीतिक दलों को इलेक्टोरल ट्रस्टों से मिला 3,811 करोड़ का चंदा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुप्रीम कोर्ट के बैन के बाद पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजनीतिक दलों को 9 इलेक्टोरल ट्रस्ट के जरिए 3,811 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। इसमें से 3,112 करोड़ रुपए केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मिले। यह कुल फंड का करीब 82 प्रतिशत है।

यह जानकारी इलेक्टोरल ट्रस्ट्स की ओर से चुनाव आयोग को सौंपी गई रिपोर्ट्स से सामने आई है। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड इन रिपोर्ट्स के मुताबिक, बाकी सभी दलों को मिलाकर करीब 400 करोड़ रुपए (10 प्रतिशत) फंड मिला। इसमें कांग्रेस को 299 करोड़ रुपए मिले, जो कुल चंदे का 8 प्रतिशत से भी कम है। वहीं अन्य दलों को 101 करोड़ रुपए का चंदा मिला है। इलेक्टोरल ट्रस्ट एक रजिस्टर्ड संस्था होती है, जो कॉर्पोरेट कंपनियां और व्यक्तियों से चंदा लेकर राजनीतिक पार्टियों तक पहुंचाती है। ट्रस्ट को चंदे की पूरी जानकारी चुनाव आयोग को देनी होती है। इससे चंदे का रिकॉर्ड बना रहता है और पता चलता है कि किस पार्टी को कितना दान मिला।

20 दिसंबर तक के आंकड़ों के मुताबिक, चुनाव आयोग के पास 19 में से 13 इलेक्टोरल ट्रस्ट्स की रिपोर्ट मौजूद थी। इनमें से 9 ट्रस्ट्स ने 2024-25 में कुल 3,811 करोड़ रुपए चंदा दिया, जो 2023-24 के 1,218 करोड़ रुपए के मुकाबले 200 प्रतिशत से ज्यादा और तीन गुना है। (अनंत ज्ञान)

**इलेक्टोरल ट्रस्ट**

| भाजपा | कांग्रेस | अन्य |
|---|---|---|
| 3,112 करोड़ रुपए | 299 करोड़ रुपए | 101 करोड़ रुपए |

### भाजपा को प्रूडेंट व प्रोग्रेसिव ट्रस्ट से 2937.69 करोड़ चंदा

**भाजपा** को चंदा देने के मामले में प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट सबसे आगे रहा। भाजपा को कुल 3,112 करोड़ में से 2,180.07 करोड़ रुपए अकेले प्रूडेंट ने दिया। प्रूडेंट ने कांग्रेस को 21.63 करोड़ रुपए चंदा दिया। प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), आम आदमी पार्टी (आप), टीडीपी समेत कई दलों को भी चंदा दिया। हालांकि, इसके कुल 2,668 करोड़ रुपए के दान में से करीब 82 प्रतित राशि भाजपा को मिली। ट्रस्ट को जिन कंपनियों से फंड मिला, उनमें जिंदल स्टील एंड पावर, मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, भारती एयरटेल, ऑरोबिंदो फार्मा और टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। पार्टियों को सबसे ज्यादा चंदा देने के मामले में दूसरे नंबर पर प्रोग्रेसिव इलेक्टोरल ट्रस्ट रहा, जिसने कुल 914.97 करोड़ रुपए दान किए, जिसमें से 757.62 करोड़ रुपए भाजपा और कांग्रेस को 77.34 करोड़ रुपए दिए। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भाजपा को कुल 3,967.14 करोड़ रुपए चंदा मिला था। इनमें से 43 प्रतिशत यानी 1,685.62 करोड़ रुपए इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए आए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### वाजपेयी की जयंती पर मरीजों को बांटा जूस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा जिला हमीरपुर द्वारा भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मरीजों व सहयोगी स्टाफ को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जूस वितरित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने किया। राकेश ठाकुर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक है। उन्होंने संवाद, सहिष्णुता और सुशासन की मजबूत परंपरा स्थापित की तथा स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी परियोजनाओं से देश को नई दिशा दी। उनका जीवन यह संदेश देता है कि राजनीति सत्ता नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। कार्यक्रम में जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारी, भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस आयोजन में जेबीके आराधना एवं सीएसआर सवेरा फाउंडेशन का सहयोग रहा। भाजपा जिला हमीरपुर ने अटल जी के आदर्शों पर चलने और समाजसेवा के संकल्प को दोहराया।

### वाजपेयी के जन्मदिन पर वितरित किए फल

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर अटल प्रेम सेवा संस्था द्वारा सेवा, समर्पण और सामाजिक सौहार्द का संदेश देते हुए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। संस्था ने टौणी देवी में मरीजों और उनके परिजनों को फल वितरित किए तथा बाजार में हलवा और चने का प्रसाद बांटा। कार्यक्रम में समाज के प्रति योगदान देने वाले वरिष्ठ सहयोगियों को सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष विजय बहल ने कहा कि अटल जी केवल महान राजनेता नहीं, बल्कि संवेदनशील मानवतावादी और राष्ट्रनिर्माण के प्रेरणास्रोत थे। संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य संकल्पित हुए कि वे अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर समाजसेवा और राष्ट्रहित के कार्य जारी रखेंगे। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

### धूमल व सांसद अनुराग ठाकुर को दिया निमंत्रण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।**सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आगामी 15 जनवरी को सेना दिवस के अवसर पर एक गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को औपचारिक रूप से निमंत्रण दिया। अभिषेक राणा ने कहा कि धूमल जी संस्था के लिए मार्गदर्शक रहे हैं और उनके आशीर्वाद एवं सहयोग से ट्रस्ट के अनेक सफल आयोजन हुए हैं। प्रेम कुमार धूमल ने आमंत्रण स्वीकार कर कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति एवं सहयोग का आश्वासन दिया। ट्रस्ट का यह आयोजन सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रसेवा को नमन करने के साथ समाज में देशभक्ति की भावना को सशक्त करने का प्रयास है।

### निहार के विपिन ने हासिल की 181वीं रैंक

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत बजड़ैह के निहार गांव के होनहार युवक विपिन कुमार ने भारतीय अभियांत्रिकी सेवा (आईईएस) परीक्षा में 181वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। विपिन कुमार की सफलता ने साबित किया कि ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थी भी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। उनके परिवार, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि विपिन की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और सरकार से ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने की मांग की गई है।

### हाई मास्ट लाइट को लेकर न करें राजनीति

**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** मालग बारड के जिला परिषद सदस्य संजय कुमार ने बदरान पंचायत में हाई मास्ट लाइट को लेकर की जा रही राजनीति को निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को जनता के हित में करने के बजाय राजनीति का विषय बनाना पंचायत प्रतिनिधियों के लिए शोभा नहीं देता। जिला परिषद सदस्य ने बताया कि बदरान चौक के लिए स्वीकृत हाई मास्ट लाइट मुख्यमंत्री के आदेशानुसार लगाई गई थी, लेकिन ग्राम पंचायत प्रधान ने पहले की लाइट हटाकर कहीं और लगा दी। उन्होंने कहा कि हटाई गई लाइट को वहीं पुनः लगाया जाना चाहिए और नई लाइट जसोह मंदिर के पास लगाई जाए। संजय कुमार ने ग्रामीणों की ओर से आग्रह किया कि सरकारी संसाधनों का उपयोग नियम और पारदर्शिता के साथ किया जाए और जनहित से जुड़े कार्य विवाद का कारण न बनें।

### पेंशनर्स की लंबित मांगों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन हमीरपुर सर्कल की बैठक बाबूराम की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पेंशनर्स की लंबित मांगों पर चर्चा की गई। सर्कल सचिव सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि बैंक पेंशनरों की पेंशन अपडेटेशन की मांग पिछले 30 वर्षों से लंबित है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने विशेष भत्तों को पेंशन में शामिल न करने और अन्य मांगों को न स्वीकार किए जाने पर भी रोष व्यक्त किया। सुरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि इन मांगों को लेकर निकट भविष्य में अखिल भारतीय स्तर पर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। बैठक में सरवन सिंह, दिलीप चंद, बुद्ध राम, ज्ञानचंद, त्रिलोकनाथ, गुरचरण भट्टी, पिक राज और कल्याण सिंह राणा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### साल में 5 पौधे जरूर लगाएं अभिभावक: शर्मा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** ओमनी पब्लिक स्कूल कांगू में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा नेता सुनील शर्मा ने अभिभावकों और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के अभिभावक साल में कम से कम पांच पौधे जरूर लगवाएं, ताकि पर्यावरण को दूषित होने से बचाया जा सके व बीमारियों से सुरक्षा हो। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल रघुवीर कौशल, रिटायर्ड प्रिंसिपल विजय चौधरी, बीडीसी बंदना और पंचायत प्रधान झरेड़ी राजेश शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, पहाड़ी नाटी और पंजाबी भांगड़ा जैसी प्रस्तुतियां दीं। मुख्यातिथि सुनील शर्मा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रिंसिपल ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट और गतिविधियों की जानकारी साझा की।

### कल मनाएंगे साहिबजादों का शहीदी दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा दसवीं पातशाही गुरु गोविंद सिंह में 27 दिसंबर को कलगीधर पातशाह गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों का शहीदी दिवस हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए स्थानीय गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी सिमरजीत सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को पाठ सुखमणि साहिब प्रातः 9 बजे, कीर्तन दरबार जालंधर सोहलपुर के रागी भूपिंदर सिंह द्वारा प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। उसके बाद अटूट लंगर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में हिस्सा लें और गुरु का लंगर ग्रहण करें ।

### नादौन कॉलेज में बोधी कला उत्सव 30-31 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय नादौन में कॉलेज स्टूडेंट्स सेंट्रल एसोसिएशन (सीएससीए) की ओर से 30 और 31 दिसंबर को दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम बोधी कला उत्सव का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। आयोजन को लेकर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने सीएससीए और सलाहकार समिति के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की। प्रिंसिपल डॉ. बस्सी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और सभी विद्यार्थियों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। सचिव डॉ. अमृत लाल शर्मा ने बताया कि उत्सव में मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग, गीत, ग़ज़ल, भजन, लोकगीत, डिबेट, एकल व समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस, स्किट, माइम तथा प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सीएससीए अध्यक्ष अनामिका ने सभी विद्यार्थियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

### बडैहर प्रीमियम लीग क्रिकेट स्पर्धा 28 से

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के बडैहर में युवक मंडल बडैहर द्वारा 'बडैहर प्रीमियम लीग 2025-26' मेगा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 28 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक आयोजित होगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले राजकीय प्राथमिक पाठशाला बडैहर (पुल के पास) स्थित खेल मैदान में खेले जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में किसी भी क्षेत्र की क्रिकेट टीमें भाग ले सकती हैं। विजेता टीम को 71,000 रुपये नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 51,000 रुपये नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रवेश शुल्क 6000 रुपये रखा गया है। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच और पूरे टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी दिया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2025 है। अधिक जानकारी के लिए 98163-99560, 98162-23191, 98053-07620 व 97366-57258 पर संपर्क किया जा सकता है।

# अपग्रेड होगी सलौनी-दियोटसिद्ध सड़क

## टेंडर प्रक्रिया शुरू, 24 करोड़ होंगे खर्च व नाबार्ड योजना के तहत होगा कार्य

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के तहत अभी तक स्टेट हेड में अपग्रेड हो रही सलौनी-विझड़-दियोटसिद्ध टू-लेन टाइप सड़क अब नाबार्ड योजना के तहत मुकम्मल होगी। इस पर करीब 24 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निर्माण एक साल पहले राज्य सरकार के बजट से शुरू करवाया गया था, लेकिन पैसे की कमी के कारण संबंधित ठेकेदार ने यह काम लगातार 'स्लो डाउन' ही रखा।

इसी वजह से पिछले कुछ महीनों से यह काम लगभग बंद पड़ा हुआ है। क्योंकि अब इस प्रोजेक्ट को नाबार्ड के सुपुर्द कर दिया गया है। इसलिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुका है और विभाग की माने तो एक सप्ताह के भीतर टेंडर अवार्ड हो जाएगा और बैसाखी के बाद इसका काम फिर से रफ्तार पकड़ सकता है। यह बेहद महत्वपूर्ण सड़क है, जो उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध को जोड़ती है। सलौणी से दियोटसिद्ध की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है जिसमें कई जगह पर पुलियों और डंगों का निर्माण हो चुका है। एक साल पहले इसे खुला करने का काम शुरू हुआ था, लेकिन बीच में तकरीबन 6 माह तक तो यह काम शुरुआती रफ्तार पकड़ने के बाद बंद सा हो गया था। अभी सलौणी से कुडार तक इस सड़क के करीब 4 किलोमीटर के पैच को मुकम्मल करने का काम शुरू हो चुका है। इसका निर्माण स्टेट हेड में ही हो रहा है।

गौरतलब यह है कि यह सड़क बहुत पुरानी है। 1980 से पहले की बनी हुई है। उसके बावजूद भी फॉरेस्ट की कोई अड़चन बेवजह से इन पेड़ों को काटे जाने के मामले में 'अड़ंगा' अड़ाए हुए हैं। जिस पर फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी दिलचस्पी नहीं ले रहे। सीएम के इस गृह जिला में इस तरह की लापरवाही भी चर्चा में है।



**ज्वांइट इंस्पेक्शन हुई, पर नहीं कटे पेड़**

20 किलोमीटर के इस सड़क मार्ग में दो हिस्से जंगल से होकर निकलते हैं। इनमें चीड़ के पेड़ों को भी काटा जाना है। वह बड़ी अड़चन बने हुए हैं। इसके लिए जॉइंट इंस्पेक्शन भी अलग-अलग विभागों की हो चुकी है, मगर कोई भी दिलचस्पी नहीं ले रहा या फिर फाइल को 'ओके' करने के लिए अधिकारी सभी विभागों के बेवजह से माहौल को 'चिड़चिड़ा' बनाए हुए हैं। अब यदि फिर से निर्माण शुरू होने तक यह पेड़ काटे नहीं गए, तो फिर समस्या तो रहेगी ही। क्योंकि इस सारे मार्ग के किनारे के 60 से 70 छोटे बड़े पेड़ काटे जाने बेहद जरूरी हैं। उन्हीं की वजह से सड़क चौड़ी होने से रह जाएगी।

**क्या कहते हैं एक्सईएन**

**बड़सर** के एक्सईएन डीसी ठाकुर का कहना है कि नाबार्ड योजना के तहत अब इसका निर्माण होगा। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। एक सप्ताह के भीतर इसे अवार्ड करने की प्रक्रिया जारी है। उम्मीद यही है कि बैसाखी के बाद इसका निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। यदि कोई तकनीकी समस्या सामने ना आई तो। इस पर तकरीबन 24 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे और यह सड़क यातायात के लिए अव्वल दर्जे की बनाई जाएगी।

- **स्लो डाउन के कारण लंबित रहा निर्माण**
- **अब मिलेगा मुकम्मल टू-लेन सड़क का रूप**

# कार्यकर्ताओं ने अटल के आदर्शों को याद कर समाज व राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भोरंज विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की भोरंज इकाई ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती समीरपुर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम प्रो. प्रेम कुमार धूमल के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा वरिष्ठ नेता प्रो. धूमल विशेष अतिथि रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली एवं अशोक ठाकुर ने अतिथियों और कार्यकर्ताओं का स्वागत कर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित करने के साथ की। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, नेतृत्व और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और कारगिल युद्ध के दौरान उनके दृढ़ नेतृत्व को याद किया। मंडल अध्यक्ष अभयवीर लवली ने कहा कि अटल जी का जीवन राजनीति में शुचिता, विचारों में स्पष्टता और व्यवहार में सौम्यता का प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, डॉ. अनिल धीमान, देसराज शर्मा, चमन ठाकुर सहित अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती पर समीरपुर में श्रद्धासुमन अर्पित करते पूर्व सीएम धूमल।

# आधुनिक सोच और सनातन संस्कृति के संगम थे महामना मालवीय: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक व स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की संकलित रचनाओं की 12 भागों की संपूर्ण 'महामना वांग्मय' के विमोचन कार्यक्रम में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, इंदिरा गांधी कला केंद्र के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार राम बहादुर राय, महामना मालवीय मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनारायण श्रीवास्तव व अन्य गणमान्यों के साथ सम्मिलित हुए।

अनुराग ठाकुर ने कहा 'महान स्वतंत्रता सेनानी, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं। उनका जीवन शिक्षा, समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए समर्पित था। उनके विचार आज भी देश को सही दिशा प्रदान करने में सक्षम हैं। भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय जी की पवित्र जयंती पर उनकी लिखी रचनाओं की आखिरी सीरीज महामना का वांग्मय का लोकार्पण एक ऐतिहासिक बौद्धिक और सांस्कृतिक मिशन के पूरा होने का निशान है। पंडित मदन मोहन मालवीय जी सिर्फ एक स्वतंत्रता सेनानी या संस्था बनाने वाले नहीं थे। वे एक राष्ट्रीय चेतना, सनातन धर्म के पथ-प्रदर्शक और एक दूरदर्शी थे, जिनका मानना था कि भारत की राजनीतिक आजादी सांस्कृतिक आत्मविश्वास, नैतिक शासन और आध्यात्मिक ताकत पर आधारित होनी चाहिए। उन्हें याद करने का मतलब इतिहास में पीछे मुड़कर देखना नहीं है।



पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# रोड सेफ्टी पर शॉर्ट फिल्म या वीडियो अपलोड करने वाले को मिलेंगे 25 हजार व इनाम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश का ट्रांसपोर्ट विभाग रोड सेफ्टी सेल द्वारा सडक सुरक्षा फिल्म महोत्सव के जरिए रोड सेफ्टी कैंपेन पूरे प्रदेश भर में चला रहा है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा रोड़ सेफ्टी पर शॉर्ट फिल्म या वीडियो बनाकर इसमें भाग ले सकते हैं। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डाण् अंकुश शर्मा ने बुधवार को अपने कार्यालय में प्रेस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि रील के शौकीन युवा ट्रांसपोर्ट विभाग की ई-मेल या फिर लिंक पर जाकर अपना वीडियो 15 फरवरी तक अपलोड कर सकते हैं। वीडियो पांच मिनट से अधिक नहीं होना चाहिए और इसकी थीम रोड सेफ्टी रहेगी, जिसे हिंदी या इंग्लिश में बना सकते हैं। एक से ज्यादा वीडियो भी इसमें अपलोड किए जा सकते हैं। बेस्ट फिल्म या वीडियो को चार कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा 20 स्पेशल प्राइज भी अलग से दिए जाएंगें। बेस्ट फिल्म या वीडियो बनाने वाले 18 से 25 आयु वर्ग के युवाओं को 25 हजार कैश प्राइज, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी इनाम के तौर पर दी जाएगी। इसी तरह 25 से 32 आयु वर्ग के 32 से 40 आयु वर्ग के और 40 से अधिक आयु वर्ग के लोगों को फर्स्ट प्राइज में 25 हजार रुपए, सर्टिफिकेट और ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। इसके अलावा 20 स्पेशल प्राइज में 5000-5000 रुपए व सर्टिफिकेट सबसे बेहतर फिल्म वीडियो बनाने वाले को दिए जाएंगे।

# अटल वाजपेयी की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राजेंद्र राणा और बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अटल जी के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राजेंद्र राणा ने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि पिछले तीन वर्षों का कार्यकाल निराशाजनक रहा। उन्होंने आगामी 15 जनवरी को आयोजित होने वाले सेना दिवस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और अन्य गणमान्य व्यक्तियां कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह, सुरेश ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सरोज समेत कार्यकारिणी की पूरी टीम उपस्थित रही।

## युवाओं को नशे के खिलाफ सक्रिय होने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर नगर की अनु बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य प्रेम कुमार ने युवाओं से समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को समाप्त करने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूरा विश्व भारत की ओर दृष्टि लगाए हुए है और भारत शांति, दिव्यता और समरस समाज की दिशा दिखा सकता है। सम्मेलन में परिवारों में संस्कार, स्वदेशी भाव और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। आचार्य प्रफ्फुल ने हनुमान चालीसा की व्याख्या करते हुए सनातन संस्कृति के जागरण और युवाओं में संस्कार सृजन की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में लगभग 1500 लोग उपस्थित रहे और बच्चों तथा युवाओं ने भजन व देशभक्ति गीतों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# छात्रों को दिए जाएंगे आपदा बचाव के टिप्स

## आपदा प्रबंधन में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए शिविर का आयोजन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

हमीरपुर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्मारक राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में वीरवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आयोजित किए जा रहे युवा आपदा मित्र सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बड़सर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए किया जाता है। इससे युवाओं में इससे युवाओं में कार्य संस्कृति की भावना विकसित होती है और सामाजिक सरोकारों मैं सक्रिय भागीदारी करने में सक्षम होते हैं। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश सोनी ने कहा की आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण अभियानों की शुरुआत भारत में वर्ष 1995 से हुई। उन्होंने कहा कि पहले आपदा या आग लगने की स्थिति में स्थानीय लोग एकदम से जुट जाते थे और राहत को पुनर्वास कार्यों में समाज की भागीदारी होती थी, लेकिन वर्तमान समय में सामाजिक उत्तरदायित्व में कमी आई है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावनाओं को विकसित करने और आपदा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समारोह को संबोधित करते हुए शिविर की सामान्य डॉ नैसर्गिक दीपिका खन्ना ने बताया कि इस शिविर में हमीरपुर जिला के 92 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे है जिसमें एनएसएस, रोवर रेंजर्स ,नेहरू युवा केंद्र की भागीदारी है। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस शिविर में मैं 50 छात्राएं और 42 छात्र भाग ले रहे हैं जिसमें प्रतिदिन 9 लेक्चर आयोजित किए जाएंगे। इस शिविर में छात्रों को भूकंप बाढ़ भूस्खलन रासायनिक आपदा आग जैसी आपदाओं से निपटने और इसके प्रबंधन के टिप्स दिए जाएंगे। इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन डॉ हरजीत भुल्लर, डॉ रतन चंद शर्मा, डॉ विजय ठाकुर, रोवर लीडर प्रो सौरभ सूद, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो विनोद चंद, रेंजर लीडर प्रो शिल्पा ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



युवा आपदा मित्र शिविर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

# विधायक सुरेश कुमार ने अमरोह में 75 हजार लीटर क्षमता के जल भंडारण टैंक का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमरोह में ग्रामीणों की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। अमरोह पंचायत में प्रस्तावित 75,000 लीटर क्षमता वाले जल भंडारण टैंक का शिलान्यास भोंरज विधायक सुरेश कुमार द्वारा विधिवत रूप से किया गया। इस परियोजना पर लगभग 17.14 लाख रुपए की लागत आएगी।

इस अवसर पर विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इस जल टैंक के निर्माण से अमरोह पंचायत के विभिन्न गांवों में रहने वाले लोगों को नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा गर्मियों के दौरान पानी की किल्लत से काफी हद तक राहत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि अमरोह पंचायत के ग्रामीण लंबे समय से जल भंडारण सुविधा की मांग कर रहे थे, जिसे अब साकार किया जा रहा है। इस परियोजना के पूर्ण होने से जल आपूर्ति प्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा भविष्य की जरूरतों को भी ध्यान में रखा गया है।

शिलान्यास कार्यक्रम में भोंरज ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय बन्याल, प्रवेश ठाकुर, जल शक्ति मण्डल भोंरज के अधिशासी अभियंता प्रदीप चड्ढा, सहायक अभियंता आशीष देव, पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने परियोजना की तकनीकी जानकारी साझा करते हुए बताया कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

ग्रामीणों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भी क्षेत्र में विकास कार्य इसी तरह निरंतर जारी रहेंगे।



अमरोह में जल भंडारण टैंक का शिलान्यास करते विधायक सुरेश कुमार।

# हमीर उत्सव का फिर करेंगे आगाज: सुनील शर्मा बिट्टू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि हमीरपुर में कई वर्षों से बंद किए गए हमीर उत्सव के आयोजन को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से दोबारा शुरू किया जाएगा और यह आयोजन बहुत बड़े स्तर पर किया जाएगा। बिट्टू ने वीरवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और हमीरपुर के अन्य गणमान्य नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भेंट के बाद यह जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार के समक्ष हमीर उत्सव को दोबारा शुरू करने की मांग रखी।

इस मांग पर स्वयं भी पूर्ण सहमति जताते हुए बिट्टू ने कहा कि जिला हमीरपुर विकास के सभी मानकों और राजनीतिक दृष्टि से अग्रणी जिलों में शुमार है तथा इसकी अपनी एक अलग सांस्कृतिक पहचान भी है। इसलिए, यहां हमीर उत्सव के आयोजन की परंपरा को पुनर्जीवित करने की मांग के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत करवाया जाएगा और उनके आशीर्वाद से हमीरपुर में एक भव्य उत्सव मनाने की शुरुआत की जाएगी। बिट्टू ने कहा कि शीघ्र ही इस उत्सव की रूपरेखा तैयार की जाएगी और इसमें स्थानीय सामाजिक संगठनों का सहयोग भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपने गृह जिला के लिए बड़े-बड़े विकासात्मक प्रोजेक्ट मंजूर कर रहे हैं और इनके लिए करोड़ों रुपये का बजट भी दे रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती, कामगार कल्याण कांग्रेस के राजीव राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार, राजेश आनंद, राजेश चौधरी, मनोज शर्मा, सुनील ठाकुर, निशांत शर्मा, पवन छिंदी, राजीव राजू, कुलदीप शर्मा, अनिल श्याम, रजनीश गांधी, व्यापार मंडल डिडवीं टिक्कर के प्रधान सुनील रणौत व अन्य लोग शामिल रहे।

- **हमीरपुरवासियों के लिए खुशखबरी, बड़े स्तर पर किया जाएगा आयोजन**

**मांग** जोल, कोहटा, दर व सरसोली गांव के ग्रामीणों का सरकार को अल्टीमेटम

# अलग पंचायत बनाओ, वरना चुनाव बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोंरज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोल, कोहटा, दर व सरसोली गांवों के ग्रामीणों ने अपनी अलग पंचायत गठन की वर्षों पुरानी मांग को लेकर भोंरज विधायक सुरेश कुमार से मुलाकात की। ग्रामीणों ने विधायक को अवगत करवाया कि वे वर्ष 2005 से लगातार नई पंचायत की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है। बार-बार आश्वासन मिलने के कारण लोगों में गहरा रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में ये चारों गांव धमरोल पंचायत के अंतर्गत आते हैं, जबकि पंचायत मुख्यालय तक पहुंचने के लिए उन्हें 7 से 10 किलोमीटर तक का कठिन सफर तय करना पड़ता है। यह मार्ग अधिकतर घने जंगलों से होकर गुजरता है, जहां जंगली जानवरों का खतरा हमेशा बना रहता है। कई बार पंचायत कार्यों के लिए ग्रामीणों को पैदल ही जाना पड़ता है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने जानकारी दी कि उन्होंने DPO हमीरपुर कार्यालय के माध्यम से सख्या HM, (2)1-2024-(वि0/पुर्न)-14401 के तहत हिमाचल प्रदेश सरकार को औपचारिक आवेदन भेजा है। उनकी मुख्य मांग है कि जोल को अलग पंचायत बनाया जाए। यदि इस पर कोई आपत्ति आती है तो धमरोल पंचायत के वार्ड नंबर 8 व 9 को वडैहर पंचायत में शामिल किया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 13 वर्ष पहले सभी औपचारिकताएं पूरी कर मामला उच्च स्तर पर भेजा गया था, लेकिन डिलिमिटेशन और चुनाव आचार संहिता के कारण प्रक्रिया अधूरी रह गई। चारों गांवों की कुल आबादी करीब 5 हजार है। भौगोलिक स्थिति, दूरी और जनसंख्या को देखते हुए जोल को पंचायत का दर्जा देना पूरी तरह न्यायसंगत बताया गया। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे पंचायत, विधानसभा और लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करेंगे। साथ ही इस मुद्दे को मुख्यमंत्री और पंचायती राज मंत्री के समक्ष उठाकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

वहीं भोंरज विधायक सुरेश कुमार ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उन्हें पूरा आश्वासन दिया कि उनकी मांग को सरकार के समक्ष मजबूती से उठाया जाएगा तथा नियमों के अनुसार हर संभव प्रयास कर अलग पंचायत के गठन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर सूबेदार बलबंत, दीप चंद, सुरेश कुमार, पवन कुमार, रमेश चंद, धर्म चंद शर्मा, ईश्वर दास शर्मा, ध्यान सिंह, सोम राज, अमरजीत, किशोर चंद, बलदेव, धर्म चंद शर्मा, प्यार चंद, योग राज सहित ग्राम सुधार कोहटा के पूर्व प्रधान गौरब, पवन कुमार, बार्ड पंच मेहर सिंह, अमर सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।



वर्षों पुरानी मांग को लेकर विधायक सुरेश कुमार से मिलते ग्रामीण।

# सेब आयात नीति बागवान विरोधी : रोहित

## शिक्षा मंत्री बोले–न्यूजीलैंड से सेब आयात में शुल्क घटाने का फैसला हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर खतरा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल में सेब रोजी, रोटी व रिवायत का नाम है। इन्हीं बागानों से राज्य की अर्थव्यवस्था की सांसें चलती हैं। ऐसे में जब नीतियां बाज़ार के दरवाजे खोलकर सस्ते आयात को न्योता देती हैं, तो असर सिर्फ कागजों पर नहीं, खेतों और घरों तक महसूस होता है। इसी पृष्ठभूमि में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला से जारी वक्तव्य में बाग़वानों की बेचैनी, गुस्से और उम्मीद तीनों की आवाज़ को बुलंद किया है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने केंद्र सरकार की सेब आयात नीति को बागवान–विरोधी करार देते हुए कहा कि न्यूज़ीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते के तहत आयात शुल्क को 50 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत करना सीधे–सीधे हिमाचल के बाग़वानों के भरोसे पर ज़रब है। उन्होंने कहा कि सेब बाग़बानी प्रदेश की पहाड़ी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इस तरह के फैसले लाखों परिवारों की आजीविका पर सीधा हमला हैं। वादों और दावों की चकाचौंध में जो हक़ की बात कही गई थी, वह आज हक़ीक़त की कसौटी पर झूठ साबित हो रही है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि सेब और अन्य बाग़बानी उत्पादों के लिए शुरू की गई मंडी मध्यस्थता योजना को वर्ष 2023 से व्यावहारिक रूप से ठप कर दिया गया। 2022–23 में जहां लगभग 4,000 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान था, वहीं 2023–24 में इसे घटाकर मात्र एक लाख रुपये कर दिया गया। नतीजतन बाग़वान उस सुरक्षा कवच से महरूम हो गए, जो बाज़ार की बेरुख़ी में सहारा बनता था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कठिन आर्थिक हालात और प्राकृतिक आपदाओं के बावजूद बीते तीन वर्षों में 160 करोड़ रुपये की सेब ख़रीद की, जिसमें 90 करोड़ रुपये पूर्व भाजपा सरकार की देनदारी थी।

शिक्षा मंत्री ने आगाह किया कि न्यूज़ीलैंड से शुरू हुआ यह सिलसिला अमेरिका सहित अन्य सेब निर्यातक देशों की माँगों का दरवाज़ा खोलेगा। ईरान और अफ़ग़ानिस्तान के साथ मौजूदा व प्रस्तावित समझौतों का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि न्यूनतम आयात मूल्य बढ़ाने के बावजूद ईरानी सेब भारतीय बाज़ार में 60 से 70 रुपये प्रति किलो बिक रहा है, जो नीति की नाकामी को उजागर करता है। उन्होंने बताया कि हिमाचल में सेब उत्पादन की लागत लगभग 45 रुपये प्रति किलो है; यदि आयातित सेब 35 रुपये में डम्प होता है, तो पांच हज़ार करोड़ रुपये की सेब अर्थव्यवस्था को गहरी चोट लगेगी।

### बागवानों के हक में सख्त मांग व साफ पैगाम

**रोहित** ठाकुर ने कहा कि अप्रैल से अगस्त तक आयात शुल्क में दी गई छूट भ्रामक है, क्योंकि इसी अवधि में तुड़ान चरम पर होता है और आयात बाज़ार भाव गिरा देता है, ख़ासतौर पर उन बाग़वानों को नुक़सान होता है जिन्होंने हाई-डेंसिटी बाग़बानी, बेहतर क़िस्मों और आधुनिक कोल्ड स्टोरेज में निवेश किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व, जयराम ठाकुर और सांसद राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के हितों की पैरवी में नाकाम रहे हैं।

### शुल्क कटौती को तत्काल वापस लेने की मांग

**शिक्षा** मंत्री ने केंद्र से माँग की कि शुल्क कटौती तत्काल वापस ली जाए, सेब आयात पर उच्च शुल्क बहाल हो और मंडी मध्यस्थता योजना में केंद्र का हिस्सा फिर शुरू किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि हिमाचल के बाग़वानों को क़ुर्बानी का बकरा नहीं बनने दिया जाएगा और इस नाइंसाफ़ी के ख़िलाफ़ हर मंच पर पुरज़ोर आवाज़ उठेगी।

- बागवानों की आजीविका पर सीधे असर, केंद्र सरकार की आलोचना की
- आयातित सेब की सस्ती कीमत से हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर संकट

# पिता पर नाबालिग बेटी से यौन शोषण का आरोप

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पिता पर अपनी नाबालिग बेटी से तीन साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोपी ने बेटी से ये घिनौनी हरकत उस समय की, जब वो 17 वर्ष की नाबालिग थी। इसका खुलासा करने पर आरोपी ने बेटी को जान से मारने की धमकी भी दी।

पीड़िता की मां ने इस संबंध में अपने पति के ख़िलाफ़ पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी से सम्बंधित धाराओं व पोक्सो एक्ट में केस दर्ज करवाया है। रिश्तों को शर्मसार करने वाला ये मामला शिमला जिला के रामपुर थाना क्षेत्र में सामने आया है। इस संवेदनशील मामले की जांच स्वयं निरीक्षक, एसएचओ आशीष कौशल द्वारा की जा रही है, जो रामपुर बुशहर क्षेत्र में पोक्सो मामलों के प्रति पुलिस की सतर्कता को दर्शाता है।

# संघर्ष, सेवा व समर्पण पर राज्यस्तरीय सेमिनार होगा आयोजित : विनय कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- 28 को नालागढ़ अनाज मंडी में जुटेंगे नेता व कार्यकर्ता
- पार्टी की विचारधारा व राष्ट्रीय योगदान पर होगा मंथन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार की अध्यक्षता में 28 दिसंबर को नालागढ़ की अनाज मंडी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140वां राज्य स्तरीय स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के संघर्ष, सेवा और समर्पण विषय पर एक विशेष सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश भर से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि सेमिनार में कांग्रेस की विचारधारा, कार्यक्रमों और ऐतिहासिक संघर्षों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज़ादी के बाद देश के नव निर्माण तक कांग्रेस के योगदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की विरासत और मूल्यों से अवगत करवाया जाएगा।

### युवाओं को जोड़ने के लिए जिला से बूथ स्तर तक कार्यक्रम

**विनय** कुमार ने बताया कि प्रदेश में संगठन को और मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने के लिए जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर विशेष कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह स्थापना दिवस आयोजन कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने और संगठनात्मक मजबूती का आधार बनेगा।

# 23.92 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवक किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- शिमला और ठियोग में चिट्टे के खिलाफ पुलिस को मिली सफलता
- जले हुए नोट, सिरिंज और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी किए बरामद

हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ चल रहे मिशन भरोसा के तहत पुलिस ने शिमला और ठियोग में एक ही दिन में दो अलग–अलग कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए 23.92 ग्राम चिट्टे के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में पुख्ता सूचना के आधार पर आरोपियों के घरों में दबिश दी गई, जहां से चिट्टे के साथ नशे से जुड़ा अन्य सामान भी बरामद हुआ। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पहला मामला क्षेत्र का है, जहां डिटेक्शन सेल की टीम ने धमांदरी के जनोटी गांव में दबिश देकर सुनील उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 17.560 ग्राम चिट्टा, दस रुपये का जला हुआ नोट और इलेक्ट्रॉनिक वजन मापने की मशीन बरामद की गई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मामला थाना ठियोग के सुपुर्द कर दिया है, ताकि नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य कड़ियों की भी तहकीकात की जा सके।

दूसरी कार्रवाई के कृष्णानगर क्षेत्र में की गई, जहां एक घर से अंकुश उर्फ सुदामा और प्रवीण चौहान को गिरफ्तार किया गया। दोनों के कब्जे से 6.360 ग्राम चिट्टा, जले हुए नोट, सिरिंज और इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद हुआ है। इस मामले में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 और 29 के तहत केस दर्ज किया है। एसएसपी शिमला ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान पूरी सख्ती के साथ जारी रहेगा और किसी भी सूरत में इस गोरखधंधे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# राज्यपाल ने रिज मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



रिज मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल जी ऐसे नेता थे जो सत्ता और विपक्ष—दोनों को साथ लेकर चले और यह संदेश दिया कि राजनीति में मतभेद हो सकते हैं, शत्रुता नहीं। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का सार्वजनिक जीवन गरिमा, सौजन्य और राष्ट्रहित के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हिमाचल प्रदेश से उनके विशेष लगाव को स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि अटल जी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते थे और उनका योगदान देश हमेशा याद रखेगा।

# अटल टनल–इंफ्रास्ट्रक्चर ने बदली प्रदेश की दशा व दिशा

## जयराम ठाकुर बोले– कनेक्टिविटी, पर्यटन व सामरिक मजबूती को मिला नया आधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



रिज मैदान में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते नेता प्रतिपक्ष जयराम।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि अटल टनल और सड़क आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर ने राज्य की दशा और दिशा दोनों को निर्णायक रूप से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अटल टनल प्रदेश के लिए हर तरह से वरदान साबित हुई है। इससे जहां दुर्गम इलाकों की सालभर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई है, वहीं पर्यटन को भी नई गति मिली है और सामरिक दृष्टि से प्रदेश और देश की स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों में हिमाचल में हजारों किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है, जिससे हर साल सैकड़ों गांव मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं और लोगों का जीवन पहले से कहीं अधिक सुगम हुआ है।

पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि आईजीएमसी प्रकरण में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई एक पक्ष है, लेकिन इससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि भविष्य में अस्पतालों में मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और बेहतर इलाज सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सरकार को ठोस और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश में कानून व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि आम लोगों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसके लिए शासन प्रशासन को पूरी गंभीरता के साथ काम करना होगा।

### पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का ऋणी हिमाचल

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान का सदा ऋणी रहेगा। अटल जी ने हिमाचल को सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि अपना घर माना और उसी भाव से प्रदेश के विकास की मजबूत नींव रखी। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, औद्योगिक पैकेज से बद्दी का एशिया का फार्मा हब बनना और अटल टनल जैसी ऐतिहासिक परियोजनाएं उनके दूरदर्शी नेतृत्व की मिसाल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरुवार को यहां लोक भवन में शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई, जिसमें प्रदेश के समसामयिक विषयों को लेकर सामान्य विचार-विमर्श हुआ।

### राज्यस्तरीय महिला उद्यमी नेटवर्किंग मीट 4 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार की ओर से 4 जनवरी, 2026 को शिमला के पीटरहॉफ में राज्य स्तरीय महिला उद्यमी नेटवर्किंग मीट का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में महिला उद्यमिता को मजबूती देना और समावेशी औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना है। जानकारी के अनुसार महिला नेतृत्व वाले उद्यम रोजगार सृजन, आर्थिक तरक्की और सामाजिक सशक्तिकरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं और सरकार इस क्षेत्र को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किए हुए है। यह नेटवर्किंग मीट महिला उद्यमियों को उनके व्यवसाय के विस्तार, स्थिरता और संस्थागत सहयोग से जोड़ने का एक प्रभावी मंच बनेगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से महिला उद्यमी और उनके समूह भाग लेंगे। उन्हें राष्ट्रीय स्तर के इकोसिस्टम भागीदारों, उद्योग विशेषज्ञों और वित्तीय संस्थानों से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विशेषज्ञ सत्र, पैनल चर्चा और श्रेष्ठ अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिसमें वित्त तक बेहतर पहुंच, बाजार संपर्क और मार्गदर्शन पर विशेष ध्यान रहेगा।

### मंत्री अनिरुद्ध सिंह कल चौपाल दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 27 दिसंबर को चौपाल विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री दोपहर 12 बजे चौपाल पहुंचेंगे और ब्लॉक स्तरीय एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन का नेतृत्व करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्ति को लेकर जन-जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। दौरे के दौरान मंत्री तहसील मैदान, चौपाल से विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। इनमें पंचायत भवन गड़ा, पंद्राडा, बघार चौकी और बमटा के उन्नयन कार्य, पंचायत भवन पौडिया का उन्नयन, ग्राम पंचायत पौडिया में सराय भवन तथा बीडीओ कार्यालय भवन चौपाल के उन्नयन कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने के साथ-साथ ग्रामीण स्तर पर प्रशासनिक सुविधाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी।

### पंचायती राज चुनावों से भाग रही सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल में पंचायत चुनाव में देरी को लेकर सियासी घमासान तेज़ हो गया है। विपक्षी दल भाजपा ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस की सुक्खू सरकार पंचायती राज चुनावों से भाग रही है। पार्टी का कहना है कि कांग्रेस सरकार इतनी असुरक्षित और असहज हो चुकी है कि उसे लोकतांत्रिक संस्थाओं से भी डर लगने लगा है। राजनैतिक दबाव का शिकंजा सकर सरकार अब आयोग जैसे संवैधानिक निकाय को भी अपने नियंत्रण में लेना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव के तबादले को लेकर उत्पन्न टकराव पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह साफ हो चुका है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की सरकार पंचायती राज चुनावों से डर रही है और उन्हें रोकने के लिए अब तानाशाही रवैया अपना रही है।

### न्यू ईयर पर नशे और हुड़दंग पर सख्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर हिमाचल प्रदेश में पुलिस ने कानून व्यवस्था को लेकर बेहद कड़े इंतजाम किए हैं। राज्य पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि नववर्ष के जश्न के दौरान नशे में वाहन चलाने, हुड़दंग, तेज रफ्तार और सार्वजनिक शांति भंग करने जैसी किसी भी गतिविधि पर कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है, ताकि भीड़भाड़ के बीच किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके और पर्यटक सुरक्षित माहौल में नए साल का स्वागत कर सकें। पुलिस निर्देशों के तहत शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी, कसौली सहित अन्य संवेदनशील पर्यटन क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

# आईजीएमसी विवाद में रेजिडेंट डॉक्टरों का बदला रुख

## अब सीएम सुक्खू से करेंगे सीधी मुलाकात, बर्खास्त डॉक्टर के मामले में की जाएगी चर्चा

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

- मरीज सेवाएं जारी, लेकिन कार्रवाई को बताया जल्दबाजी भरा फैसला

**शिमला।** राजधानी शिमला स्थित इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में मरीज से मारपीट के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। सरकार द्वारा आरोपी डॉक्टर की सेवा समाप्ति के बाद जहां अब तक माहौल मरीज पक्ष में झुका हुआ दिख रहा था, वहीं रेजिडेंट डॉक्टरों ने खुद मोर्चा संभालते हुए गेट मीटिंग की और स्पष्ट किया कि वे अपनी बात सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे। यह बदलाव संकेत देता है कि मामला अब केवल एक अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि संस्थागत प्रक्रिया, निष्पक्ष जांच और डॉक्टरों की कार्य परिस्थितियों का प्रश्न बन चुका है।

जानकारी के अनुसार रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन ने फिलहाल आपातकालीन वार्ड, जनरल वार्ड और ओपीडी सेवाएं जारी रखने का फैसला लिया है, ताकि मरीजों को किसी तरह की दिक्कत न हो। साथ ही यह भी साफ किया गया कि वरिष्ठ डॉक्टर एसोसिएशन से विमर्श के बाद आगे की रणनीति तय होगी।

काबिले गौर है कि हाल ही में वायरल वीडियो ने पूरे प्रकरण को तेज़ी से भड़काया। प्रशासन ने पहले निलंबन और फिर सेवा समाप्ति का कड़ा फैसला लिया। रेजिडेंट डॉक्टरों का कहना है कि कार्रवाई जल्दबाज़ी में हुई और पूरे तथ्य सामने आए बिना निर्णय ले लिया गया। दूसरी ओर, आरोपी डॉक्टर का वीडियो बयान भी चर्चा में है, जिसमें उसने कथित अपमानजनक भाषा और उकसावे का जिक्र किया। इन परस्पर दावों के बीच सवाल यही है कि क्या प्रक्रिया पूरी तरह संतुलित रही?

अब रेजिडेंट डॉक्टरों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलने जा रहा है। यह मुलाकात निर्णायक हो सकती है। शासन स्तर पर यह परीक्षा है कि एक ओर सख्ती और जनभावना को कैसे साधा जाए, तो दूसरी ओर डॉक्टर समुदाय का भरोसा कैसे कायम रखा जाए। प्रशासनिक निर्णयों की विश्वसनीयता, अस्पतालों का कार्य वातावरण और भविष्य की नज़ीर—सब दांव पर हैं।

आने वाले दिनों में तीन परिदृश्य उभर सकते हैं। पहला, सरकार निष्पक्ष जांच के दायरे और प्रक्रिया को और स्पष्ट कर किसी मध्य मार्ग की घोषणा करे। दूसरा, रेजिडेंट डॉक्टरों का आंदोलनात्मक रुख तेज़ हो और दबाव बढ़े। तीसरा, संवाद के जरिए मामला ठंडा पड़े और सिस्टम सुधार की दिशा में ठोस कदम सामने आएं। जो नहीं होना चाहिए, वह है सेवाओं का ठप होना, क्योंकि इसका सीधा असर मरीजों पर पड़ेगा।

### स्वास्थ्य प्रशासन की निगरानी के साथ अगले कदम पर नजर

**सबकी** निगाहें अब शासन व स्वास्थ्य प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर हैं। फैसला केवल एक डॉक्टर के भविष्य का नहीं, बल्कि उस ढांचे का है जो अस्पतालों में अनुशासन, सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करता है। संवाद, पारदर्शिता और नियमों की कसौटी पर लिया गया निर्णय ही इस गरमाते मामले को ठहराव दे सकता है, वरना सर्द पहाड़ियों में यह विवाद और तप सकता है।

# राष्ट्रीय गणित कन्वेंशन में हंसिका शर्मा ने हासिल किया दूसरा स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



माया पब्लिक स्कूल मशोबरा की छात्रा हंसिका शर्मा, जिन्होंने राष्ट्रीय गणित कन्वेंशन में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मशोबरा स्थित माया पब्लिक स्कूल की छात्रा हंसिका शर्मा ने राष्ट्रीय गणित कन्वेंशन में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह कार्यक्रम गुजरात के अहमदाबाद में महान गणितज्ञ डॉ. श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया था, जिसमें माया पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरपर्सन डॉ. हरीश शर्मा ने हंसिका को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्होंने बताया कि हंसिका पढ़ाई के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की एथलीट भी हैं और बीते तीन वर्षों से प्रदेश के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लगातार प्रथम स्थान प्राप्त कर रही हैं। हंसिका के पिता नंदलाल शर्मा, जो सरकारी स्कूल में शारीरिक शिक्षा अध्यापक हैं, ने इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि उनकी बेटी ने बेटी है अनमोल के सपने को साकार किया है।

**कार्यक्रम** जुब्बल स्कूल में विशाल विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

# नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जुब्बल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में सम्मानित करते हुए।

उप मंडलीय विधिक सेवा प्राधिकरण जुब्बल की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुब्बल के सभागार में एक प्रभावशाली विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उप मंडलीय विधिक सेवा प्राधिकरण जुब्बल शीतल गुप्ता ने की। शिविर में नशा मुक्त समाज, पर्यावरण संरक्षण और आपदा पीड़ितों के पुनर्वास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल और व्यावहारिक ढंग से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं के साथ विभिन्न पंचायतों से आईं महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आपदा पुनर्वास विषय पर उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल गुरमीत नेगी, नायब तहसीलदार युद्धअभय सिंह और वरिष्ठ अधिवक्ता लोकिन्दर शर्मा ने बताया कि प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं के समय सरकार किस तरह राहत, बचाव और पुनर्वास की व्यवस्था करती है तथा भूमिहीन नागरिक किन कानूनी प्रावधानों के तहत आवास के लिए भूमि की मांग कर सकते हैं।

नशा मुक्ति पर एसएचओ जुब्बल चेतन चौहान, चिकित्सकों और अधिवक्ताओं ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता जताते हुए इसके स्वास्थ्य दुष्प्रभाव और नशा विरोधी कानूनों के तहत सजा के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया।

# प्रदेशभर में जिला संयोजकों की घोषणा तत्काल प्रभाव से लागू होंगी नियुक्तियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- शहरी निकाय प्रकोष्ठ में संयोजक व सह-संयोजकों की भी नियुक्ति

हिमाचल बीजेपी ने प्रदेश के शोध प्रकोष्ठ को सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में प्रदेश नेतृत्व से चर्चा के बाद जिला संयोजकों की घोषणा कर दी गई है। यह जानकारी प्रदेश शोध प्रकोष्ठ के संयोजक केआर भारती ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

उन्होंने बताया कि सभी जिलों में अनुभवी और वैचारिक रूप से सक्षम कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं भाजपा ने शहरी निकाय प्रकोष्ठ को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला स्तर पर संयोजक और सह–संयोजकों की घोषणा की गई है। यह जानकारी प्रदेश शहरी निकाय प्रकोष्ठ के संयोजक ठाकुर अजमेर सिंह ने दी।

उन्होंने कहा कि यह नियुक्तियां शहरी क्षेत्रों में संगठन की पकड़ मजबूत करने और पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी ढंग से आम लोगों तक पहुंचाने में सहायक होंगी। उधर, प्रदेश भाजपा चिकित्सक प्रकोष्ठ (एलोपैथी) में जिला संयोजकों की घोषणा की गई है। प्रदेश संयोजिका डॉ. वंदना जंगी ने बताया कि इन नियुक्तियों का उद्देश्य चिकित्सक वर्ग को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर सकारात्मक भूमिका निभाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव नियुक्त संयोजक स्वास्थ्य नीतियों, जनहित के मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय योगदान देंगे तथा प्रदेशभर में चिकित्सक प्रकोष्ठ को और अधिक प्रभावी बनाएंगे।

वहीं एक अन्य घोषणा में संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण प्रकोष्ठ और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ में प्रदेश व जिला स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इन नियुक्तियों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के वैचारिक प्रशिक्षण और प्रबुद्ध वर्ग से संवाद को सशक्त बनाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### पुंदर (जौटा) में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पुंदर (जौटा) में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अद्वैत स्वरूप सन्यास आश्रम भरमाड़ के महाराज बाबा राघवानन्द महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। उनके आगमन पर आयोजकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ज्योति प्रज्वलन, हवन यज्ञ, ध्वजारोहण व भजन-कीर्तन हुआ। महाराज ने ध्यान और 'ओम' उच्चारण की विधि बताते हुए सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला।

### सनातन संस्कृति के संरक्षण का लिया संकल्प



**अनंत ज्ञान, कोटला।** उपमंडल जवाली की पंचायत कोठीबंडा के मस्तगढ़ बाजार स्थित शिव मंदिर परिसर में वीरवार को हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें सांसद राजीव भारद्वाज की धर्मपत्नी प्रवीण भारद्वाज ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसी पूजन से हुआ, इसके बाद हवन-यज्ञ, ध्वजारोहण और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भलाड़, कोठीबंडा, मंडोल व मस्तगढ़ पंचायतों के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और सनातन संस्कृति के संरक्षण और सामाजिक एकता का संकल्प लिया। प्रवीण भारद्वाज ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं।

### डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कांगड़ा (धर्मशाला) में दो दिवसीय डोमेन स्किल ट्रेनर सर्टिफिकेशन प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आरसेटी प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करना रहा। इसका मूल्यांकन ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक (कौशल) संतोष कुमार तिवारी ने किया। उन्होंने प्रशिक्षकों के कौशल उन्नयन को समय की आवश्यकता बताते हुए स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की भूमिका पर बल दिया।

### लखपीर बाबा की दरगाह में लगाया लंगर



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, इंदौरा।** कंडवाल में ज्योति होटल और रेस्टोरेंट की ओर से लखपीर बाबा कंडवाल में वीरवार को अटूट लंगर का आयोजन किया गया। विधायक रणवीर सिंह निक्का तथा उसके भाई तथा समाजसेवी युद्ध वीर सिंह ज्योति ने बताया कि वह अपने स्व. पिता मांगो राम की स्मृति में कई सालों से यह अटूट लंगर का आयोजन कर रहे हैं। इस मौके पर कांगड़ा चंबा लोकसभा के सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज, ओपी चौधरी, मदर राणा, हैप्पी शर्मा तथा विधायक रणवीर सिंह निक्का के परिवारजन मौके पर उपस्थित रहे। सभी ने समस्त लोगों के स्वास्थ्य तथा उज्जवल भविष्य की प्रार्थना की।

### मंत्री चंद्र के बयान पर कांगड़ा शिक्षक संघ में रोष

**अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ, जिला कांगड़ा ने मंत्री चंद्र कुमार के 450 विद्यालय बंद होने को अध्यापकों की लापरवाही से जोड़ने वाले बयान पर गहरा रोष व्यक्त किया है। अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास ने कहा कि विद्यालय बंद होने के पीछे कई कारण हैं, जैसे अध्यापकों की कमी और अन्य गतिविधियों में भागीदारी, न कि केवल अध्यापकों की गलती। ऐसे तथ्यविहीन बयान अध्यापकों के मनोबल को कमजोर करते हैं। संघ ने स्पष्ट किया कि सरकारी नीतियों की सफलता में प्रशंसा और असफलता में दोष अध्यापकों पर नहीं डाला जाना चाहिए।

### थुरल में पूर्व पीएम वाजपेयी को किया याद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भाजपा थुरल मंडल के ग्राम केंद्र थुरल में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती मनाई गई। मंडल महामंत्री विजय राणा ने अपने संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण किया और उनकी जीवनी के ऊपर उपस्थित जनसमूह को अवगत करवाया। कार्यक्रम में ग्राम केंद्र अध्यक्ष कैप्टन रविंद्र शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्षा सरिता गुलेरिया, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रधान वंदना कुमारी, कंचन राणा, कुलदीप राणा, अनूप राणा, विनय कुमार और महिला शक्ति उपस्थिति रही। सभी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर बारी बारी पुष्प चढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### संत निरंकारी मंडल की जोनल बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, गगल।** संत निरंकारी भवन कांगड़ा ब्रांच में वार्षिक जोनल मीटिंग कांगड़ा जोन के प्रभारी डॉ. केसी धीमान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में चंडीगढ़ के रीजनल ऑफिस से नसीब चंद ने सभी ब्रांचों के महात्माओं को नई जानकारियां दी और उनके पालन की हिदायत दी। नव वर्ष में महिला, बाल और इंग्लिश संगत नियमित रूप से करने पर जोर दिया गया। क्षेत्रीय संचालक महात्मा तिलक राज डोगरा ने बैंक से संबंधित परेशानियों पर मार्गदर्शन दिया। डॉ. धीमान ने भवनों की व्यवस्थाओं और निर्माण के लिए आवश्यक धन राशि की जांच की। 50 ब्रांचों के संयोजक और 17 यूनिटों के सेवा दल सहित अन्य महात्मा उपस्थित रहे।

# अब किन्नौर भी पहुंचेगा आरसेटी अगले साल से होगी शुरुआत

## भूमि लीज संबंधी जिलाधीश से मिल चुकी है स्वीकृति

**लाहौल-स्पीति के युवाओं को कुल्लू आरसेटी में मिलेगा प्रशिक्षण**

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान यानी आरसेटी अब किन्नौर जिले में भी युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए संस्थान खोलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

डीसी किन्नौर की ओर से जहां आरसेटी को भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध करवाने को स्वीकृति प्रदान की गई है, वहीं प्रारंभिक तौर पर आरसेटी संचालन के लिए स्कूल भवन भी मुहैया करवाने की बात कही गई है। जानकारी के अनुसार, किन्नौर में आरसेटी का संचालन पीएनबी के माध्यम से किया जाएगा। वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में दस आरसेटी हैं और नया आरसेटी किन्नौर जिला में शुरू किया जा रहा है। जिले भले ही 12 हैं, लेकिन आरसेटी सभी जिलों को कवर करता है। किन्नौर में भी आरसेटी खुलने जा रहा है, जबकि लाहौल-स्पीति जिला के युवा कुल्लू जिला के आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि आरसेटी में विभिन्न कोर्सिस की ट्रेनिंग लोगों को दी जाती है। ट्रेनिंग उपरांत अपना स्वरोजगार शुरू करने के लिए बैंकों के माध्यम से उन्हें लोन भी उपलब्ध करवाया जाता है।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से आता है बजट

**आरसेटी** भवन निर्माण के लिए भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से बजट स्वीकृत किया जाता है, जो कि संबंधित जिला के लीड बैंक के पास जाता है, जिसके माध्यम से आरसेटी का संचालन किया जाना होता है। चालू वित्त वर्ष के तीन माह बचे हैं। आरसेटी स्टाफ के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फिलहाल जिलाधीश किन्नौर ने आरसेटी शुरू करने के लिए एक सरकारी स्कूल भवन उपलब्ध करवाने की बात कही है, जबकि अपना भवन बनने उपरांत आरसेटी को अपने भवन में शिफ्ट किया जाएगा।

> **किन्नौर** में आरसेटी के लिए सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। किन्नौर में पीएनबी के माध्यम से आरसेटी का संचालन किया जाएगा। किन्नौर के जिलाधीश आरसेटी संस्थान स्थापना के लिए भूमि लीज पर उपलब्ध करवाने की स्वीकृति दे चुके हैं। आरसेटी भवन निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी।
>
> **-डॉ. अंबिका साहू, स्टेट कंट्रोलर, आरसेटी हिमाचल प्रदेश**

## शाहपुर कॉलेज में 'नशा नहीं भविष्य चाहिए' का दिया संदेश



शाहपुर कॉलेज में केंद्रीय छात्र सांस्कृतिक संघ का वार्षिक समारोह आयोजित।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में केंद्रीय छात्र सांस्कृतिक संघ का वार्षिक समारोह सुरधारा 2025-26 वीरवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक व शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते चिट्टे के प्रचलन पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए नशा नहीं, भविष्य चाहिए का नारा दिया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर अभिभावकों और पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलकूद, स्वरोजगार और रचनात्मक कार्यों की ओर मोड़ना ही इस समस्या का स्थायी समाधान है। उपमुख्य सचेतक ने कहा कि पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान तीन वर्ष में एनडीपीएस के तहत 13 करोड़ रुपये की चल-अचल सम्पत्ति जब्त की गई थी, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के दौरान अब तक 64 करोड़ रुपए से अधिक की चल-अचल जब्त की जा चुकी है। कि प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टे के खिलाफ बहुस्तरीय व बहुआयामी कार्रवाई की जा रही है।

## पालमपुर हलके के नगरी जोन के 62 लोगों ने थामा भाजपा का दामन



पालमपुर के गोपालपुर में अटल स्मृति वर्ष के तहत जनसभा का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पालमपुर** के गोपालपुर में अटल स्मृति वर्ष के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने केंद्र व राज्य की राजनीति, अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत, देश की सुरक्षा और विकास की अवधारणा पर प्रभावशाली ढंग से अपने विचार रखे।

परमार ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि अटल जी केवल प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज थे, जिन्होंने 'राष्ट्र पहले, राजनीति बाद में' का मंत्र दिया। परमार ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए प्रदेश में विफलताओं का आरोप लगाया और संगठन की मजबूती की सराहना की। उन्होंने कहा कि पालमपुर में भाजपा की जीत को अब कोई नहीं रोक सकता। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि पालमपुर आज संगठन के हर कार्य में प्रथम स्थान पर आगे खड़ा रहता है और उसी का नतीजा है कि आज अटल जी की जन्म जयंती समारोह में इतनी भारी संख्या में नगरी जोन के कार्यकर्ताओं ने इस पंडाल को सुशोभित किया है। उन्होंने परमार का धन्यवाद करते हुए कहा कि आज लगभग 62 लोगों में 50 में कांग्रेस से दुखी होकर, उनके झूठी ग्रंटियों को नकारते हुए भारतीय जनता पार्टी में अपना विश्वास जताया है और 12 लोग सेवानिवृत्ति के बाद इस पार्टी से जुड़े हैं। कपूर ने ज्वॉइन करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को परमार की अगवाई में पटका पहनाकर उनका पार्टी का पटका पहनकर स्वागत करते हुए कहा कि मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि इस पार्टी में आपका पूरी तरह से मान सम्मान होगा।

## प्रदेशभर में मनाया जा रहा अटल स्मृति वर्ष: विपिन

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** प्रदेश भाजपा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर पूरे प्रदेश में अटल स्मृति वर्ष को ऐतिहासिक रूप से मनाया जा रहा है। इस कड़ी में 25 से 31 दिसंबर तक प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के वरिष्ठ नेता, मंत्री, सांसद, विधायक एवं संगठनात्मक पदाधिकारी विभिन्न कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। यह जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने दी। उन्होंने कहा कि अटल वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतंत्र और विचारधारा को समर्पित रहा है। अटल स्मृति वर्ष के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। परमार ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल शिमला ग्रामीण में, जबकि प्रदेश महामंत्री, वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद, विधायक एवं पूर्व मंत्रीगण बिलासपुर, चोपल, ज्वालामुखी, ऊना, कांगड़ा, नूरपुर, पालमपुर, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति, सिरमौर और शिमला सहित अनेक क्षेत्रों में कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। इन कार्यक्रमों में अटल की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि, गोष्ठियां, संगोष्ठियां, श्रद्धांजलि सभाएं एवं सुशासन दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अटल स्मृति वर्ष केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने का अवसर है।

## कृषि मंत्री चंद्र कुमार के बयान से प्राथमिक शिक्षक संघ खफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कांगड़ा ने कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार के बयान पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से मंत्री ने नगरोटा सूरियां में प्रदेश के 450 स्कूलों को बंद होने पर शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराया है। इससे प्रदेश के समस्त शिक्षकों के मन को गहरी ठेस पंहुची है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के जो भी स्कूल बंद हुए हैं, उनमें लगातार पदों का खाली रहना या बिना किसी अध्यापक के स्कूलों को चलाने की वजह से स्कूल बंद हुए हैं और इसी वजह से अभिभावकों ने विवश होकर अपने बच्चों को निजी स्कूलों में या पास के किसी दूसरे स्कूल में ले जाते हैं। संघ ने सरकार से प्राथमिक शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की मांग की है। संघ का कहना है कि समस्त हिमाचल प्रदेश में लगभग 4500 पद केवल प्राथमिक स्कूलों में रिक्त चल रहे हैं और लगभग अकेले जिला कांगड़ा में 10 से 11 स्कूल ऐसे हैं जो बिना किसी अध्यापक से चल रहे हैं, साथ में जिला कांगड़ा में लगभग 436 के करीब पद प्राथमिक स्कूलों में खाली चल रहे हैं और सैकड़ों स्कूल एक अध्यापक के सहारे चल रहे है। प्राथमिक शिक्षकों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सभी रिक्त पदों को समय- समय पर भविष्य में भरने के लिए कोई स्थाई योजना बनानी चाहिए और हर एक प्राथमिक पाठशाला में कम से कम 03 अध्यापकों की नियुक्ति सरकार करे, ताकि गरीब परिवारों के बच्चों का भविष्य उज्जवल हो और शिक्षा में गुणवत्ता आए। इस दौरान संघ के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष संजय पीसी, कोषाध्यक्ष अनिल भाटिया, मुख्य संरक्षक जिला प्राथमिक शिक्षक संघ कांगड़ा हरिओम शर्मा, कांगड़ा जिला अध्यक्ष कुलदीप पठानिया, जिला महासचिव दिनेश राणा, जिला कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पीयर असेसमेंट टेस्ट में छात्र पियूष प्रथम व योगेश द्वितीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**अश्विनी** मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक पीयर असेसमेंट टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों में शैक्षणिक रुचि, आत्मविश्वास, आत्ममूल्यांकन तथा सहपाठी-आधारित सीखने की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

यह गतिविधि विद्यार्थियों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और उन्हें अपने अध्ययन स्तर को समझने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। यह कार्यक्रम एक छात्र-नेतृत्व वाली शैक्षणिक पहल के रूप में अंकित कौंडल की स्वैच्छिक पहल पर, विद्यालय प्रशासन की अनुमति एवं सहयोग से आयोजित किया गया।

पीयर असेसमेंट टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रमाण-पत्र, पदक एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, पियूष (कक्षा 9वीं) ने प्रथम स्थान, योगेश (कक्षा 9वीं) ने द्वितीय स्थान, जबकि वंशिका (कक्षा 10वीं) एवं हर्ष (कक्षा 10वीं) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों पर विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी गईं। स्कूल के अध्यक्ष चुन्नीलाल पटरवाल एवं प्रधानाचार्य चित्रंजन कुमार चौहान ने कहा कि इस तरह की शैक्षणिक पहलें छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सहयोग की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## शाहपुर में 21 ग्राम चिट्टे के साथ अमृतसर का युवक काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक तस्कर को 21 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम बुधवार रात को गश्त पर थी और गुप्त सूचना मिली। सूचना मिलते ही सारनू पहुंची पुलिस टीम ने 36 वर्षीय सुमित निवासी खालसा नगर, अमृतसर साल के कब्जे से 21 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर पुलिस थाना शाहपुर में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया या है। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिला पुलिस द्वारा नशे के कारोबारियों पर नकेल कसने के लिए लगातार गश्त व नाकाबंदी तथा गुप्त सूचनाएं एकत्रित की जा रही है। शाहपुर के नजदीक सारनू में उपरोक्त आरोपी को 21 ग्राम चिट्टे के साथ धर दबोचा। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील है कि नशे के सौदागरों की सूचना तुरंत पुलिस को दें-आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## रिक्त पदों के चलते घट रहा स्कूलों में नामांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हाशिए पर है शिक्षकों की पदोन्नति मांग : विजय**

**स्कूल** बंद होने का कारण शिक्षकों की लापरवाही बताने वाला बयान हतप्रभ करने वाला है। शिक्षकों पर 7 प्रकार से निरीक्षण हर वक्त रहता है, जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, डाइट्स, निरीक्षण विंग, जिला और खंड अधिकारी, बीआरसीसी और स्कूल प्रभारी, क्लस्टर प्रभारी, स्विफ्ट चैट ऐप सहित अभिभावक एसएमसी शामिल हैं।

शिक्षा में सुधार और रिक्त पदों पर भर्ती एवं पदोन्नति करवाने में अगर मंत्री योगदान दें, तो शिक्षा का पर्याप्त सुधार हो जाएगा। राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि प्रदेश में इस समय शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हैं। 31 जुलाई, 2025 तक शिक्षा विभाग में प्रधानाचार्य के 900 पद, मुख्याध्यापक के 75 पद, प्रवक्ता वर्ग में करीब 2700 पद, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापक (टीजीटी) में कला के 510 पद, मेडिकल के 270 पद तथा नॉन-मेडिकल के 538 पद रिक्त हैं। भाषा अध्यापक के 31 पद, कला अध्यापक के 339 पद, शारीरिक शिक्षक के 870 पद, शास्त्री के 737 पद, उर्दू अध्यापक के 13 पद, और पंजाबी भाषा अध्यापक के 17 पद मिलाकर 7000 पद रिक्त हैं। पिछले तीन साल में 6000 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं और मार्च 2026 में करीब 5000 शिक्षक सेवानिवृत्त होने का अनुमान है। इसके अलावा 2 साल से प्रिंसिपल प्रमोशन, जेबीटी और सीएंडवी से टीजीटी प्रमोशन भी लंबित है। उधर, 749 टीजीटी को प्रवक्ता प्रमोशन नहीं मिली है।

टीजीटी कैडर में 1318 भर्तियां जारी हैं, मगर अप्रैल माह में टीजीटी और प्रवक्ता के हजारों पद एक साथ रिक्त होने से स्कूलों में स्टाफ की कमी बढ़ जाएगी। स्टाफ अगर उपलब्ध ही नहीं है, तो लोग निजी स्कूलों का रुख करते हैं। पिछले 7 साल में हुई कुल भर्तियों और पदोन्नतियों का जायजा लें तो नामांकन घटने का मुख्य कारण स्कूलों में रिक्त पड़े पद ही हैं और मंत्रियों को इस बात का ज्ञान होना जरूरी है कि स्कूलों के भर्ती पदोन्नति करना शिक्षकों का नहीं अपितु सरकार का ही काम है। सरकारी शिक्षकों की शिक्षण विधियां सृजनात्मक और आधुनिक हैं, मगर इसके लिए स्कूलों में जाकर निरीक्षण करना पड़ता है और शिक्षकों को कोसने की बजाय उनका मनोबल बढ़ाने वाले कदम उठाने पड़ते हैं। प्रदेश में करीब 1313 शिक्षण संस्थान बंद हुए या मर्ज किए गए, लेकिन इसके लिए शिक्षकों को दोषी कहना अनुचित है, क्योंकि शिक्षक सरकारी आदेशों और नीतियों का पालन कर रहे हैं। शिक्षकों की हजार बार फरियाद पर भी रिक्त पदों पर प्रमोशन नहीं करना दर्शाता है कि शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है और उनका हाशियाकरण हो रहा है। बार बार आवेदन मांगकर डीपीसी नहीं की जा रही है और डीपीसी होने पर सूचियां निकालने के लिए भी शिक्षकों को हाईकोर्ट का रुख करना पड़ रहा है।

**विशेष** वन अधिकार कानून, 2006 को लेकर फैली भ्रांतियां की दूर, उद्देश्यों से करवाया परिचित

# जंगल का हकदार वही, जिसका दखल प्रमाणित: संदीप

वन अधिकार कानून, 2006 को लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों, इसके वास्तविक उद्देश्य और हिमाचल प्रदेश में लागू होने की स्थिति पर 'अनंत ज्ञान' ने 'पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट' के डायरेक्टर और 'हिमाचल प्रदेश हिमालय नीति अभियान' के सचिव संदीप मिन्हास से विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं योल के संवाददाता मनोज चंदेल से हुई बातचीत के मुख्यांश-



'पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट' के डायरेक्टर और 'हिमालय नीति अभियान' के सचिव संदीप मिन्हास से अनंत ज्ञान की विशेष बातचीत

**प्रश्नः** आप वन अधिकार कानून, 2006 को किस दृष्टि से देखते हैं? हिमालय नीति अभियान और पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट की इसमें क्या भूमिका है?

**उत्तर :** देखिए, यह ऐतिहासिक कानून अन्याय सुधारने और वन-निर्भर समुदायों को अधिकार देने का कानून है। हिमालय नीति अभियान हिमालयी क्षेत्रों के लिए पर्यावरण-संवेदनशील, जनोन्मुखी नीतियों की वकालत करता है। पीपल फॉर हिमालयन डेवलपमेंट इन नीतियों को जमीनी स्तर पर लागू करने, समुदायों को सशक्त बनाने और ग्राम सभाओं की क्षमता बढ़ाने में भूमिका निभाता है।

**प्रश्नः** लोगों को डर है कि कहीं यह कानून अवैध कब्जों को वैध करने का माध्यम न बन जाए?

**उत्तर :** यह आशंका बिलकुल निराधार है। कानून में कब्जा नहीं, बल्कि दखल शब्द है। केवल 13 दिसंबर, 2005 से पूर्व प्रमाणित दखल वाले ही अधिकार पा सकते हैं। यह कानून नए कब्जे नहीं, बल्कि अन्याय सुधारने के लिए है।

**प्रश्न :** इस कानून के क्रियान्वयन में सरकार की क्या भूमिका है?

**उत्तर :** सरकार सहायक भूमिका निभाती है। ग्राम सभा से दावे उप-जिला, जिला समिति से जांचे जाते हैं। सही पाए जाने पर अभिलेखों में दर्ज कर पट्टा जारी होता है।

**प्रश्न :** इस कानून को लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है?

**उत्तर :** वन अधिकार कानून की मूल इकाई ग्राम सभा है। सरकार की भूमिका प्रशिक्षण व सहयोग की है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी के समर्थन से कार्यशालाएं हुईं। कानून लागू है, अब पहल लोगों को करनी है।

**प्रश्न :** क्या इस कानून के तहत वास्तव में लोगों को अधिकार मिले हैं?

**उत्तर :** आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि वन अधिकार कानून लागू हो चुका है। किन्नौर में 700+ और लाहौल-स्पीति में 300+ व्यक्ति गत अधिकार, पौंग में 68 सामुदायिक दावे निपटाए गए। बंजार में 24 गांवों को सामुदायिक अधिकार, पांगी में कई मंजूर, बैजनाथ में लोग लघु वनोपज बेच रहे। वहीं, सुजानपुर के 34 गांवों ने दावे प्रस्तुत किए।

**प्रश्न :** लोगों को यह क्यों लगता है कि उन्हें कोई लाभ नहीं मिला?

**उत्तर :** इसका मुख्य कारण दावा न प्रस्तुत करना है। दखल का दावा करने पर विचाराधीन रहते सरकारी भूमि से बेदखली लागू नहीं होती।

**प्रश्न :** हिमाचल के संदर्भ में वन अधिकार कानून कितना महत्वपूर्ण है?

**उत्तर :** हिमाचल का लगभग 62 प्रतिशत क्षेत्र वन आच्छादित है, जिसमें 30 प्रतिशत पर वन विभाग का नियंत्रण है। जंगल हिमालयी समाज के लिए जीवन और संस्कृति का आधार हैं। वन अधिकार कानून समुदायों को आजीविका और जंगल संरक्षण की जिम्मेदारी देता है। वैज्ञानिक और नियंत्रित सामुदायिक भागीदारी से औषधीय पौधों का कारोबार 8,000 करोड़ से बढ़कर 22,000-24,000 करोड़ तक पहुंच सकता है, जिससे सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ सुनिश्चित होते हैं।

# सीएसआईआर अरोमा मिशन टीम को मिला राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआईआर) को इसके विशेष इनिशिएटिव, सीएसआईआर अरोमा मिशन के लिए विज्ञान टीम अवॉर्ड (एग्रीकल्चरल साइंस) श्रेणी में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार मिशन द्वारा वैज्ञानिक नवाचार, किसान सशक्तिकरण और सतत आजीविका के माध्यम से भारतीय कृषि को बदलने में किए गए उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। सीएसआईआर इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी, पालमपुर ने विशेष रूप से हिमालय और पहाड़ी क्षेत्रों में मिशन को सफलतापूर्वक लागू करने में महत्वपूर्ण नेतृत्व और क्रियान्वयन भूमिका निभाई। इस मिशन के तहत बेहतर एरोमैटिक फसल किस्में, एग्रोटेक्नोलॉजी, डिस्टिलेशन प्रोसेस और वैल्यू-चेन लिंकेज विकसित किए गए, जिससे किसानों, एंटरप्रेन्योर्स और ग्रामीण समुदायों को प्रत्यक्ष लाभ हुआ। 4500 हेक्टेयर क्षेत्र में उच्च-मूल्य वाली खुशबूदार फसलें जैसे एरोमैटिक मैरीगोल्ड, दमास्क गुलाब, कैमोमाइल, लेमनग्रास, पामारोजा, रोज़मेरी और लैवेंडर की बड़े पैमाने पर खेती की गई। पहाड़ी और समशीतोष्ण क्षेत्रों के लिए क्षेत्र-विशेष एग्रो-टेक्नोलॉजी विकसित की गई, जबकि चंबा जिले में 66 ऑन-फार्म और सामुदायिक स्तर की डिस्टिलेशन यूनिट स्थापित की गई। किसानों, स्वयं सहायता समूह और ग्रामीण युवाओं के लिए क्षमता निर्माण और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए और तेल वैल्यू चेन एवं मार्केट लिंकेज को मजबूत किया गया।

मिशन ने लगभग 4500 किसानों की आय बढ़ाने, फसलों में विविधता लाने, जोखिम कम करने और टिकाऊ कृषि अपनाने में मदद की, जिससे किसानों की आय दोगुनी करने और आत्मनिर्भर भारत तथा सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में योगदान मिला। मिशन से कुल राजस्व लगभग 50 करोड़ रुपए है। सीएसआईआर-आईएचबीटी की वैज्ञानिक और तकनीकी टीमों ने अन्य एसआईआर लैब्स, राज्य सरकारों और उद्योग भागीदारों के साथ मिलकर यह दिखाया कि विज्ञान-आधारित हस्तक्षेप से जमीनी स्तर पर मापने योग्य सामाजिक-आर्थिक प्रभाव डाला जा सकता है। राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 सीएसआईआर अरोमा मिशन की सामूहिक वैज्ञानिक उत्कृष्टता, ट्रांसलेशनल रिसर्च और फील्ड-लेवल प्रभाव की राष्ट्रीय मान्यता है। भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में सुगंधित फसलों पर आधारित कृषि उद्यमों को बढ़ावा देने में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में उभरा है और समावेशी विकास, सतत कृषि और ग्रामीण समृद्धि के लिए विज्ञान और तकनीक का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मांगों को लेकर विधायक किशोरी लाल को सौंपा ज्ञापन

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राष्ट्रीय अनुशासन योजना प्रशिक्षक अध्यापक संघ के शिष्ट मंडल ने विधायक किशोरी लाल से उनके कार्यालय में मुलाकात की और अपनी लंबित मांगों का ज्ञापन सौंपा। राज्य प्रधान ज्ञानसिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य कार्यकारिणी के सदस्य बंसी लाल ठाकुर, संतोष कुमार वर्मा और अमर सिंह भी उपस्थित रहे। ज्ञान सिंह बिष्ट ने केंद्र सरकार के तृतीय वेतन आयोग द्वारा संशोधित वेतनमान के बावजूद दिल्ली और हिमाचल प्रदेश के एनडीएसआई अध्यापकों में वेतन असमानता की गंभीरता बताई और इसकी तत्काल सुधार की मांग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस भिन्नता को दूर करने से राज्य पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा क्योंकि भुगतान की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। विधायक किशोरी लाल ने आश्वस्त किया कि प्रशिक्षक अध्यापकों की मांगों को राज्य सरकार गंभीरता से उठाएगी और प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभाग के समक्ष रखेगी, जिससे अध्यापकों को उनका उचित हक सुनिश्चित किया जा सके।

# कांगड़ा कार्निवाल के होंगे सकारात्मक परिणाम : मुकेश

## बोले- कांगड़ा के क्लचर को बारीकी और नजदीकी से समझने के लिए कार्निवाल होगा सोने पर सुहागा साबित

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**धर्मशाला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की पर्यटन राजधानी कांगड़ा में शिमला और मनाली की ही तरह कांगड़ा वैली कार्निवाल शुरू किया गया है। इसका भविष्य के सालों में बेहद सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इससे कांगड़ा घाटी में भी पर्यटकों को आकर्षित करने, रिझाने और समय बिताने के लिए आकर्षक कार्यक्रमों में शरीक होने का मौका मिलेगा। कांगड़ा के क्लचर को बारीकी और नजदीकी से समझने के लिए यह कार्निवाल सोने पर सुहागा साबित होगा। साथ ही इससे यहां की इकॉनमी पर भी अच्छा खासा सकारात्मक असर देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि मैराथन लोगों को फिट रखने में मददगार साबित होगी, इसलिए वे यही नारा देंगे कि दौड़ो दौड़ो और 15 लाख जीतो।

### 31 को 12 बजे तक होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मुकेश** अग्निहोत्री ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम जहां सामान्य दिनों में रात के 10 बजे तक ही आयोजित होंगे। वहीं, न्यू ईयर के आगमन पर इसे 12 बजे तक कर दिया जाएगा, ताकि नए साल की सेलिब्रेशन के लिए आए लोगों के लिए मनोरंजन करने का भी वक्त मिल जाए और सेलिब्रेशन भी खूब हो।



कांगड़ा कार्निवाल 2025 के तहत आयोजित मैराथन को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने साई स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, धावकों का बढ़ाया उत्साह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा कार्निवाल 2025 के तहत आयोजित मैराथन को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने साई स्टेडियम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुकेश ने प्रतिभागी धावकों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को नशे से दूर रखने, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कांगड़ा कार्निवाल न केवल जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है, बल्कि खेल एवं स्वास्थ्य से जुड़े आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश भी देता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। मैराथन के दौरान पूरे मार्ग पर सुरक्षा, यातायात तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था की गई थी, जिससे आयोजन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मैराथन साई स्टेडियम से सर्किट हाउस, कोतवाली बाजार, खनियारा, रक्कड़, दाड़ी होते हुए वापस साई स्टेडियम में समाप्त हुई। पूरे रूट पर जगह-जगह शहरवासियों ने धावकों का उत्साह बढ़ाया। उल्लेखनीय है कि इस मैराथन में देश के विभिन्न राज्यों से आए धावकों ने भी भाग लिया, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर की पहचान मिली और कांगड़ा कार्निवाल की गरिमा और बढ़ी।

## धर्मशाला मैराथन से खेल पर्यटन के मानचित्र पर बनेगा विशेष स्थान : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा कार्निवाल 2025 के अंतर्गत आयोजित मैराथन के समापन समारोह में डीसी हेमराज बैरवा ने विजेता धावकों को पुरस्कार वितरित किए। इस दौरान आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल, अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार, परियोजना अधिकारी डीआरडीए भानु प्रताप सिंह भी उनके साथ उपस्थित थे। डीसी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धर्मशाला मैराथन भविष्य में अंतरराष्ट्रीय पहचान बना सकती है। जिस प्रकार बोस्टन मैराथन ने बोस्टन शहर को वैश्विक पहचान दिलाई है, उसी तरह आने वाले वर्षों में धर्मशाला भी मैराथन के माध्यम से खेल पर्यटन के मानचित्र पर विशेष स्थान बना सकती है। इससे न केवल युवाओं को खेलों की ओर प्रेरणा मिलेगी, बल्कि पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। डीसी ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में धर्मशाला मैराथन और अधिक भव्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का आयोजन बनेगा, जिससे धर्मशाला की पहचान खेल पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित होगी।



मैराथन में देश-विदेश के धावकों की रही भागीदारी। डीसी ने वितरित किए पुरस्कार।

### फुल मैराथन में त्सेगाये और अर्पिता सैनी फर्स्ट

**ओपन** पुरुष वर्ग की फुल मैराथन मे त्सेगाये पहले स्थान पर, मनजीत सिंह दूसरे स्थान पर, जबकि अर्जुन प्रधान तीसरे और मनोज कुमार सिंह चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा ओपन महिला वर्ग की फुल मैराथन में अर्पिता सैनी पहले, फायरह्विट दूसरे और टेनजिन डोल्मा तीसरे स्थान पर रही। 35 से 44 वर्ष पुरुष वर्ग में आकाश कुमार पहले बीर बहादुर राय दूसरे और संदीप कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 35 से 44 वर्ष महिला वर्ग में सीमा पहले स्थान पर, दीप्ति रानी दूसरे स्थान पर तथा मुकेश कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं।

### 55 वर्ष से अधिक के महिला वर्ग में दिव्या प्रथम

**45** से 55 वर्ष के पुरुष वर्ग में विजय कुमार पहले, बसंत प्रधान दूसरे और मुकेश कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 45 से 55 वर्ष के महिला वर्ग में दिव्या चेत्री पहले स्थान पर रहीं, जबकि 55 वर्ष से अधिक के पुरुष वर्ग में चरण सिंह पहले तारा चंद दूसरे और कैप्टन सुरेश चंद तीसरे स्थान पर रहे। 55 वर्ष से अधिक के महिला वर्ग में दिव्या वशिष्ठा ने पहला स्थान हासिल किया।

## धर्मशाला मैराथन में अव्यवस्थाओं का आरोप सात प्रतिभागियों ने ट्रैक पर बैठकर जताया रोष



मैराथन में दौड़ने का मौका न मिलने पर ट्रैक पर बैठकर विरोध जाते कुछ प्रतिभागी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**कांगड़ा** वैली कार्निवाल के तहत आयोजित धर्मशाला मैराथन के दौरान उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब मैराथन में भाग लेने आए सात प्रतिभागियों को दौड़ में शामिल नहीं किया गया। इस पर संबंधित प्रतिभागी ट्रैक पर बैठ गए और आयोजकों पर गंभीर आरोप लगाए। प्रतिभागियों का कहना है कि उन्होंने समय पर रजिस्ट्रेशन करवाया और निर्धारित शुल्क भी जमा करवाया, लेकिन दौड़ के दिन उनका नाम सूची में नहीं पाया गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि आयोजकों की ओर से किसी भी प्रकार की पूर्व सूचना या स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई, जिसके कारण वे मैराथन में भाग नहीं ले सके। प्रतिभागियों ने बताया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से सुबह करीब चार बजे धर्मशाला पहुंचे थे। जब उन्होंने आयोजकों से संपर्क किया तो उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। बार-बार आग्रह करने के बावजूद उनकी बात नहीं सुनी गई, जिससे मजबूर होकर उन्होंने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए ट्रैक पर बैठने का निर्णय लिया। प्रतिभागियों का कहना है कि मीडिया के हस्तक्षेप के बाद आयोजकों की ओर से शुल्क वापसी (रिफंड) की बात कही गई, लेकिन वे पैसे वापस लेने नहीं, बल्कि मैराथन में हिस्सा लेने आए थे। उन्होंने कहा कि वे अपनी बात उपमुख्यमंत्री के समक्ष रखना चाहते थे, लेकिन उनसे भी मुलाकात नहीं हो सकी।

**हमारी** तरफ से सूचित किया गया था कि 24 दिसंबर को अपना टी-शर्ट व वीव नंबर ले लें। यह नंबर स्कैन के माध्यम से निकल रहा था। यह उन्हें प्रदान कर दिया गया था, जबकि वीव नंबर दे रहे थे। 1000 के करीब लोगों ने मैराथन से एक दिन पहले ही यह नंबर ले लिया था, जो कि रात तक प्रदान किया जा रहा था। संबंधित युवकों के पास पंजीकरण नहीं था और वे दौड़ने के लिए कहने लगे। ऐसे में तय मापदंडों के बीच यह सब नहीं किया जा सकता।

**-सुरेंद्र कुमार कटोच, ज्वॉइंट कमिश्नर, नगर निगम धर्मशाला।**

## अंकित तिवारी के नाम कार्निवाल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या

### तेरी गलियां जैसे सुपरहिट गीतों की लड़ियां पिरोने से पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**कांगड़ा** वैली कार्निवाल 2025 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक अंकित तिवारी के नाम रही। अंकित तिवारी ने अपनी लाइव प्रस्तुति से हजारों दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आलम यह था कि अंकित की मखमली आवाज के कायल युवा, उनकी परफार्मेंस तक कुर्सियां से चिपके रहे। अंकित द्वारा गलियां, सुन रहा है, तेरी गलियां जैसे सुपरहिट गीतों की लड़ियां पिरोने से पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा। उनकी आवाज और भावनात्मक गायकी ने युवाओं के साथ-साथ हर आयु वर्ग के दर्शकों का दिल जीत लिया। आयोजकों के अनुसार, अंकित तिवारी की प्रस्तुति कांगड़ा वैली कार्निवाल की अब तक की सबसे यादगार संध्याओं में से एक रही। अपने गीतों से युवाओं के दिलों में जगह बनाने वाले अंकित की परफार्मेंस देखने युवाओं की खासी भीड़ उमड़ी थी। जब अंकित स्टेज पर परफार्म कर रहे थे, तो पंडाल में बैठे युवा, उनसे जोर-जोर से गानों की फरमाइश भी करते नजर आए।



कांगड़ा वैली कार्निवाल 2025 की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते कलाकार।

### सूफी एवं ग्लैमर इवनिंग के साथ लिटरेचर फेस्टिवल आज

**कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार होंगे मुख्य अतिथि**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा वैली कार्निवाल के तीसरे दिन शुक्रवार सायं 5 बजे से विशेष सूफी एवं ग्लैमर इवनिंग का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम में फैशन परेड, कुल्लू नाटी एवं लाहौल नाटी जैसी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इस अवसर पर कंवर ग्रेवाल प्रसिद्ध पंजाबी सूफी गायक, गीतकार और संगीतकार विशेष आकर्षण रहेंगे। कांगड़ा वैली कर्निवाल लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक ऑडिटोरियम, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज धर्मशाला में किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कविता, गज़ल व लघुकथा सत्र, रंगमंचीय प्रस्तुतियां, माइम एक्ट, पैनल चर्चा, स्किट तथा संगीत सत्र आयोजित किए जाएंगे। पैनल चर्चा में साहित्य, समाज और तकनीक के अंतर्संबंधों पर विचार-विमर्श होगा। उन्होंने बताया कि सायं 4:30 बजे से 5 बजे तक समापन सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें खुली अभिव्यक्तियां, सामूहिक सम्मान तथा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन होगा।

## हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स के हित में एकता व समन्वय की सामायिक आवश्यकता : भंडारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**प्रदेश** पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के शीर्ष पदाधिकारियों से यह अपेक्षा ही नहीं, बल्कि समय की मांग है कि वे संकीर्ण गुटबाजी, गिले-शिकवे और व्यक्तिगत अहंकार से ऊपर उठकर पेंशनर्स के हित में एकता का परिचय दें। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन व हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के साथ मिलकर जो सार्थक, सकारात्मक एवं आशाजनक संवाद 17 दिसंबर को अखिल भारतीय पेंशनर्स दिवस के अवसर पर घुमारवीं (बिलासपुर) में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में स्थापित हुआ, उसे और अधिक संगठनात्मक मजबूती देने की आवश्यकता है। प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट के राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण होगा यदि इस ऐतिहासिक अवसर से उपजी आशाओं को आपसी मतभेदों की भेंट चढ़ा दिया जाए। पेंशनर्स का सवाल किसी एक संगठन, व्यक्ति या राजनीतिक धड़े का नहीं, बल्कि लाखों बुजुर्गों के सम्मानजनक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है। पेंशनर्स का असली हित सरकार से प्रत्यक्ष, संस्थागत और पारदर्शी संवाद में निहित है, जहां समन्वय, सहयोग, संवाद और सौहार्दपूर्ण वातावरण के माध्यम से ठोस समाधान निकाले जा सकें।

प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के शीर्ष पदाधिकारी और नेता आगे बढ़कर, खुले मन से, बिना किसी पूर्वाग्रह के एक मंच पर आएं और सरकार के साथ स्थापित संवाद की प्रक्रिया को निरंतर, मजबूत और परिणामोन्मुख बनाएं। विभाजन नहीं, बल्कि संयुक्त शक्ति ही पेंशनर्स की आवाज को निर्णायक बना सकती है। कल्याण भंडारी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि संयुक्त संघर्ष समिति के शीर्ष नेतृत्व में इस दिशा में साहसिक, सकारात्मक और सार्थक पहल देखने को मिलेगी।

## बिजली समस्याओं का जल्द समाधान करें अधिकारी: कमलेश

### 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में पंचायत ठठलेहड़ के लोगों ने रखीं ने सड़क, पानी और बिजली की समस्याएं

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**देहरा।** प्रदेश सहित विधानसभा क्षेत्र देहरा के समस्त लोगों को उनके घर-द्वार पर सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं से लाभान्वित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कर क्षेत्र के लोगों को सरल, सुगम व सुव्यवस्थित सुविधाएं प्रदान करने का अतुलनीय उदाहरण है 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम। यह बात विधायक कमलेश ठाकुर ने पंचायत ठठलेहड़ में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यकम की अध्यक्षता करते हुए कही।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क, पानी और बिजली से संबंधित समस्याएं रखीं। विधायक ने पंचायत ठठलेहड़ के आंगन को पक्का करने के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विद्युत बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली संबंधी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की परीक्षा के समय चल रहा हैं क्षेत्र की बिजली किसी भी स्थिति में नहीं जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मार्च माह तक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। सिंगल फेज लाइन को थ्री फेज लाइन में शीघ्र परिवर्तित किया जाएगा तथा खंभों की लाइनमेंट को ठीक करने के लिए भी संबंधित विभाग को निर्देश दिए।



विधायक कमलेश ठाकुर ने पंचायत ठठलेहड़ के आंगन को पक्का करने के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की।

### ओवरहेड टैंक का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**विधायक** कमलेश ने जल शक्ति विभाग को पंचायत में ओवरहेड टैंक का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। पंचायत में श्मशानघाट में नल की व्यवस्था तथा आवश्यक कार्यों के लिए धनराशि स्वीकृत करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने डिडू-खू नाला श्मशानघाट के रास्ते की समस्या को भी हल करने का आश्वासन दिया। कमलेश ने कहा कि सड़कों की मरम्मत, चौड़ीकरण एवं निर्माण से संबंधित मांगों पर विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर जल्द ही समाधान किया जाएगा। विधायक ने लोगों की जन समस्याएं सुनीं तथा शिकायतों से संबंधित विभाग के अधिकारी को समस्या का समाधान निकालने के निर्देश दिए।

**क्रिसमस** स्थानीय लोगों व देशभर से आए पर्यटकों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया

## सेंट जॉन चर्च में क्रिसमस की धूम

राज शर्मा, अनंत ज्ञान

**मैक्लोडगंज।** इंटरनेशनल टूरिस्ट डेस्टीनेशन मैक्लोडगंज के समीप फरसेटगंज स्थित सेंट जॉन चर्च आफ वाइल्डरनेस में वीरवार को क्रिसमस मनाई गई। स्थानीय लोगों के साथ-साथ देशभर से आए हजारों पर्यटकों ने प्रार्थना सभा में भाग लिया। चर्च परिसर मोमबत्तियों की रोशनी, प्रार्थनाओं और उत्सव के रंगों से सराबोर नजर आया।

चर्च के पादरी विक्टर खोजी ने मोमबत्ती जलाकर यीशु मसीह को दुनिया के लिए प्रकाश बताते हुए शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। प्रार्थना सभा के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने मोमबत्तियां जलाकर यीशु के जन्म का जश्न मनाया। पादरी विक्टर खोजी ने बताया कि क्रिसमस के अवसर पर बड़ी संख्या में नए लोग चर्च पहुंचे हैं, जो स्वेच्छा से प्रार्थना सभा में शामिल गुड़गांव से पहुंचे पर्यटक सुशील पीटर ने बताया कि वे बुधवार को मैक्लोडगंज घूमने आए थे और उनकी इच्छा थी कि वे क्रिसमस सेंट जॉन चर्च में ही मनाएं। उन्होंने कहा कि यीशु ने उन्हें यहां आने का अवसर दिया और आज सभी लोगों ने मिलकर प्रार्थना की। धर्मशाला निवासी अंतरराष्ट्रीय कलाकार मुकेश थापा ने कहा कि क्रिसमस ऐसा त्योहार है, जिसे हर कोई पूरे उत्साह के साथ मनाता है। धर्मशाला की रहने वाली नंदा शाही ने बताया कि वे हर त्योहार पर अलग-अलग भेष-भाषाएं पहनकर उत्सव मनाती हैं। इस बार वे पूरे परिवार के साथ चर्च पहुंचीं। उन्होंने कामना की कि जिस तरह क्रिसमस पर दीपक चमकते हैं, उसी तरह सभी की जिंदगी में भी उजाला और खुशियां बनी रहें।



पर्यटकों ने मोमबत्तियां जलाकर यीशु मसीह के जन्म का जश्न मनाया।

### दलाईलामा बौद्ध मठ मार्ग पर जाम, पर्यटक परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सेंट जॉन चर्च ऑफ वाइल्डरनेस में क्रिसमस मनाने पहुंचे पर्यटकों को भारी जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। होटल व्यवसायियों के अनुसार, क्रिसमस के दौरान धर्मशाला में पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ जाती है, लेकिन इसी दिन सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया, जिससे अव्यवस्था फैल गई। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी, धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान ने बताया कि दलाईलामा मंदिर मार्ग पर यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त रहा और कहीं भी ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मी तैनात नहीं थे। पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची थी। उन्होंने कहा कि तकटेन हाउस के पास सड़क मरम्मत का कार्य क्रिसमस से ठीक एक दिन पहले शुरू किया गया, जब पर्यटकों की भीड़ चरम पर होती है। इससे पर्यटकों, स्थानीय लोगों और आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई।

## आज से पुलिस भर्ती का स्क्रीनिंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस की ओर से पुलिस भर्ती 2024 के तहत जिला कांगड़ा में अस्थाई रूप से चयनित 232 अभ्यर्थियों (147 पुरुष, 62 महिला, 3 स्पोर्ट्स पर्सन व 20 एक्ससर्विसमैन) के लिए हेरोइन/चिट्टा (नारकोटिक ड्रग्स) स्क्रीनिंग टेस्ट का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसको लेकर विभाग द्वारा बकायदा पत्र भी जारी किया है। इस बारे में पुलिस जिला कांगड़ा के एसपी अशोक रत्न ने बताया कि शुक्रवार से शुरू होने वाली इस प्रकिया के लिए चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस चौकी टांडा में पहुंचना होगा। यह मेडिकल टेस्ट परीक्षा का अनिवार्य हिस्सा है। इस प्रकिया के लिए अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेज, फोटो, व मेडिकल शुल्क के साथ पहुंचना अनिवार्य है। अनुपस्थिति या नियमों का पालन न करने पर चयन प्रकिया प्रभावित हो सकती है। यह टेस्ट 26 से 31 दिसंबर तक करवाया जाएगा। जारी सूची के तहत अभ्यर्थियों को टैस्ट प्रकिया के लिए बुलाया गया है।

## आयुष मंत्री गोमा ने नवाजे मेधावी

### डीएवी स्कूल में वार्षिक समारोह आयोजित, रिटेनिंग वॉल लगाने को 5 लाख देने की घोषणा की



डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर के वार्षिक समारोह में आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा रहे मुख्यातिथि।

नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान

**जयसिंहपुर।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर में आयोजित वार्षिक समारोह में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

समारोह में स्कूल के छात्रों की ओर से शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में सालभर किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाया। यादविंद्र गोमा ने इस अवसर पर छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा और महत्वपूर्ण दिशा प्रदान की। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी सिखाती है। गोमा ने शिक्षा के क्षेत्र में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल आलमपुर के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों की कड़ी मेहनत सराहनीय है, जिन्होंने छात्रों को हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम छूने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान किया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन समिति ने मुख्य अतिथि को कार्यक्रम में उपस्थित होने और छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए सम्मानित किया।

मंत्री ने स्कूल के साथ रिटेनिंग वॉल लगाने के लिए 5 लाख जारी करने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय के वार्षिक समारोह की विभिन्न गतिविधियों के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

## न्यूज ब्रीफ

### स्टेट चैंपियनशिप के लिए कबड्डी टीम का ट्रायल 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही पुरुषों की राज्यस्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप आगामी 4, 5 व 6 जनवरी को कांगड़ा जिला की नूरपुर तहसील स्थित विद्यापति इंटरनेशनल स्कूल मालकवाल में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला बिलासपुर की कबड्डी टीमों के चयन ट्रायल 28 दिसंबर रविवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय घुमारवीं के खेल मैदान में आयोजित किए जाएंगे। बिलासपुर जिला कबड्डी एसोसिएशन के महासचिव ओम प्रकाश वशिष्ट ने बताया कि ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होंगे और इसमें जिला बिलासपुर के पात्र खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरुष खिलाड़ियों के लिए अधिकतम भार सीमा 85 किलोग्राम तय की गई है, जबकि महिला वर्ग के लिए यह सीमा 75 किलोग्राम है। केवल वही खिलाड़ी ट्रायल में शामिल हो सकेंगे, जो इन मानकों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों का चयन खेल प्रदर्शन, फिटनेस, तकनीकी दक्षता और अनुशासन के आधार पर किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी ही जिला बिलासपुर की ओर से राज्यस्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने खिलाड़ियों से अपील की कि वे समय पर उपस्थित होकर ट्रायल में भाग लें और अपने साथ आवश्यक पहचान पत्र अवश्य लाएं।

### महिलाओं पर एफआईआर, भाजपा ने जताई नाराजगी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यान ने बरमाणा के लघट गांव में नशे पर नियंत्रण के लिए कार्यरत महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सराहनीय मुहिम के लिए उन्हें ईनाम मिलना चाहिए था, लेकिन उनके खिलाफ केस बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्वतंत्र सांख्यान ने बताया कि चिट्टे जैसे नशे का बढ़ता प्रचलन चिंताजनक है और बच्चों व युवाओं का जीवन प्रभावित हो रहा है। बरमाणा की महिलाएं इस नशे से युवाओं को बचाने के लिए रात-दिन पहरा दे रही हैं। उनका मनोबल बढ़ाना चाहिए था, न कि उनके खिलाफ कार्रवाई करना। उन्होंने सरकार और प्रशासन से अपील की कि महिलाओं पर दर्ज एफआईआर तुरंत रद्द की जाए, ताकि समाज का हर वर्ग नशे के खिलाफ मुहिम में सक्रिय रूप से भाग ले सके।

### आत्रेय आयुर्वेद वेलनेस पंचकर्म रिजॉर्ट का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत तलवाड़ा में आत्रेय आयुर्वेद पीठ/आयुर्वेद वेलनेस पंचकर्म रिजॉर्ट का बुधवार को उद्घाटन हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने किया। उद्घाटन समारोह व्यास विहार, तलवाड़ा में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन और समृद्ध चिकित्सा पद्धति है, जो वैश्विक स्तर पर पहचान बना रही है। ऐसे वेलनेस केंद्र लोगों को प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराएंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत तलवाड़ा के प्रधान धनी राम वर्मा उपस्थित रहे। आत्रेय आयुर्वेद पीठ के निदेशक डॉ. अभिषेक शर्मा ने बताया कि रिजॉर्ट में अनुभवी चिकित्सकों के तहत पंचकर्म चिकित्सा, प्राकृतिक उपचार और स्वास्थ्य संवर्धन सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

### झंडूता में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** झंडूता खंड के मंडल गेहड़वीं अंतर्गत ठाकुरद्वारा मंदिर (जज्जर-कल्याड़े) परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन बड़े उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। कार्यक्रम में लगभग 350 लोग शामिल हुए और महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण भक्तिमय बना। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता पूजन और तुलसी माता पूजन के साथ हुआ, जिसके बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बचन सिंह, सागर चंदेल और कृष्ण सिंह चंदेल ने की। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'पंच परिवर्तन' अभियान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदू समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने के लिए एकजुट होना आवश्यक है। उन्होंने 'स्व का बोध' और 'कुटुंब प्रबोधन' के महत्व पर भी प्रकाश डाला। समापन अवसर पर आयोजकों ने सभी उपस्थित लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की। सम्मेलन के सफल आयोजन से क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखा गया।

### कटवाल ने वाजपेयी को अर्पित की श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भाजपा कार्यालय झंडूता में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक जीतराम कटवाल ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान राष्ट्रपुरुष, लोकतंत्र के सजग प्रहरी और दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अटल जी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को आगे बढ़ा रही है। इसके बाद विधायक ने अपनी निधि से निर्माणाधीन महिला मंडल भवन गहरी (मेखवी) का भी निरीक्षण किया।

### झंडूता में प्राकृतिक खेती से अमरूद उत्पादन सफल

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** एचपी शिवा परियोजना के तहत झंडूता पंचायत के झंडू गांव में प्राकृतिक खेती से अमरूद उत्पादन सफल हो रहा है। विधायक जीतराम कटवाल की पहल पर लगाए गए अमरूद के पौधों में अब फल आने लगे हैं। वीरवार को विधायक ने प्राकृतिक खेती से तैयार फ्रंट लाइन डेमोंस्ट्रेशन बगीचे का निरीक्षण कर किसानों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत बिना रासायनिक खाद और कीटनाशकों के खेती की जा रही है, जिससे किसानों की आय बढ़ाने का लक्ष्य है। यह बगीचा न केवल किसानों के लिए प्रशिक्षण केंद्र बन रहा है, बल्कि प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। निरीक्षण के दौरान भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# विश्राम गृहों का अभाव, कर्मचारी-आमजन परेशान

## बिलासपुर में रात्रि विश्राम की सुविधा सिमटी, निजी होटलों पर निर्भर लोग

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर नगर के निर्माण के दौरान 1960 के दशक में पर्यटकों, कर्मचारियों, अधिकारियों, विधायकों, मंत्रियों तथा अन्य विशिष्ट व्यक्तियों के लिए विभिन्न श्रेणियों के विश्राम गृहों का निर्माण किया गया था। उस समय प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए अलग-अलग विश्राम गृह उपलब्ध कराए गए थे, ताकि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों को सस्ती और सुलभ रात्रि विश्राम सुविधा मिल सके।

समय के साथ इनमें से कई विश्राम गृहों को अन्य विभागीय कार्यों के लिए आबंटित कर दिया गया, जिसके चलते आम लोगों और कर्मचारियों को रात्रि विश्राम की सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए बना विश्राम गृह वर्षों पूर्व दूरदर्शन केंद्र को आबंटित कर दिया गया,



सर्किट हाउस बिलासपुर

जबकि इसके बदले कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई।

नगर विकास सभा के संयोजक राम पाल डोगरा और पूर्व कर्मचारी नेता राम कृष्ण शर्मा ने बताया कि लोक निर्माण विभाग का एक विश्राम गृह नगर के दक्षिणी छोर धौलरा में स्थित है, जो अधिकतर सरकारी कार्यक्रमों के कारण जिला प्रशासन के अधीन ही रहता है। इसके अतिरिक्त नगर में स्थित परिधि गृह भी प्राय: विधायकों, मंत्रियों, सांसदों और उच्च अधिकारियों के नाम आरक्षित रहता है, जिससे आम लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाता।

उन्होंने यह भी बताया कि कोरियां सेक्टर में स्थित टूरिस्ट होस्टल की सुविधा भी समाप्त कर दी गई, लेकिन उसके स्थान पर कोई नया भवन या वैकल्पिक व्यवस्था विकसित नहीं की गई। जब इन विश्राम गृहों को अन्य कार्यों के लिए आबंटित किया गया था, उस समय कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया था और उन्हें आश्वासन दिया गया था कि इसके बदले नए विश्राम गृह बनाए जाएंगे, किंतु वर्षों बीत जाने के बावजूद यह आश्वासन आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

परिणामस्वरूप कर्मचारियों, पेंशनरों और आम नागरिकों को निजी होटलों में महंगे किराए पर ठहरने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि परिधि गृह के समीप चंगर सेक्टर में किसी उपयुक्त स्थल पर एक बहुमंजिला विश्राम गृह के निर्माण के आदेश शीघ्र जारी किए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

# नववर्ष मेले की तैयारियां तेज, श्री नयना देवी में सुरक्षा-सुविधा पर फोकस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

श्री नयना देवी जी मंदिर में नववर्ष मेले के सफल आयोजन तथा श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वीरवार को उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में वर्चुअल माध्यम से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला अवधि के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छता तथा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने बताया कि मेले के सुचारु संचालन के लिए एसडीएम श्री नयना देवी को मेला अधिकारी तथा तहसीलदार को सहायक मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए एसडीपीओ श्री नयना देवी को पुलिस मेला अधिकारी और थाना प्रभारी कोट को सहायक पुलिस मेला अधिकारी बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र को 9 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिनमें से 5 प्रमुख सेक्टरों में सेक्टर मजिस्ट्रेट

**यातायात, स्वच्छता और भीड़ प्रबंधन की विस्तृत योजना तैयार**

एवं पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मेला क्षेत्र की निरंतर निगरानी की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विस्तृत यातायात योजना तैयार की गई है। केवल चिन्हित स्थलों पर ही वाहन पार्किंग की अनुमति होगी ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो। भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उपायुक्त ने नगर परिषद व संबंधित विभागों को मेला क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति से निपटने के लिए मेला क्षेत्र में 3 स्थायी और 2 अस्थायी स्वास्थ्य जांच शिविर स्थापित किए जाएंगे, जबकि एंबुलेंस सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी। श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध करवाने के लिए प्रभावी कतार प्रबंधन किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

# एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स घुमारवीं का वार्षिक महोत्सव संपन्न

**अनंत ज्ञान घुमारवी**



एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स घुमारवी का वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र कार्यवाह, उत्तर क्षेत्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ किस्मत कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि अध्यक्षता राकेश भारद्वाज, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश ने की। महोत्सव में राजेंद्र गर्ग तथा केके सकलानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर भूपेंद्र जसवाल ने संस्था की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं भावी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि एमबीएस इंटेलेक्चुअल्स विद्यार्थियों में संस्कार, सही चिंतन और व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक परिवर्तन व्यक्ति निर्माण से आता है। अध्यक्षीय संबोधन में राकेश भारद्वाज ने कहा कि यह संस्थान युवाओं को बौद्धिक विकास के साथ नैतिक मूल्यों से जोड़कर देश सेवा के लिए तैयार कर रहा है। वहीं केके सकलानी ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए समाज में चलाए जा रहे जन-जागरूकता अभियानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक एवं बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

# मुख्यमंत्री बिलासपुर में विभिन्न परियोजनाओं का आज करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 26 दिसंबर को जिला बिलासपुर के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास भी करेंगे। जानकारी देते हुए एक विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री 26 दिसंबर को प्रात: 10:45 बजे एम्स हेलीपैड बिलासपुर पहुंचेगे तथा प्रात: 10:55 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) बिलासपुर के परिसर से सिंथेटिक ट्रैक लुहणू मैदान तक आयोजित की जा रही एंटी चिट्टा वॉकाथॉन का नेतृत्व करेंगे।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री 12:40 बजे उपायुक्त कार्यालय के समीप पहुंचेंगे तथा बिलासपुर शहर के लिए निर्मित होने वाली वॉटर एंड सेनिटेशन परियोजना तथा पुलिस लाइन बिलासपुर में निर्मित होने वाले स्टाफ क्वार्टर की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री पुलिस अधीक्षक कार्यालय बिलासपुर पहुंचेगे तथा सीसीटीवी मैट्रिक्स इंस्टॉलेशन के अंतर्गत बिलासपुर एवं घुमारवीं नगर क्षेत्र के लिए पीएमकेकेकेवाई स्कीम के तहत डीएमएफटी (नेत्रम् सर्विलांस व क्राइम रिस्पांस सेंटर) का उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री का 2:25 बजे एम्स हेलीपैड से वापसी का कार्यक्रम है।

# सीएम सुक्खू के नेतृत्व में बिलासपुर से उठेगा नशामुक्त हिमाचल का संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशे के विरुद्ध जिस दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी सोच के साथ प्रदेशव्यापी अभियान की शुरुआत की है, उसने पूरे हिमाचल में एक नई चेतना और उम्मीद का संचार किया है। इसी सोच का सशक्त संदेश लेकर 26 दिसंबर को बिलासपुर एक ऐसा ऐतिहासिक अध्याय लिखने जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगा।

**26 को हजारों युवा करेंगे नशा मुक्त हिमाचल का समर्थन**

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शुरू किया गया 'चिट्टा अगेंस्ट अभियान' अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि यह जन आंदोलन का रूप ले चुका है। मुख्यमंत्री स्वयं इस मुहिम की अगुवाई कर रहे हैं और प्रदेश के हर जिले में इसे जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। बिलासपुर में होने वाला आयोजन इस अभियान की सबसे सशक्त कड़ी बनने जा रहा है। इस विशाल वॉकथॉन एवं जनजागरूकता अभियान में 15 से 20 हजार युवाओं की भागीदारी संभावित है। युवाओं की यह ऐतिहासिक एकजुटता न केवल नशे के सौदागरों को कड़ा संदेश देगी, बल्कि यह भी साबित करेगी कि मुख्यमंत्री की अपील पर प्रदेश का युवा वर्ग नशामुक्त हिमाचल के संकल्प के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

बिलासपुर जिला प्रशासन भी मुख्यमंत्री के इस संकल्प को जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह तैयार है। उपायुक्त राहुल कुमार के नेतृत्व में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई हैं, वहीं पुलिस अधीक्षक संदीप धवल के नेतृत्व में सुरक्षा और अनुशासन को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई है। प्रशासन और पुलिस का यह समन्वय मुख्यमंत्री की मंशा को सफल बनाने की मजबूत बुनियाद बन रहा है। बिलासपुर वासी इस आयोजन के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को यह स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि उनकी सोच, साहस और संकल्प के साथ पूरा जिला मजबूती से खड़ा है।

# डॉक्टरों के बिना चल रहा बस्सी आयुर्वेदिक अस्पताल

**राकेश चंदेल, अनंत ज्ञान**

**स्वारघाट।** श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र की समिति पंचायत बस्सी में स्थित आयुर्वेदिक अस्पताल में पिछले लगभग दो महीनों से दो चिकित्सकों के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। चिकित्सकों की अनुपस्थिति में यह अस्पताल केवल एक फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स के सहारे संचालित किया जा रहा है, जो बढ़ती मरीज संख्या के सामने नाकाफी साबित हो रहा है।

यह आयुर्वेदिक अस्पताल क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के लिए प्राथमिक उपचार का प्रमुख केंद्र है। अस्पताल में 10 बिस्तरों की सुविधा भी मौजूद है, लेकिन चिकित्सकों के बिना यह व्यवस्था केवल नाम मात्र की रह गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन की उदासीनता के चलते इस महत्वपूर्ण चिकित्सा संस्थान को लगभग राम भरोसे छोड़ दिया गया है।

**2 हजार से अधिक आबादी स्टाफ नर्स और फार्मासिस्ट के सहारे**

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यहां पहले तैनात आयुर्वेदिक चिकित्सकों को डेपुटेशन पर अन्य स्थानों पर भेज दिया गया, जिसके बाद से अस्पताल में चिकित्सकीय सेवाएं ठप हैं। विडंबना यह है कि यह अस्पताल आज भी किराए के कमरों में संचालित हो रहा है, बावजूद इसके यहां आसपास की 2 हजार से अधिक आबादी उपचार के लिए इसी अस्पताल पर निर्भर है।

डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को मजबूरन पंजाब के निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की अतिरिक्त मार झेलनी पड़ रही है। लोगों ने मांग की है कि इस आयुर्वेदिक अस्पताल में शीघ्र स्थायी चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# गौरव शर्मा ने महिला मंडल को दी आवश्यक सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पनोह वार्ड से जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा ने जय माता बडोल देवी महिला मंडल को अपनी निधि से आवश्यक सामग्री प्रदान कर महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय कदम उठाया है। उन्होंने महिला मंडल को 90 कुर्सियां, 60 गद्दे, 5 दरियां, एक ढोलक व चिमटा उपलब्ध करवाए, जिससे मंडल की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई।

इस अवसर पर महिला मंडल की प्रधान कौशल्या देवी ने बताया कि मंडल को सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए लंबे समय से इन मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता थी। अब तक महिलाओं को सामग्री टेंट हाउस से मंगवानी पड़ती थी, जिससे अतिरिक्त खर्च और असुविधा होती थी। सामग्री उपलब्ध होने से मंडल को बड़ी राहत मिलेगी और कार्यक्रमों का आयोजन आसानी से किया जा सकेगा। महिला मंडल की प्रधान सहित सभी सदस्यों ने जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी महिला हितों से जुड़ी योजनाओं में इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। महिला मंडल ने इस पहल को क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक कदम बताया।

# समोह स्कूल में मनोविज्ञान शिविर पूर्व सैनिकों ने अनुभव किए साझा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



मनोविज्ञान शिविर में पूर्व सैनिक तथा बच्चे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समोह में मनोविज्ञान शिविर का विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त उप निदेशक और पूर्व सैनिक राजकुमार ने बच्चों को सेना के जीवन, कार्यप्रणाली और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी।

सेवानिवृत्त कैप्टन संजय कुमार ने भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान की कहानियों से बच्चों को अवगत कराया और उन्हें डिप्रेशन से बचने के टिप्स भी दिए। कार्यक्रम में बच्चों को सेना के अनुशासित जीवन, कठिन परिस्थितियों का सामना करने और देशभक्ति की भावना से परिचित करवाया गया। प्रधानाचार्या सरिता कुमारी धीमान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और देशभक्ति की भावना पैदा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। मनोविज्ञान सभा के नोडल अधिकारी विवेक शील ने भारतीय सैनिकों के साहस पर आधारित कविता प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने सराहा।

करीब 20 पूर्व सैनिकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में लगभग 15 अभिभावक और विद्यालय के संरक्षक सीता राम नेगी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोविज्ञान सभा के नोडल अधिकारी विवेक शील और सदस्यों अजय कुमार, अमरनाथ और मोनिका का विशेष योगदान रहा।

# 1982 में वाजपेयी का बिलासपुर हुआ था आगमन

## अटल की आज भी बुजुर्गों की यादों में जीवित है जनसभा

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** आज से करीब चार दशक पहले, वर्ष 1982 में जब देश की राजनीति एक संक्रमण काल से गुजर रही थी, उसी समय भारतीय राजनीति के प्रखर वक्ता और राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रमुख नेता अटल बिहारी वाजपेयी हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर पहुंचे थे। उनके इस दौरे के दौरान बिलासपुर में एक विशाल जनसभा आयोजित की गई थी, जिसकी स्मृतियां आज भी यहां के बुजुर्गों और पुराने नागरिकों के मन में जीवित हैं।

उस समय बिलासपुर एक छोटा, लेकिन राजनीतिक रूप से जागरूक शहर था। वाजपेयी जी के आगमन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बन गया था। आसपास के गांवों से लोग सुबह से ही सभा स्थल की ओर निकल पड़े थे। वरिष्ठ अध्यापक रहे पंडित हेमराज शर्मा उस दिन को याद करते हुए कहते हैं कि हमने अटल जी को पहली बार सामने से सुना था। उनकी



फाइल फोटो

वाणी में गंभीरता भी थी और अपनापन भी। वे भाषण नहीं देते थे, संवाद करते थे। स्थानीय निवासी चेतराम ठाकुर बताते हैं कि जनसभा के दिन सुरक्षा तो सीमित थी, लेकिन अनुशासन अपने आप बना हुआ था। लोग जमीन पर बैठकर घंटों उनका इंतजार करते रहे। किसी को जल्दी नहीं थी, बस उन्हें सुनना था।

उस समय बिलासपुर के गांधी चौक और मुख्य बाजार से सभा स्थल तक लोगों की भीड़ दिखाई दे रही थी। वरिष्ठ व्यापारी एमएल सोनी बताते हैं कि हमने उस दिन दुकान बंद रखी। ऐसा मौका बार-बार नहीं आता था। जनसभा में वाजपेयी ने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं, राष्ट्रीय एकता और पहाड़ी राज्यों की विकास आवश्यकताओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने हिमाचल की संस्कृति, संघर्षशील जनता की सराहना भी की थी।

आज, जब अटल बिहारी वाजपेयी इस दुनिया में नहीं हैं, तब भी बिलासपुर के कई घरों में उनका नाम सम्मान और गर्व के साथ लिया जाता है। 1982 की वह जनसभा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिलासपुर के इतिहास का एक अविस्मरणीय अध्याय बन चुकी है।

# नेपाल पुलिस अधिकारियों के लिए सीआईएसएफ प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, बरमाना।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने नेपाल सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के 19 विजिटिंग अधिकारियों के लिए अध्ययन कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नेपाल एपीएफ के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य औद्योगिक और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा अनुभव साझा करना है। सीआईएसएफ प्रवक्ता एवं सहायक कमांडेंट दीपक जोशी ने बताया कि कार्यक्रम सीआईएसएफ मुख्यालय, नई दिल्ली में आयोजित हुआ और इसकी अध्यक्षता अतिरिक्त महानिदेशक विजय प्रकाश, आईपीएस ने की। अधिकारियों को सीआईएसएफ की भूमिका, कार्यप्रणाली, सुरक्षा रणनीतियों और उभरती चुनौतियों से निपटने के उपायों की जानकारी दी गई।

विजिटिंग अधिकारियों को ड्रोन खतरों से निपटने के प्रशिक्षण, पेशेवर सुरक्षा परामर्श सेवाओं और सुरक्षा विद्यालयों की भी जानकारी दी गई। संवाद सत्र में नेपाल एपीएफ अधिकारियों के प्रश्नों का उत्तर दिया गया। समापन अवसर पर उप महानिरीक्षक शंभु सुबेदी ने भारत सरकार और सीआईएसएफ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, जिसके बाद वे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के क्षेत्रीय भ्रमण के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत आयोजित किया गया और इसका उद्देश्य भारत-नेपाल के द्विपक्षीय संबंध मजबूत करना है।

**मसला** केरल सहित कई राज्यों में सख्त कानून, हिमाचल अब भी पीछे

# हिमाचल में डॉक्टर सुरक्षा कानून की मांग तेज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

देश के कई राज्यों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों पर हमलों को रोकने के लिए विशेष कानून लागू किए जा चुके हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में अब तक ऐसा कोई अलग और सख्त कानून नहीं बनाया गया है। डॉक्टरों पर बढ़ती हिंसा की घटनाओं के बीच चिकित्सा समुदाय ने हिमाचल सहित शेष राज्यों में भी विशेष डॉक्टर सुरक्षा कानून लागू करने की मांग तेज कर दी है।

देश में केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट या मेडिकेयर सर्विस पर्संस एंड इंस्टीट्यूशंस एक्ट लागू है। इन कानूनों के तहत डॉक्टरों या अस्पतालों पर हमला करना संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध है, जिसमें आमतौर पर 3 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इन सभी राज्यों में केरल का कानून सबसे सख्त माना जाता है। केरल में डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी पर



**क्या कहना है स्वास्थ्य विभाग का**

**स्वास्थ्य** विभाग का कहना है कि डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है और इस विषय पर विचार किया जा रहा है। चिकित्सा संगठनों को उम्मीद है कि हिमाचल सरकार अन्य राज्यों, विशेषकर केरल के सख्त कानून से प्रेरणा लेकर जल्द ठोस कदम उठाएगी।

हमला करने पर 1 से 7 साल तक की जेल और 1 से 5 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। इसके साथ ही अस्पताल की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर आरोपी से पूरी भरपाई कराई जाती है।

विशेषज्ञों का मानना है कि केरल का कानून देश के अन्य राज्यों के लिए एक प्रभावी मॉडल बन सकता है। वहीं हिमाचल प्रदेश में डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए अभी तक कोई विशेष कानून नहीं है। यहां ऐसे मामलों में सामान्य आपराधिक धाराओं के तहत ही कार्रवाई होती है। डॉक्टरों का कहना है कि भले ही राज्य में हिंसा की घटनाएं अपेक्षाकृत कम हों, लेकिन कानून का होना एक मजबूत संदेश और निवारक प्रभाव पैदा करता है।

हिमाचल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेश शर्मा कहते हैं, 'हम लगातार लंबी ड्यूटी करते हैं और मरीजों की जान बचाने की पूरी कोशिश करते हैं। भावनाओं में आकर होने वाली हिंसा से बचाव के लिए हमें भी कानूनी सुरक्षा कवच चाहिए। केरल जैसा सख्त कानून हिमाचल में भी लागू होना चाहिए।' इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार, देश में लगभग 75 प्रतिशत डॉक्टर अपने करियर में किसी न किसी रूप में हिंसा या धमकी का सामना कर चुके हैं, जिनमें से अधिकांश मामले दर्ज ही नहीं हो पाते।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने 5.89 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** वीरवार को जिला पुलिस चंबा नशे के खिलाफ जारी अभियान में सफलता हासिल हुई है। थाना सदर में अभियोग संख्या 299/25 के तहत अधिनियम 21, 25, 29 मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने कपिल शर्मा निवासी मैहला एवं एक अन्य व्यक्ति से 5.89 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच जारी है और संबंधित आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस सफलता से क्षेत्र में मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास को बल मिला है।

### सड़क पर अवैध ठेले लगाने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस थाना डलहौजी में अभियोग संख्या 71/2025, अधिनधारा 285 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। बनीखेत निवासी रामजी पुत्र धन सिंह द्वारा सड़क पर टिक्की/बर्गर का ठेला लगाए जाने से आम जनता और यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस कदम से सड़क पर अनुशासन और यातायात सुचारु बनाए रखने में मदद मिलेगी। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने बताया कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### रास्ते के विवाद में मारपीट, एफआईआर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस थाना भरमौर में शिकायतकर्ता सोनू पुत्र मुंशी निवासी गांव पाडली की शिकायत पर अभियोग संख्या 68/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायत में कहा गया कि रास्ते के विवाद के दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज की, रास्ते में रुकावट डाली और हाथों से मारपीट की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की पुष्टि करते हुए पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और पीड़ित की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने बताया कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### मारपीट और धमकी देने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पुलिस थाना सदर में शिकायतकर्ता सैफ अली पुत्र जान मुहम्मद निवासी कैहलाला की शिकायत पर अभियोग संख्या 300/25 अधीनधारा 126(2), 352, 351(2), 324(2) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। शिकायत में बताया गया कि आरोपी ने रास्ता रोककर डंडे से उसकी गाड़ी के आगे के शीशे पर वार किए और जान से मारने की धमकियां दीं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक चम्बा ने बताया कि जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### अटल के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, ककियां।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत ककियां के बनियाग गांव में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों और सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जय सिंह ने कहा कि अटल जी का जीवन संघर्ष, सादगी और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को नई गति मिली। जय सिंह ने अटल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि उनके आदर्शों पर चलते हुए पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाने का संकल्प लेना आज की आवश्यकता है।

### नैतिक कर्तव्यों का पालन करने पर दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** मैहला में हिंदू सम्मेलन समिति द्वारा हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष ईश्वर कश्मीरी, मुख्य अतिथि चमन शर्मा और मुख्य वक्ता विवेक, विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चम्बा विभाग, उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को पहले अपने कुरीतियों को सुधारना चाहिए और फिर समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने नैतिक कर्तव्यों को समझने और निभाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भजन मंडली मैहला और विद्यालयों के बच्चों ने सामाजिक दिशा देने वाली प्रस्तुतियां दीं। अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### जाम की समस्या बढ़ी, आम जनता परेशान



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आए दिन लगने वाला जाम अब आम जनता के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। वीरवार को शहर की मुख्य सड़कों पर घंटों तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण लोग खासे परेशान नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जोगिंद्रनगर में जाम की समस्या कोई नई नहीं है। वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक इसका कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया। अलग-अलग समय पर कई जनप्रतिनिधि सत्ता में आए, लेकिन जाम की विकराल समस्या जस की तस बनी हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। स्थानीय व्यापारियों और वाहन चालकों ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि जोगिंद्रनगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस और दीर्घकालिक कदम उठाए जाएं।

# खज्जियार-लक्कड़मंडी रोड की बदहाली पर्यटकों व लोगों के लिए खतरे की घंटी

## टूटे किनारे और बिखरे पत्थर, सड़क बनी दुर्घटना का रास्ता, तत्काल मरम्मत की मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

खज्जियार-लक्कड़मंडी सड़क इन दिनों अपनी खस्ताहाल स्थिति के कारण चर्चा में है। सड़क किनारे धंसी पिच, टूटे किनारे, बिखरे पत्थर और जगह-जगह खुली नालियां इसे बेहद खतरनाक बना चुकी हैं। स्थानीय लोग और पर्यटक इस मार्ग से गुजरते समय अपनी गाड़ियों को नुकसान होने की शिकायत कर रहे हैं और कई लोग अब इस मार्ग से दोबारा आने से भी कतराने लगे हैं।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क किनारे बने अधूरे डंगे किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। खासकर रात के समय और खराब मौसम में यह मार्ग जानलेवा साबित हो रहा है। यह सड़क डलहौज़ी और खज्जियार जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है, लेकिन इसके बदहाल होने के बावजूद मरम्मत की अनदेखी हो रही है।

ग्रामीणों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) इस सड़क पर ध्यान नहीं दे रहा। अधिकारियों और कर्मचारियों का ध्यान अधिकतर डलहौज़ी क्षेत्र पर केन्द्रित है, जबकि लक्कड़मंडी क्षेत्र की मरम्मत अधर में लटकी हुई है। रोजाना सैकड़ों पर्यटक और स्थानीय लोग इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे न केवल दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है, बल्कि पर्यटन पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है।



खज्जियार-लक्कड़मंडी मार्ग की खस्ताहाल सड़क लोगों के लिए बनी जानलेवा।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि सड़क की तुरंत मरम्मत की जाए, किनारों पर सुरक्षा दीवार या पक्की साइडिंग का निर्माण किया जाए, नालियों और पाइपलाइन की व्यवस्था दुरुस्त की जाए ताकि रोजाना हो रहे हादसों पर विभाग तत्काल संज्ञान ले। जनता का सवाल है—पीडब्ल्यूडी कब जागेगा और पर्यटकों व स्थानीय लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन लेगा? लोग उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार और संबंधित विभाग जल्द ठोस कदम उठाएंगे, ताकि किसी अनहोनी से पहले इस महत्वपूर्ण पर्यटन मार्ग को सुरक्षित बनाया जा सके।

# आईजीएमसी विवाद से उभरती स्वास्थ्य व्यवस्था की खामियां: डॉ. जनक राज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

- डॉक्टर व मरीज पीड़ित सरकार की नीतिगत विफलता पर सवाल
- अस्पतालों में अव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की कमी का खुलासा

पांगी-भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज ने आईजीएमसी शिमला में हाल ही में हुए विवाद को प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की चरमराती स्थिति का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि यह कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि सरकार की नीतिगत विफलता और अस्पतालों में व्याप्त अव्यवस्था का करारा सबूत है।



डॉ. जनक राज ने आरोप लगाया कि सरकार डॉक्टरों पर कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि ओवरलोडेड सिस्टम ने न डॉक्टरों को काम करने लायक छोड़ा और न मरीजों को समय पर इलाज मिल रहा है। प्रदेश के अस्पतालों में एक बेड पर दो-तीन मरीज, जांच और ऑपरेशन में महीनों का इंतजार, स्टाफ की भारी कमी, लंबी कतारें और सुरक्षा व शिकायत निवारण की असफल व्यवस्था आम स्थिति बन चुकी है।

चिकित्सक रह चुके और आईजीएमसी में एमएस के पद पर कार्य कर चुके डॉ. जनक राज ने सरकार से सवाल किया कि जब अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं और स्टाफ तक पूरी नहीं हैं, तो 180 करोड़ रुपये खर्च कर छह रोबोट खरीदने का फैसला क्यों लिया गया? उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते स्वास्थ्य प्रणाली में सुधार नहीं किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम डॉक्टर और मरीज—दोनों को भुगतने होंगे।

# डलहौजी विंटर फेस्ट का शुभारंभ

## स्वच्छ पर्यावरण व प्राकृतिक सौंदर्य से डलहौजी की अलग पहचान: पठानिया

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी में सात दिवसीय विंटर फेस्ट-2025 का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि चंबा की पारंपरिक लोक-कला एवं सांस्कृतिक विरासत अति समृद्ध है। विंटर कार्निवाल के माध्यम से यहां आने वाले पर्यटकों को जिले की संस्कृति को करीब से देखने और समझने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

उन्होंने साथ में यह भी कहा कि डलहौजी देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल है और यहां का पर्यावरण, स्वच्छ हवा तथा प्राकृतिक सौंदर्य इसे अन्य हिल स्टेशनों से अलग पहचान देता है। विधानसभा अध्यक्ष का आयोजन समिति की ओर से उप मंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीएम) अनिल भारद्वाज ने स्वागत करते हुए उन्हें शाल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने विंटर फेस्ट-2025 के आयोजन को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की। विधानसभा अध्यक्ष को कार्यक्रम के दौरान डलहौजी प्रेस क्लब की ओर से अध्यक्ष विशाल आनंद एवं क्लब के सदस्यों ने प्रेस कक्ष उपलब्ध करवाने के लिए शाल-टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। चलो चंबा अभियान के तहत आयोजित सात दिवसीय विंटर फेस्ट में गेम्स एवं विभिन्न गतिविधियाँ, लाइव बैंड शो व ओपन माइक, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रोफेशनल डीजे शो तथा आर्ट एंड हैंडीक्राफ्ट को आयोजन का हिस्सा बनाया गया है। इस अवसर पर विभिन्न उपमंडलों से सांस्कृतिक दलों द्वारा आकर्षित कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति राजेश मोगरा, राजीव ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक रंजन शर्मा, मयंक शर्मा, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, तहसीलदार रमेश कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा, भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, सहायक अभियंता संजीव कुमार सहित कई शामिल रहे।

### क्रिसमस और नववर्ष की दी शुभकामनाएं

**कुलदीप** सिंह पठानिया ने कहा कि जिले में सस्टेनेबल टूरिज्म, ट्रैकिंग, हेल्थ टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन तथा ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति को संरक्षण मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ में जिले की समृद्ध लोक कला एवं सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी। उन्होंने विंटर फेस्ट-2025 के आयोजन के लिए प्रशासन के प्रयासों की सराहना की तथा क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए लोगों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की भी कामना की।

# बांग्लादेश में हिंसा के खिलाफ चंबा में आक्रोश

## सड़कों पर उतरा हिंदू समाज, पुतला दहन कर उठाई न्याय की मांग

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक को बेरहमी से जिंदा जलाए जाने की दिल दहला देने वाली घटना के विरोध में वीरवार को चंबा मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद व अन्य हिंदू संगठनों के बैनर तले जोरदार आक्रोश रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आक्रोश रैली शहर के विभिन्न बाजारों से होती हुई मुख्य चौक पहुंची, जहां प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस का पुतला जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। पूरे क्षेत्र में माहौल गुस्से और आक्रोश से भरा रहा।

रैली को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष डॉ. केशव वर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार किसी एक घटना तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा हैं।



बांग्लादेश में हिंसा के खिलाफ चंबा में सड़कों पर उतरा हिंदू समाज।

उन्होंने कहा कि जिस तरह एक हिंदू युवक को सड़क पर घसीटकर, पेड़ से बांधकर जिंदा जलाया गया, उसने पूरे हिंदू समाज की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है।

डॉ. वर्मा ने बांग्लादेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा पूरी तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कभी बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी लगभग 7 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 2 प्रतिशत रह गई है। मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, पूजा-पाठ पर रोक लगाई जा रही है और हिंदू समाज भय के माहौल में जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अब हिंदू समाज जाग चुका है और यदि ऐसे जघन्य अपराधों पर रोक नहीं लगी तो एकजुट होकर हर स्तर पर आवाज बुलंद की जाएगी। साथ ही उन्होंने बांग्लादेश की यूनुस सरकार से मांग की कि वहां रहने वाले हिंदू नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं ले और दोषियों को कड़ी सजा दे। रैली में शामिल स्थानीय लोगों ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की मांग की। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन आक्रोश और पीड़ा साफ झलकती रही।

# आराध्य देव कमरुनाग से हजारों भक्तों ने लगाई बारिश की गुहार

**सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान**

- गोहर में एक दिवसीय कमरुनाग मेला धूमधाम के साथ संपन्न
- देवता के गूर ने की बारिश की भविष्यवाणी

**गोहर।** मंडी जनपद के आराध्य देव देव श्री कमरुनाग का एक दिवसीय मेला गोहर की कुफरी धार में बड़ी ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ आयोजित किया गया। आराध्य देव देव श्री कमरुनाग सुबह 6 बजे ही मेला स्थल पर अपने हजारों भक्तों को दर्शन देने विराजमान हुए। इस दौरान हजारों लोगों ने बड़ा देव देव श्री कमरूनाग जी के दर्शन कर लंबे समय से बारिश न होने की कारण सूखा दूर करने के लिए देवता से बारिश की गुहार लगाई।

काबिले जिक्र है कि बड़ा देव देव श्री कमरूनाग को बारिश का देवता कहा जाता है और। सदियों से मान्यता है कि जब भी क्षेत्र में सुखा यह बहुत अधिक बारिश होती है तो बड़ा देव देव श्री कमरुनाग की आगे लोग गुहार लगाते हैं। ऐसे में देवता का पुजारी गूर बारिश कराने या बारिश हटाने के लिए देवता से परता धूप देते हैं और देवता भक्तों की इच्छा की इच्छा के अनुरूप बारिश लगते हैं या बारिश हटाते हैं। आज भी कुफरी धार में हजारों लोगों ने आराध्य देव देव कमरूनाग के मौजूदा गूर देवी राम से देवता के आगे बारिश के लिए परता देने की मांग रखी। देवी राम ने देवता के आगे परता दिया और सुबह 10 बजे तक बारिश होने की भविष्यवाणी की है। लोगों ने कहा है कि अगर 10 बजे तक बारिश नहीं होती तो दूसरे गूर से धूप (परता) दिलवाई जाएगी और जब तक बारिश नहीं होती तब तक देवता देवी राम के पास ही रहेंगे और जो गूर बारिश देने में सफल हुआ देवता उसे गुरु को सौंप दिया जाएगा। इस अवसर पर हजारों लोगों ने देवदर्शन के साथ-साथ देव मिलन का अनोखा संगम भी देखा और मेले की रौनक बढाई।

# चंबा की ऐतिहासिक चर्च में क्रिसमस की रौनक

## भाईचारे का दिया संदेश, बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा से बढ़ाई शोभा




चंबा की ऐतिहासिक चर्च में क्रिसमस पर्व श्रद्धा, उल्लास के साथ मनाया गया।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक चर्च ऑफ स्कॉटलैंड (सीएनआई चर्च) में प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिवस क्रिसमस पर्व श्रद्धा, उल्लास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई समाज के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों ने भी भाग लेकर सर्वधर्म सौहार्द का संदेश दिया।

क्रिसमस के उपलक्ष्य में चर्च परिसर में प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बच्चों ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सांता क्लॉज बने युवक जैकब ने बच्चों को उपहार वितरित किए। साथ ही पारंपरिक चम्बयाली धाम का आयोजन भी किया गया।

चर्च के पादरी रेवरेंड एरिक ने क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह का जीवन प्रेम, शांति और एकता का संदेश देता है। सांता क्लॉज की भूमिका निभा रहे जैकब ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय अनिल पिछले 42 वर्षों तक यह भूमिका निभाते रहे और इस परंपरा को आगे बढ़ाकर वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### प्रभु यीशु मसीह के आदर्शों पर चलने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में क्रिसमस का पर्व ईसाई समुदाय द्वारा धूम धाम से मनाया गया, इस दौरान डलहौजी के सभी गिरजाघरों को सजाय गया और इस दौरान डलहौजी छावनी क्षेत्र के सेंट.एंडरियुस चर्च में पादरी फादर रसिन मिरोक द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमे प्रभु यशु मसीह के आदर्शो पर चलने का आहवान किया गया, प्रभु यशु मसीह को याद कर प्रभु की प्रार्थनाये की गई, इस दौराम चर्च में ईसाई समुदाय के लोगो सहित स्थानीय लोग भी शामिल हुये, चर्च के पादरी रसिन मिरोक द्वारा प्रभु यशु मसीह के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर केक काटने की रसम अदा की गई और पादरी द्वारा इस बड़े दिन की सभी नगर वासियों को शुभकामनाएं दी गई, साथ ही इस शुभदिन के अवसर पर चर्च में खाने का आयोजन भी किया गया।

### 'मिनी स्विट्जरलैंड' खज्जियार क्रिसमस पर्व पर रहा सूना

**अनंत ज्ञान, खज्जियार।** क्रिसमस के पावन पर्व पर पहाड़ों में बर्फ की सफेद चादर देखने की उम्मीद लेकर बाहरी राज्यों से पहुंचे सैलानियों को इस बार निराशा हाथ लगी। विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल खज्जियार—जिसे 'मिनी स्विट्ज़रलैंड' के नाम से भी जाना जाता है—दिसंबर के अंतिम दिनों में भी बर्फबारी से अछूता रहा। पिछले करीब तीन महीनों से पहाड़ी क्षेत्रों में बारिश और बर्फबारी न होना न केवल पर्यावरणीय असंतुलन की ओर इशारा कर रहा है, बल्कि किसानों और बागवानों के साथ-साथ पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों के लिए भी चिंता का विषय बना हुआ है। आमतौर पर इस समय खज्जियार का विशाल मैदान हरियाली और बर्फ की चादर से ढका रहता है, लेकिन इस वर्ष पानी और बर्फ के अभाव में मैदान सूखा नजर आ रहा है। बाहरी राज्यों से आए सैलानियों का कहना है कि वे खज्जियार इसी उम्मीद में पहुंचे थे कि हरियाली के साथ बर्फबारी का नजारा देखने को मिलेगा, लेकिन सूखे मैदान देखकर मायूसी हुई। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि यहां का मौसम सुहावना है, वातावरण शुद्ध है और स्थानीय लोग बेहद सहयोगी व मिलनसार हैं। पर्यटन स्थल पर छोटे दुकानदार और स्थानीय कारोबारी सैलानियों के मनोरंजन में जुटे हैं, लेकिन उनका कहना है कि असली रौनक और उत्साह बर्फबारी के साथ ही लौटता है। फिलहाल सैलानी और कारोबारी दोनों ही आस लगाए बैठे हैं कि आने वाले दिनों में मौसम करवट बदले और खजियार एक बार फिर बर्फ की चादर ओढ़कर पर्यटकों को आकर्षित करे।

# कृष्ण भानु, केके नूतन, पियूष व उमेश किए सम्मानित

## छोटी काशी मंडी में स्व. हेमकांत कात्यायन स्मृति सम्मान समारोह संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद और साहित्य-संस्कृति के मर्मज्ञ स्व. हेमकांत कात्यायन की जन्म जयंती पर छोटी काशी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वीरवार को उनके 83वें जन्म दिवस पर सरस्वती विद्या मंदिर मंडी में स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता, साहित्य और संगीत कला के क्षेत्र में योगदान देने वाली चार विभूतियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि, मंडी के पूर्व डीसी एवं वर्तमान भारतीय खाद्य एवं कृषि परिषद महानिदेशक तरूण श्रीधर ने पत्रकारिता प्रेरणा स्रोत पुरस्कार के रूप में वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण भानु को सम्मानित किया। साहित्य के क्षेत्र में केके नूतन, कला के क्षेत्र में संगीत सदन मंडी के संस्थापक स्व. पियूष स्वामी को मरणोपरांत और उनके शिष्य उमेश भारद्वाज को सम्मानित किया गया।

तरूण श्रीधर ने अपने संबोधन में कहा कि मंडी में ऐसा चुंबकीय आकर्षण है जो हमेशा खींचता है। उन्होंने हेमकांत कात्यायन को निर्भीक, निष्पक्ष और संवेदनशील पत्रकार के रूप में याद किया। उन्होंने वर्तमान दौर में सोशल मीडिया के प्रभाव से पत्रकारिता में गिरावट और बदलाव की ओर भी ध्यान दिलाया।




स्व. हेमकांत कात्यायन स्मृति सम्मान समारोह के दौरान पुरस्कार प्रदान करते हुए।

स्व. हेमकांत कात्यायन मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष निमर्ला कात्यायन ने स्वागत संबोधन में कहा कि ट्रस्ट हर वर्ष पत्रकारिता, साहित्य और ललित कला के क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित करता है। वरिष्ठ पत्रकार मुरारी शर्मा ने कहा कि कात्यायन केवल पत्रकार ही नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज रचनाकार और संस्कृति कर्मी थे।

इस अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र, संगीत सदन मंडी के कलाकार और हिमाचल सांस्कृतिक शोध संस्थान की टीम उपस्थित रही। बच्चों और कलाकारों ने लोकगीत, शास्त्रीय संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं।

**सौगात** कुलदीप सिंह पठानिया ने ढलोग स्कूल के मेधावी विद्यार्थी किए पुरस्कृत

# 40.53 लाख से बने स्कूल भवन का लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, बनीखेत**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में आज राजकीय उच्च विद्यालय ढलोग का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान 40 लाख 53 हजार की धनराशि से विद्यालय के नवनिर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी किया। उन्होंने वर्षभर शिक्षा के साथ-साथ बहुआयामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। पठानिया ने अपने संबोधन में भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए सड़क निर्माण को दी गई विशेष प्राथमिकता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस क्षेत्र के सभी गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भटियात के विकास में संरचनात्मक संसाधनों को सुदृढ़ करने में कांग्रेस सरकारों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन द्वारा रखी गई मांग के अनुरूप बाउंड्री वॉल, तथा खेल मैदान के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष ने इससे पहले समारोह का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया।



कुलदीप सिंह पठानिया 40.53 लाख से बने स्कूल भवन का लोकार्पण करते हुए।

इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए 21 हजार रुपये की धनराशि देने की घोषणा भी की। उन्होंने इस दौरान लोगों की समस्याओं का भी समाधान किया। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने हिंदी, पंजाबी तथा हिमाचली लोक संस्कृति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्लस्टर प्रधानाचार्य प्रीतम सिंह ठाकुर ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश शर्मा, उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक अनिल भारद्वाज, उप पुलिस अधीक्षक रंजन शर्मा, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, उपनिदेशक स्कूल शिक्षा गुणवत्ता भाग सिंह, प्रारम्भिक बलवीर सिंह, अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, स्थानीय पंचायत प्रधान सुदेश कुमारी सहित पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अनंत Classifieds

NAME CORECTION

I, Rohit Kumar (20), son of Sh. Ramesh Chand, R/O vill. Siswan, P.O. Barin Mandir, Teh. Bamsan Tauni Devi, Distt. Hamirpur, hereby declare that "Rohit Kumar" and "Rohit Kumar Diwan" refer to the same person. My correct and official name is Rohit Kumar.

**भातृभाव** का अस्तित्व केवल आत्मा में और आत्मा के द्वारा ही होता है, यह और किसी के सहारे टिक ही नहीं सकता।

– श्री अरविंद

## संपादकीय

# मरीजों की मुश्किलें बढ़ीं

प्रदेशभर में 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को संचालित करने वाले कर्मचारी एक बार फिर हड़ताल पर चले गए हैं। यह हड़ताल 48 घंटे तक जारी रहेगी। स्पष्ट है कि इस समय अवधि में प्रदेश की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बड़ा झटका लगेगा। सरकार ने अपने स्तर पर मरीजों को अस्पतालों और घर तक पहुंचाने के लिए इंतजाम किए हैं, लेकिन यह प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। कारण यह है कि सरकार के पास इतनी अधिक संख्या में व्हीकल नहीं हैं कि हर मरीज को समय पर एंबुलेंस मिल सके। अगर यह संभव होता, तो सरकार 108 और 102 जैसी सेवाओं का संचालन क्यों करती।

एंबुलेंस सेवाओं के ठप होने से आम जनता को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आपातकाल में कई बार मरीजों को पैसे देकर भी एंबुलेंस नहीं मिल पाती। हर व्यक्ति इतना सक्षम नहीं होता कि वह निजी तौर पर टैक्सी या वाहन किराए पर लेकर अस्पताल पहुंच सके, लेकिन जब मजबूरी पड़ती है, तो उसे ऐसा करना पड़ता है। इसके कारण प्राइवेट वाहन संचालक मौके का फायदा उठाकर अधिक किराया वसूलते हैं, जिससे तीमारदारों और परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। इसके साथ ही आपातकाल में समय पर इलाज न मिलने से मरीजों की जान पर भी खतरा मंडरा सकता है।

हाल ही में भी एंबुलेंस कर्मचारी हड़ताल पर गए थे। उस समय सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों पर ध्यान दिया जाएगा और आवश्यक सुधार किए जाएंगे। बावजूद इसके, एक बार फिर कर्मचारी आंदोलन पर हैं, जिससे सरकार के लिए यह स्थिति और जटिल हो गई है। 48 घंटे की यह हड़ताल कम नहीं होती है और इससे मरीजों, उनके परिजनों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मुश्किलें कई गुना बढ़ सकती हैं। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं में आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू किया हुआ है। इसके बावजूद कर्मचारी हड़ताल पर अड़े हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि एस्मा के तहत काम रोकना कानूनन अपराध है और ऐसे कार्य करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यूनियन ने चेतावनी दी है कि वह कर्मचारियों के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे आंदोलन जारी रखेंगे। यह परिस्थिति स्वास्थ्य विभाग और कर्मचारियों दोनों के लिए चुनौतीपूर्ण बन गई है। यूनियन नेता हड़ताल से पीछे हटने से इनकार कर रहे हैं। प्रदेश में ठंड का मौसम अपने चरम पर है और आपातकालीन जरूरतों को देखते हुए मरीजों की जान पर प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में सरकार को तत्काल कर्मचारियों के साथ बातचीत करके समाधान खोजने की आवश्यकता है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल का कहना है कि सरकार ने पूरे मामले का संज्ञान लिया है और स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए हैं कि किसी भी मरीज को असुविधा या नुकसान न हो। वहीं, एंबुलेंस संचालन करने वाली मेड्सवान फाउंडेशन ने स्पष्ट किया है कि 108 और 102 सेवाएं सार्वजनिक उपयोगिता की सेवाएं हैं और कर्मचारियों की ड्यूटी अनिवार्य है। बावजूद इसके, वर्तमान हालात में एंबुलेंस कर्मचारी न तो सरकार की सुन रहे हैं और न ही अपनी कंपनी की। स्पष्ट है कि सरकार, कर्मचारियों और यूनियन के बीच संतुलन बनाना अत्यंत आवश्यक है। यदि तत्काल समाधान नहीं निकाला गया, तो आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर जनता का भरोसा कमजोर हो जाएगा।

ऐसे हालात में मरीजों को निजी वाहन पर निर्भर होना पड़ेगा, जिससे आर्थिक और मानसिक दोनों तरह का दबाव परिवारों पर पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की यह अस्थिरता न केवल मरीजों के लिए चिंता का विषय है, बल्कि इससे पूरे स्वास्थ्य तंत्र की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। प्रदेश में सड़कों पर आपातकालीन वाहनों की कमी और एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल मिलकर आपातकालीन सेवाओं को बाधित कर रही है। यह स्थिति सरकार और स्वास्थ्य विभाग के लिए भी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि कोई मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंचकर अपनी जान का जोखिम न उठाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### स्वतंत्रता संग्राम के अमर क्रांतिकारी

**ऊधम** सिंह (जन्म : 26 दिसंबर 1899, सुनाम, पंजाब, शहादत : 31 जुलाई 1940, पेंटनविले जेल, ब्रिटेन) भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी थे। वे पंजाब के वीर क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देशवासियों की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन साहस, निष्ठा और देशभक्ति का जीवंत उदाहरण है।



ऊधम सिंह
जन्म : 26 दिसंबर,1899
मृत्यु : 31 जुलाई,1940

13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में ब्रिटिश सेनाओं ने निर्दोष भारतीयों पर गोली चलाकर सैकड़ों लोगों की हत्या की। इसमें नन्हे बच्चे, बूढ़े और माताएं भी मारे गए। इस अमानवीय घटना ने ऊधम सिंह को गहराई से प्रभावित किया और उन्होंने इसके जिम्मेदार माइकल ओ'डायर से बदला लेने का प्रण लिया।

बचपन में माता-पिता और बड़े भाई को खोने वाले ऊधम सिंह को कठिन परिस्थितियों ने साहस और संघर्ष करने की शक्ति दी। उन्होंने खालसा अनाथालय में शिक्षा ग्रहण करते हुए स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने का निश्चय किया। चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों के साथ मिलकर उन्होंने ब्रिटिश शासन को मजबूत चोटें दीं। उन्होंने अपने नाम को राम मोहम्मद आजाद रखकर भारत के तीन प्रमुख धर्मों का प्रतीक प्रस्तुत किया।

सन् 1940 में लंदन में 'रॉयल सेंट्रल एशियन सोसायटी' में माइकल ओ'डायर की उपस्थिति में उन्होंने उसे गोली मारकर न्याय किया। इसके बाद ऊधम सिंह ने स्वयं को गिरफ्तार कराया। अदालत में उन्होंने कहा कि उन्होंने देशवासियों की पीड़ा और अत्याचार का बदला लिया। 4 जून 1940 को उन्हें दोषी ठहराया गया और 31 जुलाई 1940 को फांसी दे दी गई। उनका बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अमूल्य अध्याय है। 31 जुलाई 1974 को उनके अवशेष भारत लाए गए और सुनाम गांव में सम्मानपूर्वक समाधि स्थापित की गई। ऊधम सिंह आज भी देशभक्ति, साहस और न्यायप्रियता के प्रतीक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हुए हैं। ■



कविता

## शरद ऋतु के पल

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वीरेन्द्र शर्मा वात्स्यायन, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) मो. 94172-80333

**शरद** ऋतु का अहसास करवाते ये पल
कल गर्म थे जो पल असहनीय, ठंड के अब असहनीय पल हुए
बर्फ ने ओढ़ ली बर्फीली चादर, आग के अंगारे बुझने से लगे
शरद ऋतु का अहसास करवाते ये पल
तरूवर से गिरतीं ओस की बूंदें, किसी नाचिन की पायल का
अद्भुत, अद्वितीय प्रस्तुत दृश्य
मन को सुकून प्रदान करते ये पल, सूर्य की तीक्ष्ण चुभती धूप
हिम शीत का अहसास बनी, सूर्य बादलों की ओठ में छिप
अठखेलियां करता इधर-उधर ये पल,शरद ऋतु का अहसास करवाते
नदियों का शीतल सा जल, चलती हुई सी हिमदंती हवा
धमनियों में खून जमाती ये पल,पंछियों का मनमोहक कलरव,
गूंज अनुगूंज में मदहोश, मौन को धारण किए हुए
शरद ऋतु का अहसास वाले ये पल हुए

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सत्य बोलना मनुष्य की सर्वोच्च गुणात्मक परिपक्वता

सत्य बोलना मनुष्य की आत्मिक शुद्धि, नैतिक दृढ़ता और आध्यात्मिक उन्नति की अवस्था मानी जाती है, जो मनुष्य को शांति, आत्मविश्वास तथा धर्म-परायणता की ओर अग्रसर करते हैं। सत्य कहना एक उच्च मानवीय गुण माना जाता है जो व्यक्ति को पाप और भय से दूर रखता है और उसे आनंद प्रदान करता है।



सुभाष चन्द कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

सत्य बोलने से मन शांत रहता है और अंतरात्मा संतुष्ट होती है, जबकि झूठ बोलने से मन बेचैन रहता है। सत्य बोलने से व्यक्ति निडर बनता है और खुद पर भरोसा बढ़ता है, क्योंकि वह किसी बात से डरता नहीं। जब व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी सच बोलने का साहस दिखाता है, तब वह एक महत्वपूर्ण सहासिक मानवीय गुण को परिलक्षित करता है। सत्य को धर्म और अध्यात्म का आधार माना जाता है, जो स्वयं को और दूसरों को आनंद की ओर ले जाता है। शास्त्रों में सत्य और धर्म को मनुष्य के स्वाभाविक गुण कहा गया है। सत्य मानव जीवन का सबसे महान और मूल्यवान गुण है। सत्य का अर्थ है जो जैसा है, वैसा ही कहना और करना। सत्य नैतिकता, विश्वास और चरित्र की नींव है। जिस समाज में सत्य का पालन होता है, वहां शांति, न्याय और सद्भाव बना रहता है। सत्य का मार्ग कठिन अवश्य होता है, परंतु उसका फल सदैव कल्याणकारी होता है। असत्य से क्षणिक लाभ मिल सकता है, लेकिन अंततः वह दुख, भय और अविश्वास को जन्म देता है।

इसके विपरीत सत्य मनुष्य को आत्मबल देता है और उसे सम्मान दिलाता है। सत्य न तो छल है और न ही दिखावा, बल्कि यह तथ्य, ईमानदारी और निष्ठा का प्रतीक है।

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार कलियुग चार युगों में अंतिम युग है। इसे अधर्म, असत्य और नैतिक पतन का युग माना गया है। इस युग में सत्य का पालन करना कठिन हो गया है, क्योंकि स्वार्थ, लोभ, अहंकार और छल की प्रवृत्तियां बढ़ गई हैं। हलांकि कलियुग में सत्य का मूल्य घटता हुआ दिखाई देता है। लोग लाभ के लिए असत्य का सहारा लेते हैं और सत्य बोलने वाला व्यक्ति कई बार उपहास या हानि का शिकार बन जाता है। समाज, राजनीति और व्यापार-हर क्षेत्र में सत्य की जगह दिखावा और झूठ ने ले ली है। फिर भी, यही युग सत्य की वास्तविक परीक्षा का युग है। धर्मग्रंथों में कहा गया है कि कलियुग में सत्य का पालन करने वाला व्यक्ति दुर्लभ होता है, पर वही सच्चा धर्मात्मा कहलाता है। इस युग में छोटे-





छोटे सत्य कर्म भी महान फल देते हैं। तुलसीदास जी ने राम चरित मानस में लिखा है कि 'कलियुग केवल नाम अधारा, सुमिर सुमिर नर उतरहिं पारा', अर्थात कलियुग में नाम-स्मरण और सत्य आचरण से ही उद्धार संभव है।

महात्मा गांधी ने भी कलियुग जैसे समय में सत्य को अपना अस्त्र बनाया और यह सिद्ध किया कि कठिन परिस्थितियों में भी सत्य के बल पर परिवर्तन संभव है। स्वामी विवेकानंद ने सत्य, ज्ञान और आत्मबल का संदेश दिया। वे सत्य को आत्मा की शक्ति मानते थे और युवाओं को सत्य के साथ निडर होकर जीने की प्रेरणा देते थे। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सादगी, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के प्रतीक थे। उनका नारा 'जय जवान, जय किसान' सत्य और राष्ट्रहित से जुड़ा हुआ था। डॉ. कलाम सच्चाई, सरलता और ईमानदारी से जीवन जीने वाले महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति थे। उन्होंने युवाओं को सत्य, परिश्रम और नैतिकता के साथ आगे बढ़ने की शिक्षा दी।

मदर टेरेसा ने निस्वार्थ सेवा और सत्य प्रेम के साथ अपना जीवन गरीबों और रोगियों की सेवा में समर्पित किया। उनका जीवन सत्य कर्म का जीवंत उदाहरण है। कलियुग में सत्य के मार्ग पर चलना कठिन है, लेकिन असंभव नहीं। महान व्यक्तित्व हमें सिखाते हैं कि सत्य, साहस और निष्ठा से जीवन यापन करने वाला व्यक्ति समाज और राष्ट्र में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। सत्य व्यक्ति को नैतिक बल, आत्मिक शांति और आत्मविश्वास प्रदान करता है। सामाजिक जीवन में यह विश्वास और न्याय स्थापित करता है। विद्यार्थी के लिए सत्य ज्ञान और उज्वल भविष्य का मार्गदर्शक है, व्यापारी के लिए यह ईमानदारी और विश्वास का प्रतीक, और शासन में पारदर्शिता तथा जनता के कल्याण का आधार बनता है।

सत्य बोलना साहस मांगता है, पर यही साहस व्यक्ति को महान बनाता है। सत्य बोलने से व्यक्ति निडर और तनावमुक्त रहता है, उसके निर्णय लंबे समय तक लाभदायक होते हैं और संबंधों में विश्वास व प्रेम बढ़ता है। भले ही सत्य का मार्ग कठिन हो और इसके पालन में अस्थायी कठिनाइयां आएं, अंततः यही स्थायी सफलता, सम्मान और नैतिक बल प्रदान करता है। सत्य का पालन विवेक, करुणा और उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए। हर परिस्थिति में कठोर सत्य कहने से विवाद और हानि हो सकती है। सही समय, स्थान और नम्र भाषा का चयन आवश्यक है। केवल वही सत्य बोलें जो कल्याणकारी हो, न कि विवाद उत्पन्न करने वाला। पूर्ण और स्पष्ट सत्य ही वास्तविक श्रेष्ठता का प्रतीक है। इसलिए, सत्य बोलना न केवल नैतिक कर्तव्य है, बल्कि जीवन को सफल, सम्मानजनक और स्थायी रूप से समृद्ध बनाने का साधन भी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विविधता में एकता : भारतीय समाज की समृद्धि व सामाजिक सौहार्द का आधार

भारतीय समाज में विभिन्न जातियों, संप्रदायों और धर्मों के लोग रहते हैं। भारत में अनेक भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं एवं लोग विभिन्न रीति-रिवाजों,परंपराओं और धार्मिक मान्यताओं का अनुसरण करते हैं। इन सबके बावजूद विभिन्न प्रसून जैसे एक हार को सुंदर और आकर्षक बनाते हैं, उसी प्रकार विभिन्नता में एकता भारतीय संस्कृति को समृद्ध करती है और भारतीय संस्कृति को विश्व की सबसे अनुपम और अनूठी संस्कृति बनाती है।



प्रवीण कुमार
गांव बाड़ां दा घाट, डाकघर लेहड़ी सरेल, जिला बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतीय संस्कृति में सामाजिक समरसता का गुण पाया जाता है, परिणामस्वरूप समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य प्रेम, सदभाव, सौहार्द और समता का भाव स्थापित है। लोग एक-दूसरे को सम्मान देते हैं और प्रेम, शांति एवं सौहार्द के साथ रहते हैं, लेकिन जब लोग जाति, वर्ग, संप्रदाय और धर्म के आधार पर स्वयं को श्रेष्ठ और दूसरों को निकृष्ट मानते हैं, तो समाज बंट जाता है,उस समाज में लोग असुरक्षित महसूस करते हैं और संबंधित समाज और देश का विकास रुक जाता है। व्यक्ति कभी भी जाति, धर्म, वर्ग या संप्रदाय से श्रेष्ठ नहीं होता। वास्तविक महानता उसके कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों के निर्वहन में निहित होती है। यदि व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करता है, तभी वह समाज और राष्ट्र के विकास में सार्थक योगदान दे सकता है। शास्त्रों में स्पष्ट रूप से कहा गया है- 'कर्म एवं पूजा' अर्थात् कर्म ही सर्वोच्च पूजा है। इसका तात्पर्य यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्म को पूर्ण लगन और समर्पण के साथ करना चाहिए। यदि व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करता, तो शास्त्रों के अनुसार उसका जीवन निरर्थक और महत्वहीन बन जाता है। कर्म निष्ठा और



ईमानदारी ही मानव जीवन की वास्तविक प्रतिष्ठा और महानता का आधार है। शास्त्र यह भी स्पष्ट करते हैं कि व्यक्ति को अपने धर्म का पालन पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा के साथ करना चाहिए।

किसी को जबरदस्ती धर्म परिवर्तन के लिए विवश नहीं करना चाहिए और न ही किसी के धर्म का अनादर करना चाहिए। अपने धर्म के प्रति निष्ठावान रहते हुए अन्य धर्मों और उनकी मान्यताओं का सम्मान करना भी उतना ही आवश्यक है। केवल इस दृष्टिकोण से ही हम धार्मिक कलह, उन्माद, हिंसा और दंगे जैसी सामाजिक बुराइयों से बच सकते हैं। यदि प्रत्येक नागरिक इस मार्ग का पालन करे, तो समाज में शांति, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण विकसित होगा।

हमारे देश में शांति, प्रेम, भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए हमें परस्पर एक-दूसरे की जाति, धर्म, संप्रदाय और उनकी मान्यताओं का सम्मान करना चाहिए। साथ ही शास्त्रों के वे वाक्य जैसे- 'कर्म एवं पूजा' और 'मानवता सबसे बड़ा धर्म है'- हमें अपने जीवन में अपनाने चाहिए। यदि हम अपने व्यवहार में इन शास्त्रीय सिद्धांतों को उतारें और उनका सम्यक पालन करें, तो निश्चित रूप से हमारा आर्यावर्त उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा।

एक दिन यह न केवल समाज और राष्ट्र के समग्र विकास का प्रतीक बनेगा, बल्कि विश्वगुरु के पद पर भी प्रतिष्ठित होगा। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्य, धर्म और मानवता के मूल्यों का पालन करेगा, तभी हमारा देश सच्चे अर्थों में शक्तिशाली, समृद्ध और नैतिक रूप से ऊर्जावान राष्ट्र बन सकेगा।

यही वह मार्ग है जो हमें सत्य, धर्म और मानव कल्याण की दिशा में अग्रसर करेगा, आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श प्रस्तुत करेगा और सामाजिक सौहार्द एवं समरसता का स्थायी आधार बनाएगा। ऐसा देश ही विश्व में एक आदर्श और प्रेरणादायक राष्ट्र के रूप में पहचाना जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वीर बाल दिवस : हृदयविदारक सर्वोच्च बलिदान की पराकाष्ठा की महागाथा

सिख धर्म के गुरुओं का इतिहास त्याग, बलिदान, शौर्य और पराक्रम से परिपूर्ण है, जिन्होंने सिख धर्म और सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व आहूत कर दिया। सिख धर्म के सभी गुरु धर्म, सत्य और न्याय के प्रहरी थे। आज से 320 वर्ष पहले दिसंबर महीने की भीषण ठंड में पंजाब में शौर्य और धर्म युद्ध के इतिहास का प्रथम अध्याय लिखा जा रहा था।



आचार्य दीप चन्द भारद्वाज
आध्यात्मिक चिंतक
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

यह स्वर्णिम गाथा है गुरु गोबिंद सिंह के चारों बेटों और उनकी वृद्ध मां के आत्म बलिदान की। मुगल बादशाह औरंगजेब ने तलवार के बल पर धर्मांतरण का युद्ध छेड़ा हुआ था। 20 दिसंबर सन् 1704 को गुरु गोबिंद सिंह जी ने जब आनंदपुर साहिब छोड़ा तब उनके साथ उनके परिवार और कुछ गिने-चुने सिंह थे। मुगलों और पहाड़ी राजाओं की संयुक्त सेना ने अपनी कसम तोड़ते हुए धोखे से गुरु जी के काफिले पर आक्रमण कर दिया था। इस विकट घड़ी में सरसा नदी को पार करते हुए गुरु जी का परिवार बिछुड़ गया और उनके अनेक बहादुर सिंह शहीद हो गए। इसी दौरान माता गुजरी जी अपने दोनों छोटे पौतों बाबा जोरावर सिंह जिनकी आयु नौ वर्ष की और बाबा फतेह सिंह जिनकी आयु छह वर्ष थी के साथ अलग पड़ गई। कुछ समय के लिए माता गुजरी ने दोनों साहबजादों के साथ गुरु घर के रसोइए मंगू के घर में शरण ली। धन के लोभ में आकर विश्वासघात करते हुए रसोइए गंगू ने मुगल अधिकारियों को सूचना दी के गुरु गोबिंद सिंह के पुत्र उनके घर में हैं।

माता गुजरी और साहबजादों को गिरफ्तार करके सरहिंद के सूबेदार वजीर खान के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद शुरू हुआ धर्मांतरण को लेकर यातनाओं का विकराल दौर। दिसंबर महीने की भीषण सर्दी में वजीर खान ने माता गुजरी और दोनों बच्चों को चारों ओर से



खुले ऊंचे ठंडे बुर्ज में कैद कर दिया। 23 दिसंबर 1705 को सुबह माता गुजरी को वहीं छोड़ सशस्त्र सिपाही दोनों बच्चों को फौजदार के दरबार ले गए। दो दिन तक यही क्रम चला। मुगल नवाब ने इन साहबजादों का मनोबल तोड़ने के लिए तरह-तरह के प्रलोभन दिए। शूरवीर गुरु गोबिंद सिंह के इन दोनों छोटे लालों को धर्म परिवर्तन करने के लिए उकसाया गया तथा न करने पर कहा गया कि तुम क्रूरता पूर्वक मार दिए जाओगे। इन दोनों वीर बालकों में अपने दादा अमर हुतात्मा श्री गुरु तेग बहादुर जी एवं महापराक्रमी योद्धा अपने पिता गुरु गोबिंद सिंह के संस्कार प्रबल थे। अपने पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के अमर शब्द 'सूरा सो पहचानिये जो लरै दीन के हेत। पुरजा-पुरजा कट मरै कबहुं न छाडै खेत। ' अर्थात शूरवीर योद्धा वही है जो दीन दुखियों के धर्म की रक्षा हेतु सदैव संघर्ष करे। चाहे शरीर का अंग अंग कट जाए पर न्याय सत्य के मार्ग को कभी ना छोड़े। 26 दिसंबर को मनाया जाने वाला वीर बाल दिवस गुरु गोबिंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान की याद दिलाता है। मात्र नौ और छह वर्ष के इन बालकों ने मुगल अत्याचार और जबरन धर्मांतरण के सामने अपने जीवन का बलिदान दे दिया, लेकिन अपने धर्म और विश्वास से कभी समझौता नहीं किया। माता गुजरी ने उन्हें वीरता, शौर्य, सच्चाई और धर्म की रक्षा का पाठ पढ़ाया, जिससे उनके हृदय में अटूट संकल्प और साहस बैठ गया।

ठंडी बुर्जों में कई रातें जागते और भूखे रहते हुए भी इन बालकों के चेहरे पर भय का कोई चिन्ह नहीं था। दीवार में जीवित चुनवाने के समय भी उनका अद्भुत साहस और शांति कायम रही। उनके इस बलिदान ने भारतीय इतिहास में एक अद्वितीय और प्रेरणादायक अध्याय रचा। यह दिन हमें उनके नैतिक बल, आध्यात्मिक साहस और धर्म की रक्षा के प्रति अडिग संकल्प को याद करने और सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन वीर बालकों की वीरता और बलिदान से प्रेरित हों।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एक डॉक्टर और एक अच्छे डॉक्टर में जमीन-आसमान का फर्क

एक डॉक्टर केवल बीमारी देखता है। वह डायग्नोसिस करता है, दवा लिखता है और आगे बढ़ जाता है। उसके लिए मरीज एक 'केस' होता है-एक नंबर, एक फाइल। उसकी आवाज में ठंडक होती है, नजरें घड़ी पर टिकी रहती हैं, और शब्दों में जल्दबाजी। वह सही हो सकता है, कुशल हो सकता है, लेकिन उसका इलाज सिर्फ शरीर तक पहुंचता है-दिल तक नहीं।



डॉ.जनक राज
विधायक, भरमौर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मरीज उसके पास से उठता है तो शरीर में दवा तो होती है, लेकिन दिल में एक खालीपन, एक ठेस। दूसरी ओर, एक अच्छा डॉक्टर इंसान देखता है। वह मरीज के चेहरे पर दर्द पढ़ता है, उसकी आंखों में डर को पहचानता है। वह धीरे से हाथ थामता है, मुस्कुराकर कहता है, 'चिंता मत कीजिए, मैं हूं ना आपके साथ। सब ठीक हो जाएगा।' वह मरीज का नाम लेकर पुकारता है, उसकी बात पूरी सुनता है, और जवाब में प्रेमपूर्वक समझाता है जैसे कोई अपना समझा रहा हो। उसकी आवाज में करुणा होती है, व्यवहार में सम्मान, वह जानता है कि दवा के साथ-साथ आशा एक दवा है, और वो आशा वह स्वयं होता है। मरीज उसके पास से उठता है तो दिल में एक नई रोशनी लेकर, एक नई हिम्मत लेकर

अच्छा डॉक्टर समझता है कि अस्पताल सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि पीड़ित मानवता का आश्रय स्थल है, जहां हर आंसू को पोंछा जाना चाहिए, हर डर को गले लगाया जाना चाहिए। वहां हर शब्द एक घाव भर सकता है या नया घाव दे सकता है।

आज का शिक्षित और जागरूक समाज अस्पतालों से केवल तकनीकी सुविधाओं, मशीनों या दवाइयों की मांग नहीं करता। वह चाहता है कि अस्पतालों में संवेदनशीलता, करुणा और सम्मान भी मौजूद हो। आधुनिक चिकित्सा में सिर्फ दवा और उपचार पर्याप्त नहीं है, बल्कि स्वास्थ्यकर्मियों का मानवीय दृष्टिकोण, सहानुभूति और गर्मजोशी भी



उतनी ही आवश्यक हैं। यह समय है आत्ममंथन और सुधार का। जब तक डॉक्टर, नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने साथियों और मरीजों के प्रति करुणा, समझ और सम्मान नहीं दिखाएंगे, तब तक उपचार पूर्ण और संतोषजनक नहीं हो सकता।

हमें यह समझना होगा कि अस्पताल सिर्फ रोगों का इलाज करने का स्थान नहीं है। यह ऐसा मंच होना चाहिए, जहां मरीज न केवल अपने शरीर की बीमारी से निजात पाए, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सुरक्षित, आश्वस्त और सम्मानित महसूस करे। स्वास्थ्य सेवा केवल शारीरिक उपचार तक सीमित नहीं रह सकती, यह मरीज के मन और आत्मा की भी देखभाल करती है।

इंसानियत, करुणा और संवेदनशील संवाद ही वह सच्ची दवा हैं, जो दर्द, बीमारी और असुरक्षा के साथ-साथ भय और चिंता को भी कम करती हैं। आज हमें मिलकर ऐसे अस्पताल बनाने की दिशा में काम करना होगा, जहां तकनीक और आधुनिक विज्ञान के साथ-साथ मानवीय स्पर्श, संवेदनशीलता और सम्मान हर मरीज को मिले। यही वह बदलाव है, जो हमारी स्वास्थ्य प्रणाली को सिर्फ रोग निवारण का केंद्र नहीं, बल्कि मानव के संपूर्ण कल्याण का प्रतीक स्थल बनाएगा। आइए, हम सब मिलकर अस्पतालों को फिर उस मुकाम पर ले जाएं जहां इंसान सिर्फ स्वस्थ होने नहीं, बल्कि सम्मानित, आश्वस्त एवं सुरक्षित महसूस करे, क्योंकि अंततः इलाज सिर्फ शरीर का नहीं, मन का भी है,इंसानियत और करुणा जिसकी सच्ची दवा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### अटल के जीवन व विचारों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद की जिला मंडी इकाई द्वारा 25 दिसंबर को वृद्धाश्रम सुंदरनगर में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. केशवानंद कौशल, सेवानिवृत प्राचार्य एवं सचिव संस्कृत अकादमी हिमाचल प्रदेश तथा मुख्य वक्ता अजय कुमार, जिला प्रचारक सुंदरनगर रहे। संगोष्ठी दो सत्रों में आयोजित हुई। प्रथम सत्र में 'कुटुम्ब प्रबोधन' विषय पर वक्ताओं ने अटल जी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त परिवार व्यवस्था की महत्ता बताई तथा उपभोक्तावादी संस्कृति से उत्पन्न सामाजिक विघटन पर चिंता व्यक्त की। दूसरे सत्र में साहित्यकारों द्वारा काव्य पाठ प्रस्तुत किया गया, जिसमें पी.सी. कौंडल, भीम सिंह परदेसी, सुरेन्द्र मिश्रा, मनोहर लाल, यादवेंद्र ठाकुर सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

### वाजपेयी के आदर्शों को अपनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर हराबाग में श्रद्धा और सम्मान के साथ भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। नाचन विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनोद कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी केवल महान राजनेता ही नहीं, बल्कि सुशासन, लोकतंत्र और राष्ट्रहित के सशक्त पक्षधर थे। विधायक प्रकाश राणा ने उनके जीवन, विचार और जनसेवा को प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने अटल जी के आदर्शों को अपनाने और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### महिला मंडलों को कुर्सियां व गद्दे किए वितरित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारत मजदूर किसान संगठन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत चोलथरा के सहयोग से शिव मंदिर कांगो का गलू में एक भव्य सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रधान मेहर चंद गारला ने की। मुख्य अतिथि संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश भाटिया और विशेष अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री अनीता बाला रहीं। कार्यक्रम में संगठन द्वारा चार महिला मंडलों को 25 कुर्सियां और 25 गद्दे निशुल्क वितरित किए गए। मुख्य अतिथि ने कहा कि संगठन सेवा भाव से गरीब, मजदूर, किसान और असहाय वर्ग के लिए निष्पक्ष रूप से कार्य कर रहा है। संयोजक एवं उपप्रधान विजय बनयाल ने भविष्य में ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। मौके पर मंदिर और बाजार समिति, सामाजिक संगठन, पत्रकार संघ और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बांग्लादेश अत्याचार के विरोध में निकाली रोष रैली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के फतेहपुर में वीरवार को बजरंग दल के नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचारों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। रैली में स्थानीय जनमानस में रोष देखा गया, विशेषकर दीपू दास नामक हिंदू युवक की मौत और हिंदू मंदिरों व ऐतिहासिक धरोहरों को जलाने की घटनाओं को लेकर। विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने हाथों में बांधकर रैली निकाली और बांग्लादेश के कार्यवाहक मुखिया अनुस खान का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि धर्म के नाम पर हिंसा मानवता पर कलंक है। रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### पलाहोटा स्कूल में मेधावी छात्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पलाहोटा में वीरवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि हिमाचल अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के चेयरमैन लाल सिंह कौशल ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सरकार हर प्रदेश वासी को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कृतसंकल्प है। लाल सिंह कौशल ने स्कूल की समस्याओं और मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्कूल के स्टेज के लिए 3 लाख रुपए, दो कमरे और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 5100 रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किरण चौधरी ने स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट पेश की। स्कूल के एसएमसी प्रधान देश राज और स्थानीय समाजसेवियों ने भी स्कूल के विकास में सहयोग देने की बात कही।

### देव गहरी नेर की पूजा व नाटी बनी आकर्षण

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में जिला जोगिन्द्र नगर के अंतर्गत बरोट खंड द्वारा मुल्थान मेला मैदान में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ छोटाभंगाल घाटी के आराध्य देव गहरी नेर द्वारा किया गया। चौहार घाटी और छोटाभंगाल घाटी की 25 महिला मंडलों की महिलाओं और लगभग तीन हजार दर्शकों ने फूलमालाओं और जयकारों के साथ देव गहरी नेर का स्वागत किया मुख्य वक्ता वनवीर राणा, विभाग प्रचारक पूर्वी दिल्ली मनोहर और विभाग कार्यवाह कुलदीप ने संघ के सौ वर्ष के कार्यकाल और पंच परिवर्तन विषय पर प्रकाश डाला। महिला मंडलों ने संयुक्त रूप से पहाड़ी वेशभूषा में नाटी प्रस्तुत की। आयोजन के अंत में देव गहरी नेर की पूजा-अर्चना की गई और सभी महिला मंडलों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

### पेंशनर्स फेडरेशन खंड की मासिक बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स फेडरेशन खंड गोपालपुर की मासिक बैठक वीरवार को खंड अध्यक्ष रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में सरकाघाट में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष अतिथि रहे। सभी उपस्थित सदस्यों ने पेंशनर्स डे के सफल आयोजन की सराहना की और नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स के अधिकार सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त संघर्ष समिति के साथ मिलकर अगली रणनीति तैयार की जाएगी। फेडरेशन ने मुख्यमंत्री से पेंशनर्स को दो भागों में विभाजित करने पर विरोध जताया और सभी पेंशनर्स को समान दृष्टि से देखने का आग्रह किया। बैठक में खंड महासचिव जगदीश नरयाल, उप प्रधान मनोहर चंदेल, वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप गुलेरिया, कोषाध्यक्ष श्याम लाल शर्मा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भरनाल में उत्साहपूर्वक मनाया क्रिसमस पर्व



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बाल देखभाल संस्थान भरनाल में क्रिसमस का पर्व बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों ने 'जिंगल बेल्स' जैसे गीतों पर नृत्य किया और छोटे नाटकों के माध्यम से ईसा मसीह के शांति और प्रेम का संदेश साझा किया। बच्चों ने यह भी बताया कि धर्मनिरपेक्षता का मतलब केवल सहिष्णुता नहीं, बल्कि सभी धर्मों का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि हमें कभी धर्म या जाति के आधार पर भेदभाव नहीं करना चाहिए और प्रेम से सभी का सम्मान करना चाहिए।

### पहली बार जाहू में होगा स्थापना दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आर्मी मेडिकल कोर का स्थापना दिवस 1 जनवरी 2026 को नव वर्ष के अवसर पर हिमाचल प्रदेश में पहली बार जिला हमीरपुर के जाहू स्थित सी रॉक होटल में मनाया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश के सभी जिलों से आर्मी मेडिकल कोर के सेवानिवृत्त जेसीओ एवं अन्य रैंक के सैनिक भाग लेंगे। यह जानकारी सरकाघाट निवासी सूबेदार मेजर विधासागर डोगरा तथा बलदवाड़ा क्षेत्र के निवासी कैप्टन जगदीश वर्मा ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में दी। कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि जाहू स्थान का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि यह हमीरपुर, बिलासपुर और मंडी जिलों के मध्य स्थित है तथा कांगड़ा, ऊना और शिमला जैसे अन्य जिलों से भी आसानी से पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन आपसी भाईचारे व संगठन की परंपराओं को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करेगा।

# धनोटू में शहीद स्मारक स्थली पर गंदगी का साया, प्रशासन की लापरवाही उजागर

## कारगिल शहीद राजेश की स्मृति अपमानित, स्मारक परिसर बना कूड़े का ढेर

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा



धनोटू में शहीद स्मारक स्थली पर गंदगी की भरमार।

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के धनोटू में कारगिल शहीद राजेश कुमार चौहान की स्मारक स्थली परिसर गंदगी और अव्यवस्था की मार झेल रही है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं. 21 के किनारे स्थित यह स्मारक, जो क्षेत्र का एक प्रमुख स्थल और चौक का मुख्य द्वार भी है, बदबू और कचरे से भरा पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां प्रशासन और ग्राम पंचायत महादेव की उदासीनता साफ नजर आती है।

स्थानीय ग्राम पंचायत महादेव द्वारा शहीद स्मारक वाले मैदान में समय-समय पर मेले आयोजित किए जाते हैं, जिनसे अच्छी-खासी कमाई भी होती है, लेकिन स्मारक परिसर की सफाई और रख-रखाव में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे। इससे शहीद के परिजन, पड़ोसी और क्षेत्र की जनता नाराज हैं और उनका रोष लगातार बढ़ता जा रहा है।

धनोटू चौक और आसपास के क्षेत्र में कूड़े-कचरे का अंबार लगा हुआ है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग के दोनों किनारों पर अतिक्रमण और कबाड़ के ढेर ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। टूटी-फूटी पाइपें, प्लास्टिक और अन्य कचरा सड़क किनारे फैला पड़ा है, जिससे वाहन और लोगों के लिए मार्ग पार करना मुश्किल हो गया है। यहां की आटोमोबाइल वर्कशॉप भी गंदी नालियों और अव्यवस्थित कचरे के कारण समस्याओं का सामना कर रही हैं। अव्यवस्था के चलते शहीद की प्रतिमा के पास राजनीतिक पोस्टर और अनावश्यक सामग्री रख दी गई है, जिससे स्मारक की प्रतिमा आंशिक रूप से छिपी हुई नजर आती है। स्थानीय लोग इसे शहीद की स्मृति के अपमान के रूप में देख रहे हैं।

जनता ने डीसी मंडी और सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग की है कि शहीद राजेश कुमार चौहान की स्मारक स्थली को तुरंत साफ किया जाए और उसे सम्मानजनक रूप से संरक्षित किया जाए। लोग चाहते हैं कि इस वीर सपूत की स्मृति को किसी भी तरह से कलंकित न होने दिया जाए और प्रशासन इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाए। धनोटू के लोग यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि यदि जल्द ही कोई ठोस उपाय नहीं किया गया, तो वह आंदोलन या अन्य उपायों के लिए मजबूर हो सकते हैं।

# पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल लाइन में किया जाएगा विकास और संरक्षण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**हैरिटेज रेल मार्ग को मिलेगी नई पहचान, यात्रियों के लिए होगी बेहतर सुविधाएं**

प्रदेश की ऐतिहासिक पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरोगेज रेल लाइन के संरक्षण, प्रबंधन और विकास के लिए भारतीय रेल ने गंभीर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस कड़ी में भारतीय रेल की कार्यकारी निदेशक हैरिटेज आशिमा मेहरोत्रा ने जोगिंद्रनगर रेलवे स्टेशन और आसपास के रेल परिसरों का व्यापक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, प्लेटफार्म की स्थिति, ट्रैक की मजबूती और रेलवे भवनों की संरचना का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐतिहासिक स्वरूप को बनाए रखते हुए आवश्यक मरम्मत और सुधार किए जाएं, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलें और यह विरासत रेल मार्ग सुरक्षित रहे।

आशिमा मेहरोत्रा ने कहा कि यह रेल मार्ग केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर है। इसे पर्यटन दृष्टि से विकसित किया जाएगा, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटक आकर्षित हों और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलें। निरीक्षण के बाद पालमपुर में एक राष्ट्रीय स्तर की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों ने संरक्षण, प्रबंधन, अपग्रेडेशन और हैरिटेज महत्व पर चर्चा की। इसमें तय किया गया कि रेल लाइन को हैरिटेज टूरिज्म सर्किट के रूप में विकसित किया जाएगा, स्टेशन परिसरों को आकर्षक बनाया जाएगा, यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा मानकों को बढ़ाया जाएगा।

रेलवे अधिकारियों का मानना है कि इन प्रयासों के परिणामस्वरूप आने वाले दिनों में पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल मार्ग यात्रियों के लिए सुविधाजनक और हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मजबूत पहचान प्राप्त करेगा।

# छोटी काशी में तुलसी माता सम्मान कार्यक्रम संपन्न, सनातन संस्कृति का दिया संदेश



छोटी काशी में तुलसी पूजन महोत्सव के दौरान गणमान्य और बच्चे।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

छोटी काशी मंडी के सिद्ध काली माता मंदिर परिसर में तुलसी माता के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अनुपमा सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए तुलसी के धार्मिक, सांस्कृतिक और औषधीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि तुलसी केवल पौधा नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की आत्मा है, जो जीवन, स्वास्थ्य और पर्यावरण से गहराई से जुड़ी हुई है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से बच्चों को तुलसी के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सरल और रोचक उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि तुलसी किस प्रकार शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है और दैनिक जीवन में इसका उपयोग लाभकारी है। अनुपमा सिंह ने यह भी बताया कि सनातन परंपराओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और स्वास्थ्य से जुड़ा गहरा ज्ञान निहित है।

इस अवसर पर डॉ. ओम, किशोरी लाल, चंद्रशेखर वैद्य, सरोच जी, अशोक शर्मा, व्यापार मंडल, वीर मंडल, ब्राह्मण सभा, राजपूत सभा, सिटीजन काउंसिल, विभिन्न सेल्फ हेल्प ग्रुप, विश्व हिंदू जागरण मंच, आर्ट ऑफ लिविंग, रोटरी क्लब, विद्या भारती व कई नागरिक उपस्थित रहे।

# बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों से मोहा सबका मन

## न्यू पैराडाइस पब्लिक स्कूल ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, बग्गी**



न्यू पैराडाइस पब्लिक स्कूल गुटकर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम बल्ह समृतिका नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति, स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा मुख्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया।

एसडीएम समृतिका नेगी ने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता और अध्यापकों के मार्गदर्शन का पालन करने से जीवन में सही दिशा और सफलता प्राप्त होती है। इस अवसर पर प्रधानाचार्या लता कश्यप ने स्कूल की शैक्षणिक व सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों पर आधारित वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

समारोह में स्कूली विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्या लता कश्यप, चेयरमैन गुरबचन सिंह कश्यप, चीफ मैनेजर सर्किल ऑफिस मंडी लक्ष्मी नारायण, कर्म सिंह कश्यप, विद्या देवी, सरिता कश्यप, विद्यालय स्टाफ सहित कई उपस्थित रहे।

**ये बच्चे किए सम्मानित**

**नाविका**, ध्रुव, शिवांश, परिषा, अर्णव, आदित्या ठाकुर, आद्विवक, अनन्या, इशिका, जिज्ञांश, आदित्या चौहान, हितेश, ऋषिका, मेहवीस, रियांश, लावण्या, कशिश ठाकुर, परी, रेहान वर्मा, अनन्या, शिवन्या, रितिका, समृति, शानवी शर्मा, आराध्या ठाकुर, सैशा, दिवांशी, सिमरन, जेनीषा, शिवन्या सेन, कार्तिक, आकांशा, अर्पिता, गौरी, नक्ष, वरुण, नमन, कशिका, एकता, संस्कृति, पायल, रूहानिका, रियांन, अभिनव, आरुषि, दीक्षिता, उदय, मानवी, रिद्धिमा, प्रियांशी, दिक्षिका, अक्षिता, संजना, नितिन, मानसी, आस्था, राशि, हिमांशी, नेहा, स्वास्तिक, शिवम्, संचिता, भूमिका, चिराग, जागरीती, रुद्राक्ष, पूर्वी, सृष्टी, मानवी चौधरी, नित्या,यशी दुवे, अनैसा भटिया, मानवीक, इशव, ऋषभ, रिवंश, इस्पिता वर्मा, काव्यांश, वंशिका, काव्यांश, अनाया, रेयांश, कार्तिक, शिवम्, संचिता, चिराग, अरमान, स्वेता, सव्या समेत सैकड़ो मेधावी बच्चो को समानित किया।

# खड़ी कार के 2 टायर चोरी, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट उपमंडल के गांव छिम्बाबल्ह स्थित ब्रालकुट मोड़ पर रात के समय पार्क की कार के दो टायर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चोर वारदात के बाद मौके पर कार का जैक छोड़कर फरार हो गए। घटना का पता उस समय चला जब सुबह ग्रामीण बस का इंतजार कर रहे थे। उनकी नजर सड़क किनारे खड़ी कार पर पड़ी, तो देखा कि कार के आगे के दोनों टायर गायब हैं। ग्रामीणों ने तुरंत कार मालिक दिनेश कुमार, जो विद्युत विभाग में लेखा अधिकारी हैं, को फोन पर सूचना दी। सूचना मिलते ही दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने देखा कि कार के दो टायर चोरी हो चुके हैं, जबकि जैक वहीं पड़ा हुआ था। इसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस थाना सरकाघाट को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्र में पूछताछ की जा रही है। क्षेत्र में इस चोरी की घटना से लोगों में चिंता का माहौल है।

# 'चांद से प्यारी दादी मां' नृत्य पर लूटी वाहवाही

## एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में दादा-दादी दिवस हर्षोल्लास से संपन्न

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते हुए।

**सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल सरकाघाट में वीरवार को दादा-दादी दिवस हर्षोल्लास, सांस्कृतिक विविधता एवं पारिवारिक मूल्यों के साथ सफलतापूर्वक मनाया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों का संयुक्त सहयोग रहा। कार्यक्रम में पीसी जम्वाल (सामाजिक कार्यकर्ता) तथा जैसी राम (सेवानिवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राणा ने कहा कि भारत की पहचान अनेकता में एकता से है और विद्यालय में तुलसी पूजन के साथ क्रिसमस-डे तथा 25 दिसंबर को शहीदी दिवस के रूप में स्मरण किया जाना सांस्कृतिक समरसता और देशभक्ति का प्रतीक है। विद्यालय के निदेशक प्रेम चंद ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में दादा-दादी व नाना-नानी के प्रति सम्मान और प्रेम की भावना विकसित करते हैं, जबकि प्राचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक बताया। कार्यक्रम में नर्सरी व एलकेजी के बच्चों ने चांद से प्यारी दादी मां विषय पर नृत्य, यूकेजी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने दादा-दादी पर आधारित नृत्य तथा सनाया ठाकुर ने पहाड़ी नृत्य प्रस्तुत किया। दादा-दादी व बच्चों के लिए रस्सा-कशी, स्किपिंग, बैलून गेम, बॉल कलेक्टिंग, ब्लॉक कलेक्टिंग और बुक बैलेंस रेस जैसी प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनमें कक्षा प्रथम में आस्था-रियांश प्रथम, अंशिका-अनुरोध द्वितीय, कैरिसा-विवान तृतीय, कक्षा द्वितीय में सेविका-सक्षम प्रथम, इशिता-आदि द्वितीय, मानीटर अमित तृतीय, कक्षा तृतीय में द्रव्य-हर्षित सैनी प्रथम, प्रगति-रियाज द्वितीय, ऋषिका तृतीय, कक्षा चतुर्थ में दीपांजलि प्रथम, तानिया द्वितीय, नव्या तृतीय तथा कक्षा पंचम में अव्यय प्रथम स्थान पर रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी दादा-दादी व नाना-नानी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा मुख्य अतिथि पीसी जम्वाल और जैसी राम ने बच्चों के लिए 11,000 रुपये की राशि रिफ्रेशमेंट हेतु प्रदान की।

# असेंट पब्लिक स्कूल में मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

## लक्ष्य के अनुसार आगे बढ़ें बच्चे : जीवन ठाकुर

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**



असेंट पब्लिक स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य।

**जोगिंद्रनगर।** असेंट पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्रिज मंडी में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर रहे। स्कूल पहुंचने पर स्कूल निदेशक व प्रधानाचार्य लक्की ठाकुर व विद्यालय स्टाफ ने मुख्यातिथि का स्वागत किया।

समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों को अभिभावकों व अतिथियों ने खूब सराहा। इस अवसर पर स्कूल निदेशक व प्रधानाचार्य लक्की ठाकुर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए वर्ष भर में शिक्षा, खेलकूद व अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यातिथि जीवन ठाकुर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों पर अपने करियर से जुड़े फैसले न थोपें, बल्कि जिस क्षेत्र में बच्चे रुचि रखते हैं, उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि जब हम हर क्षेत्र में बच्चों को आगे आने का मौका देंगे, तभी एक सुंदर प्रदेश और देश बना पाएंगे।

उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि वे स्वयं वकील बनना चाहते थे और उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल किया। उन्होंने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि पहले यह समस्या मुख्य रूप से पंजाब तक सीमित थी, लेकिन अब हिमाचल प्रदेश तक फैल रही है।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस द्रंग के पूर्व अध्यक्ष बामन देव, नगर परिषद के पार्षद रंजन शर्मा, प्यार चंद, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दलेर सिंह व पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरव ठाकुर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# किसानों को कृषि, फसल विविधीकरण और सामुदायिक सहभागिता का संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर में जिला स्तरीय किसान समूह मेला और रक्तदान शिविर आयोजित**

कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर के सामुदायिक भवन में जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी द्वारा हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना-II (एचपीसीडीपी-II) के अंतर्गत जिला स्तरीय किसान समूह मेला एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान और एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी विशेष अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. मदन कुमार ने मेला में विभिन्न किसान समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया और उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान समूहों को सम्मानित किया। उन्होंने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का अवलोकन भी किया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने रक्तदान कर सामाजिक दायित्व का परिचय दिया। डॉ. मदन कुमार ने फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी हैं।

परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने जानकारी दी कि एचपीसीडीपी-II के तहत जिले में 86 सिंचाई योजनाओं की डीपीआर तैयार की गई है, जिससे 2,194.90 हेक्टेयर क्षेत्र लाभान्वित हो रहा है। इनमें 42 योजनाएं पूर्ण, 36 निर्माणाधीन और 27 योजनाएं किसान जल उपयोगकर्ता संघों को सौंपी जा चुकी हैं, जिससे 10,873 किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने बताया कि फसल विविधीकरण के तहत 54 उप-परियोजनाओं में 40 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में सब्जी उत्पादन शुरू किया गया है। इस अवसर पर डीपीएम मंडी डॉ. हेमराज वर्मा, प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जिला मंडी व कुल्लू के किसान और स्वयं सहायता समूहों के सदस्य उपस्थित रहे।

**प्राकृतिक खेती** किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही 'सुक्खू सरकार' की पहल

# हल्दी की फसल से मिल रहा आर्थिक संबल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

आत्मनिर्भर हिमाचल की दिशा में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की कृषि हितैषी नीतियां अब धरातल पर सकारात्मक परिणाम देने लगी हैं। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन के उद्देश्य से सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किए जाने से किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, वहीं आम जनता को गुणवत्तापूर्ण एवं रसायन-मुक्त खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है।

मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच है कि खेती-किसानी को लाभकारी बनाकर युवाओं को पुनः इस क्षेत्र की ओर आकर्षित किया जाए। इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने कच्ची हल्दी की खेती को प्रोत्साहन देते हुए इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम घोषित किया है। हल्दी के औषधीय गुणों और बढ़ती मांग को देखते हुए इसे मसाला उद्योग के साथ-साथ कॉस्मेटिक उद्योग से जोड़ने पर भी विचार किया जा रहा है।



### क्या कहते हैं उप परियोजना अधिकारी

**कृषि** विभाग के उप परियोजना अधिकारी हितेंद्र रावत ने बताया कि जिला मंडी में वर्ष 2024-25 के दौरान 15 किसानों से कुल 2.982 मीट्रिक टन कच्ची हल्दी की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 90 रुपए प्रति किलोग्राम के हिसाब से की गई। इन किसानों के खाते में लगभग 2.68 लाख रुपए विभाग द्वारा डाले गए। उन्होंने अन्य किसानों से भी प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

### प्राकृतिक खेती ने बदली किसान सुरेश की तकदीर

**जिला** मंडी में भी आत्मनिर्भर हिमाचल की परिकल्पना को साकार करती 'सुक्खू सरकार' की कृषि नीतियां अब ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसका सशक्त उदाहरण हैं उपमंडल बल्ह के गांव गंभर खड्ड के किसान सुरेश कुमार। किसान परिवार से संबंध रखने वाले सुरेश बताते हैं कि वे बचपन से ही खेती करते आ रहे हैं। पहले मक्की बीजते थे, लेकिन समय के साथ जंगली जानवरों के बढ़ते आतंक से उनकी फसलें लगातार नष्ट होने लगीं। मेहनत के बावजूद आमदनी न होने से उन्होंने खेती करना छोड़ दिया और खेत बंजर होने लगे। पिछले वर्ष कृषि विभाग द्वारा संचालित जाइका परियोजना के अंतर्गत जीरो बजट प्राकृतिक खेती तथा कच्ची हल्दी की 90 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से सरकारी खरीद की जानकारी मिली। यह उनके जीवन में एक नई शुरुआत साबित हुई। उन्हें विभाग से मार्गदर्शन के साथ ही पालमपुर से 100 किलोग्राम हल्दी का बीज उपलब्ध करवाया गया।

इस सफलता से उत्साहित सुरेश आगामी सीजन में दो बीघा भूमि में हल्दी की प्राकृतिक खेती करने की योजना बना रहे हैं। उनका कहना है कि सरकार की यह योजना किसानों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य से जहां अच्छी आमदनी सुनिश्चित हुई है, वहीं प्राकृतिक खेती से लागत भी काफी कम हुई है।

# सरकारी व निजी बसों में भाड़े के अंतर से यात्री परेशान

## एक ही रूट पर अलग-अलग भाड़ा, यात्रियों ने आरटीओ से की शिकायत

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** जिला में बसों के निर्धारित भाड़े को लेकर आम लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। परिवहन निगम और निजी बस ऑपरेटरों द्वारा वसूल किए जा रहे भाड़े में अंतर है। यात्रियों का आरोप है कि सरकारी परिवहन निगम की बसों और निजी बस चालकों द्वारा वसूले जा रहे भाड़े में स्पष्ट अंतर देखा जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

कई यात्रियों ने इस मामले को लेकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में भी शिकायतें दर्ज करवाई हैं। स्थानीय यात्रियों अजय कुमार, सविता, सुषमा और सुनीता आदि का कहना है कि एक ही रूट पर चलने वाली सरकारी बसों की तुलना में निजी बसों में अधिक भाड़ा वसूला जा रहा है। कई बार यात्रियों को भाड़े की सही जानकारी न होने का फायदा उठाकर मनमानी रकम ली जाती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से शहर की ओर आने-जाने वाले लोग इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हैं। यात्रियों का यह भी कहना है कि बसों में भाड़ा सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं की जाती, जिससे विवाद की स्थिति बनती है। कुछ मामलों में भाड़े को लेकर यात्रियों और बस कंडक्टरों के बीच बहस तक हो जाती है।



हिमाचल परिवहन निगम की टिकट।



निजी बस कंपनी की टिकट।

लोगों ने मांग की है कि सभी बसों में निर्धारित भाड़ा सूची अनिवार्य रूप से लगाई जाए। हालांकि, मैदानी और पहाड़ी क्षेत्र के भाड़े में भी अंतर है। यह अंतर इतना अधिक है कि पहाड़ों में कठिनाई का जीवन जीने वालों पर अतिरिक्त बोझ ठीक नहीं है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भाड़े को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं और नियमित जांच अभियान चलाए जाएं, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके।

अनंत ज्ञान मुद्दा

जानकारी के मुताबिक मैदानी क्षेत्र के लिए एक किलोमीटर सफर का लगभग डेढ़ रुपया, जबकि पहाड़ी क्षेत्र के लिए एक किलोमीटर का दोगुना से थोड़ा कम अढ़ाई रुपए के करीब भाड़ा है। बंगाणा से ऊना का भाड़ा परिवहन निगम 65 रुपए 28 किलोमीटर का वसूल कर रहे हैं, जबकि अधिकांश निजी बस ऑपरेटरों द्वारा 70 रुपए लिए जा रहे हैं। ऐसे ही ऊना से झलेड़ा तक निगम द्वारा 7 रुपए तो कई निजी बस ऑपरेटरों द्वारा 10 रुपए लिए जा रहे हैं। ऐसे में असमंजस बनी हुई है।

### पूरे मामले की जांच की जाएगी : आरटीओ

**इस** मामले प्रतिक्रिया देते हुए आरटीओ अशोक कुमार ने कहा है कि उन्हें भाड़े को लेकर शिकायतें मिली हैं और पूरे मामले की जांच की जाएगी। आरटीओ ने स्पष्ट किया कि जांच में निजी बस चालकों द्वारा निर्धारित भाड़े से अधिक वसूली पाए जाने पर संबंधित बस ऑपरेटरों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ ने यह भी कहा कि यात्रियों को किसी भी प्रकार की अनियमितता की स्थिति में तुरंत विभाग को सूचित करना चाहिए, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। वहीं, फिलहाल, आरटीओ की जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि निजी बसों द्वारा भाड़े में की जा रही कथित अनियमितताओं पर क्या कार्रवाई होती है। यात्रियों को उम्मीद है कि प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करेगा।

# अंब में पकड़ी प्रतिबंधित दवाइयों के मामले में एमआर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, अंब।** अंब में नशीली एवं प्रतिबंधित दवाइयों की तस्करी के एक बड़े मामले में पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। लाखों रुपए की नकदी व भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाइयों की बरामदगी के मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी से गहन पूछताछ के दौरान पुलिस ने एक मेडिकल रिप्रैजैंटेटिव (एमआर) को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में मुख्य आरोपी ने खुलासा किया कि वह प्रतिबंधित नशीली दवाइयां एक एमआर से प्राप्त करता था। इस अहम खुलासे के बाद पुलिस ने आरोपी एमआर जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया। उसे बुधवार को अदालत में पेश किया जाएगा। 19 दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस, ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने अम्ब स्थित एक मेडिकल स्टोर तथा उसके पीछे बने आरोपी के रिहायशी मकान पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मेडिकल स्टोर से कोई प्रतिबंधित दवा बरामद नहीं हुई, लेकिन रिहायशी मकान की तलाशी में ट्रामाडोल (100 एमजी) की कुल 2330 गोलियां (233 ग्राम) बरामद की गईं। इसके साथ ही आरोपी के घर से करीब 24.35 लाख रुपए नकद भी मिले, जिनके संबंध में आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ड्रग इंस्पैक्टर द्वारा बरामद दवाइयों को प्रतिबंधित नशीली दवाइयां घोषित किया गया। पुलिस ने सभी दवाइयों, नकदी और अन्य अहम साक्ष्यों को नियमानुसार सील कर कब्जे में लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

# 2027 तक देश का पहला शत-प्रतिशत पेयजल से संपन्न विधानसभा क्षेत्र होगा हरोली : मुकेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**


उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बन बिहारी नंद ब्रह्मचारी के स्कूल के मेधावी छात्रों के साथ।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि साल 2027 तक हरोली देश का पहला ऐसा विधानसभा क्षेत्र बनेगा जहां हर घर-आंगन और हर खेत को पानी उपलब्ध होगा और पूरा क्षेत्र 100 प्रतिशत पेयजल एवं सिंचाई सुविधा से संपन्न होगा।

इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए क्षेत्र में योजनाबद्ध एवं चरणबद्ध ढंग से निर्णायक कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समग्र और भविष्योन्मुखी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि वर्तमान आवश्यकताओं के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत आधार तैयार किया जा सके। वे वीरवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के सलोह स्थित बन बिहारी नंद ब्रह्मचारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध ढंग से सीबीएसई पैटर्न पर विकसित किया जा रहा है। इसके साथ ही राजीव गांधी आदर्श राजकीय डे-बोर्डिंग स्कूल योजना के तहत आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक ढांचा तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और खेल अधोसंरचना का समन्वय ही युवाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाता है। अग्निहोत्री ने कहा कि खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में हरोली विधानसभा क्षेत्र के रोड़ा गांव में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से अत्याधुनिक सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। यह ट्रैक क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को तराशने में सहायक होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त और भविष्योन्मुखी ढांचागत विकास किया गया है। आज क्षेत्र में 32 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के अलावा 3 सरकारी कॉलेज, 2 आईटीआई, लॉ कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, ट्रिपल आईटीआई तथा केंद्रीय विद्यालय जैसी संस्थाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री पीजी डिग्री कॉलेज हरोली कॉलेज के भवन का निर्माण 12 करोड़ रुपए की लागत से जल्द पूरा किया जाएगा, जबकि खड्ड कॉलेज में 13 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वयंसेवकों को आग पर काबू पाने की दी ट्रेनिंग

**अनंत ज्ञान, ऊना।** आग व आपदा से लड़ने के लिए नागरिक सुरक्षा ब्लांटियर हमेशा अलर्ट रहें। यह बात ऊना आईटीआई में लीडिंग फायरमैन जयपाल शर्मा ने नागरिक सुरक्षा स्वयसेवकों को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर कंपनी कमांडर टेक सिंह, जनक राज, फायरमैन मुकेश कुमार, मुनीश कुमार आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आपदा कभी भी आ सकती है। प्रदेश में आई आपदा में होने वाले जान माल के नुकसान से हम सब को सीख लेनी चाहिए इसलिए भविष्य में ऐसी विकट स्थिति से निपटने के लिए हम सब को फ्रंट लाइन में आकर पीड़ित मानवता की सेवा के तैयार रहना होगा। उन्होंने अग्निशमन सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आग लगने के कारणों, प्रकार व बुझाने के बारे में विस्तार से बताया व प्रैक्टिकल करके दिखाया गया। स्वयंसेवियों से अभ्यास करवाया गया।

### कुकिंग प्रतियोगिता में कुसुम लता रही प्रथम

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बंगाणा में ब्लॉक स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 166 प्रतिभागियों में से 12 मिड-डे मील वर्कर्स, उनके सहायकों तथा एक समुदाय सदस्य ने भाग लेकर अपनी पाक-कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कुसुम लता (ननावीं) ने प्रथम, अनीशा (बंगाणा) ने द्वितीय तथा शशि बाला (धनेत) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम लाल धीमान ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार, देश राज मोदगिल, सुधेश कुमार, (बीईईओ बंगाणा) हंसराज, सुमन (सीएचटी बंगाणा), मनोज (एचटी), शिव कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। वक्ताओं ने प्रतियोगिता के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन रसोइयों की दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ पोषण युक्त भोजन के महत्व को भी रेखांकित करते हैं।

### सुखमनी साहिब व चौपाई साहिब का पाठ किया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी रक्कड़ में वीरवार को शहीदी सप्ताह पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान गुरु नानक देव जी के वंशज बाबा सरबजोत सिंह बेदी व संगत उपस्थित रहे। गुरमेश सिंह मान और जसबीर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में सुखमनी साहिब व चौपाई साहिब का पाठ किया गया। निरभय सिंह हजूरी रागी, हरदीप सिंह, गोपाल सिंह और कुलदीप सिंह ने माता गुजरी व चार साहिबजादों की शहादत का इतिहास सुनाया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। बाबा जीत सिंह, बाबा प्रितपाल सिंह, बाबा अमनदीप सिंह, साध्वी मनीषा भारती, गुरु नानक मिशन संस्था के महासचिव हरपाल सिंह कोटला सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रबंधक कमेटी ने कालोनी के सभी सेवादारों का धन्यवाद किया और गुरु का लंगर भी लगाया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** चौकीमन्यार क्षेत्र में नववर्ष के आगमन और परम श्रद्धेय गुरु महाराज जी के जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ गुरुवार को कलश यात्रा के साथ हुआ। बड़ूही बाजार से प्रारंभ हुई यात्रा उषा माता मंदिर पहुंची, जिसमें महिलाएं कलश धारण कर चल रही थीं और पुरुष भजन-कीर्तन कर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध महामंडलेश्वर स्वामी रामेश्वरानंद सरस्वती महाराज जी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। कथा का उद्देश्य समाज में धर्म, भक्ति, सदाचार और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। आयोजन समिति ने बताया कि कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और प्रेरणादायक प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए स्वयंसेवकों ने भूमिका निभाई, और आगामी दिनों में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

# वाजपेयी मतलब राष्ट्रसेवा, राजनीति व विचारधारा का प्रेरणास्रोत : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा कार्यालय, होटल करण राज, बंगाणा में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल जी के जीवन, उनके विचारों और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। दविंदर कुमार भुट्टो ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर में जन्मे और भारतीय राजनीति के ऐसे नेता थे जिन्होंने विरोधियों के बीच भी सम्मान और विश्वास अर्जित किया। एक कुशल वक्ता, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राजनेता के रूप में अटल जी ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने तीन बार प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व किया और पोखरण परमाणु परीक्षण, लाहौर बस यात्रा और स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना जैसी ऐतिहासिक पहल की। भुट्टो ने कहा कि अटल जी केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि एक संवेदनशील साहित्यकार भी थे। उनकी कविताओं में राष्ट्रप्रेम और मानवीय संवेदना झलकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और युवाओं से आग्रह किया कि अटल जी के आदर्शों पर चलकर देश को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, अभय सिंह राणा, अमन शर्मा, राजेंद्र ठाकुर समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सच्ची श्रद्धा व प्रेम से मिलते हैं भगवान : बाबा बाल जी

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज वीरवार को गोंदपुर बनेहड़ा के शास्त्री निवास में पहुंचे। महाराज का भव्य स्वागत श्रद्धालुओं द्वारा फूल मालाओं के साथ किया गया।

सत्संग के दौरान पूरा पंडाल 'हरे राम हरे राम – राम राम हरे हरे – हरे कृष्ण हरे कृष्ण – कृष्ण कृष्ण हरे हरे' की धुनों से भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं भक्ति संगम में विलीन होते नजर आए। प्रवचनों की भव्य अमृतवर्षा करते हुए राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि मन मे प्रभु मिलन की श्रद्धा, दिल मे प्रभु से मिलने का भाव, सच्ची भक्ति हो तो ऐसा भाव रखने वाले व्यक्ति को भगवान अपने दर्शन जरूर देते है। उन्होंने कहा कि यदि मन में सच्चा भाव व श्रद्धा हो, तब भगवान बिना बुलाए चले आते हैं। भगवान को मनुष्य की वस्तु की जरूरत नहीं होती। प्रभु तो केवल सच्ची श्रद्धा और प्रेम के भूखे होते हैं। उन्होंने बताया कि हम मनुष्यों को कर्म फल के बारे में ज्ञान होना चाहिए, जो मनुष्य जैसा कर्म करेगा, उसे वैसे ही फल का मिलेगा। कर्म फल से कोई भी व्यक्ति अनभिज्ञ नही रह सकता और न ही बिना कर्म किए इस जन्म को पार कर सकता है।


संत बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए श्रद्धालु।

### पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने भी नवाया शीश

**गगरेट** क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने भी राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के समक्ष शीश नवाया। उन्होंने ' मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है ' भजन के साथ मौजूद श्रद्धालुओं का मन मोहा। उन्होंने फास्ट फूड से बीते समय में हुए एक हासदे के बारे में बताते हुए बाबा जी से आग्रह किया कि बच्चों से एक अपील की जाए कि बच्चे बाहर का फास्ट फूड न खाएं।

इस जीवन में किए हुए कर्म व्यक्ति इसी जन्म में भोगता है। बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि मानव जीवन का उद्देश्य सांसारिक सुखों के पीछे भागना नहीं होना चाहिए, बल्कि भजन-कीर्तन से जीवन को प्रभु की आराधना में लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सन्तो का संग ही व्यक्ति को प्रभु भक्ति से जोड़ता है।

# लठियानी में 31 को होगा प्रथम लठियाणी महोत्सव

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के शहीद भगत सिंह मैमोरियल क्लब लठियाणी द्वारा आयोजित किए जा रहे प्रथम लठियाणी महोत्सव को लेकर प्रसन्नता व्यक्त की है। इस महोत्सव में कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे, यह महोत्सव 31 दिसंबर को लठियाणी में आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए क्लब द्वारा विधायक विवेक शर्मा को मुख्यातिथि पहुंचने पर विधिवत रूप से निमंत्रण दिया गया। विधायक विवेक शर्मा ने इसके लिए क्लब के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। विधायक ने कहा कि शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब लाठियानी द्वारा भारत देश की समस्त सेनाओं के सम्मान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है।

# कृषि व पशुपालन से जुड़ी जानकारियां साझा की

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**


जागरूकता शिविर में मौजूद प्रतिभागी और विशेषज्ञ।

उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत अगलौर स्थित 10 मेगावाट सौर परियोजना परिसर में कृषि उत्पादन बढ़ाने, फसलों की बीमारियों से बचाव तथा सामाजिक जागरूकता को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को आधुनिक कृषि पद्धतियों, सरकारी योजनाओं तथा स्वास्थ्य से जुड़े अहम विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में उपमंडल बंगाणा के कृषि विभाग के अधिकारी सतपाल धीमान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि वरिष्ठ पशु चिकित्सक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार जंगा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दोनों अधिकारियों ने अपने-अपने विषयों पर सरल और व्यवहारिक जानकारी देकर उपस्थित किसानों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. राजेश जंगा ने कृषि और पशुपालन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां साझा कीं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि आज के समय में अधिकतर योजनाओं और उपकरणों के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन हो चुकी है, इसलिए किसानों को डिजिटल जानकारी रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने पशुओं के चारे, घास और फसलों में दवाइयों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। विशेष रूप से उन्होंने मक्की की तूड़ी, टंडा और अन्य घास में खराबी आने के कारणों और उससे पशुओं पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में किसानों को सतर्क किया।

डॉ. राजेश कुमार जंगा ने अपने संबोधन में सामाजिक विषय को भी शामिल करते हुए नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि आजकल नशे के नए-नए तरीके सामने आ रहे हैं, जो समाज और युवाओं के लिए गंभीर खतरा हैं।

उन्होंने नशे से दूर रहने और जागरूकता के माध्यम से इससे बचाव पर जोर दिया। मुख्यतिथि सतपाल धीमान ने किसानों को जीरो बजट प्राकृतिक खेती (जीरो जैविक खेती) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार कम लागत में, बिना रासायनिक खाद और कीटनाशकों के खेती की जा सकती है तथा फसलों को बीमारियों से कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। किसानों को प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करने और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# तुलसी पौधा स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी

**अनंत ज्ञान, हरोली।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कांगड़ में अशोका ईको क्लब द्वारा आज तुलसी दिवस बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ईको क्लब के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया और तुलसी पूजन कर पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के महत्व का संदेश दिया।

ईको क्लब प्रभारी जोगिंदर कौशल ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को तुलसी के धार्मिक, औषधीय और ऐतिहासिक महत्व के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि तुलसी पौधा स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए अत्यंत लाभकारी है। कार्यक्रम में छात्रों अरुण, दमन, आकाश, सूरज, रोहित, हरदीप, कर्ण, दीप कुमार, मनदीप सिंह, जशन कुमार, दविंदर कुमार, नीरज कुमार और गुरदीप सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को लेकर युवा कांग्रेस सक्रिय, बांटी एथलेटिक किटें

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान' को सफल बनाने के लिए युवा कांग्रेस जमीनी स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रही है।

इसी कड़ी में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से एथलेटिक किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष बैंस ने की। कार्यक्रम में हिमाचल युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल युवा बोर्ड के वाइस चेयरमैन छत्तर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चिट्टा युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है और इससे लड़ने के लिए समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनीष बैंस ने अपने संबोधन में कहा कि चिट्टा मुक्त हिमाचल बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक युवाओं को नशे से दूर रखकर खेलों की ओर उनका रुझान नहीं बढ़ाया जाएगा, तब तक इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म नहीं किया जा सकता। एथलेटिक किट वितरण इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि युवा खेलों से जुड़कर स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ें। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनीष बैंस को ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मनीष बैंस के नेतृत्व में युवा कांग्रेस चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने और चिट्टा मुक्त हिमाचल बनाने का संकल्प लिया।

**कार्यक्रम** कोटला कलां में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ आयोजित

# अटल ने राजनीति को सत्ता नहीं, राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाया: कंवर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कोटला कलां में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय वॉलीबाल फेडरेशन के अध्यक्ष, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र कंवर ने पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ अटल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए वीरेंद्र कंवर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे शिखर पुरुष थे, जिन्होंने राजनीति को सत्ता का नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि अटल के विचार अटल थे और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अडिग रहा। हिमाचल प्रदेश से उनका गहरा नाता रहा और प्रदेश के विकास में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कंवर ने कहा कि अटल के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाई। पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और पड़ोसी देशों से संवाद की पहल जैसे निर्णय उनकी दूरदृष्टि और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि अटल केवल एक सफल प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि विचार, संवेदना, साहित्य और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम थे। उनके भाषणों में राष्ट्रहित की दृढ़ता और कविताओं में मानवीय संवेदनाओं की गहराई दिखाई देती थी। कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए वीरेंद्र कंवर ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए मार्ग राष्ट्र प्रथम, ईमानदारी, लोकतांत्रिक मर्यादा और जनसेवा पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा, अटल थे विचार, अटल था विश्वास, राष्ट्र प्रथम ही रहा उनका हर प्रयास। राजनीति को मर्यादा और कविता को संवेदना देकर अटल जी ने भारत को नई चेतना दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अटल के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। वातावरण श्रद्धा और सम्मान से ओतप्रोत रहा। उपस्थित जनसमूह ने अटल बिहारी वाजपेयी को आधुनिक भारत का महान शिल्पकार बताते हुए उनके योगदान को नमन किया।

## तीन साल का कार्यकाल बताया पूरी तरह विफल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**


कुटलैहड़ के कोटला कलां में एक सभा में शामिल पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर और अन्य गणमान्य।

अखिल भारतीय वॉलीबॉल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश सरकार में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को लेकर कांग्रेस और उसके विधायकों पर एक बार फिर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दोनों विधायक सत्ता में आए तीन वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक अपने किए गए विकास कार्यों का हिसाब जनता को नहीं दे पा रहे हैं।

कंवर ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि वास्तव में कोई ठोस काम किए गए होते, तो उन्हें गिनाने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होती। वीरेंद्र ने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस नेताओं ने जनता से बड़े-बड़े वादे किए थे। वे कहते थे कि हर छह महीने में अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखेंगे और 32 वर्षों से चले आ रहे विकास के सूखे को खत्म कर कुटलैहड़ में विकास की गंगा बहा देंगे, लेकिन आज सच्चाई यह है कि तीन साल बीत जाने के बाद भी वे एक भी बड़े विकास कार्य का नाम जनता को नहीं बता पा रहे हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि मौजूदा कांग्रेस सरकार का असली चेहरा आपदा के समय सामने आ गया है।


क्षेत्र में आई भीषण आपदा को चार महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन आपदा प्रभावित परिवार आज भी राहत की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न केवल राहत देने में नाकाम रही है, बल्कि प्रभावितों का हालचाल पूछने तक की संवेदनशीलता भी नहीं दिखा रही है। कंवर ने कहा कि आपदा के दौरान लोगों की जमीनें बह गईं, कई परिवारों के घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और संपर्क मार्ग व सड़कें टूटकर आवागमन के अयोग्य हो गईं। बावजूद इसके सरकार की ओर से न तो समय पर मुआवजा दिया गया और न ही कोई ठोस सहायता पहुंचाई गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की उदासीनता के कारण आम जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। वीरेंद्र कंवर ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता ने विकास की उम्मीद में कांग्रेस को मौका दिया था, लेकिन तीन साल के कार्यकाल में केवल खोखले वायदों के अलावा कुछ भी नहीं मिला।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही विकास और आपदा राहत को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए तो जनता आने वाले समय में इसका करारा जवाब दिया जाएगा।

# वडाहला ने चताड़ा को हराकर जीता पहला मैच

## बसोली गांव में आरसीबी की चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**


खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यातिथि अभिषेक डोगरा।

जिला ऊना के बसोली गांव में आरसीबी (रक्कड़ क्रिकेट बोर्ड) द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, ग्रामीण व खिलाड़ी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर तलमेहड़ा के संस्थापक अभिषेक डोगरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और पहला गेंद फेंककर किया। इस मौके पर रक्कड क्रिकेट बोर्ड के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यातिथि अभिषेक डोगरा को स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिषेक डोगरा ने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इस प्रतियोगिता में ऊना के स्थानीय खिलाड़ियों को प्राथमिकता देना एक सराहनीय पहल है, जिससे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा, ऐसे आयोजनों से न केवल युवाओं में खेल भावना विकसित होती है, बल्कि नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहने की प्रेरणा मिलती है। आरसीबी के आयोजक मनीष ठाकुर, महेंद्र मनकोटिया, रजत, अनिल विक्रांत ने बताया कि यह प्रतियोगिता चार दिनों तक चलेगी, जिसमें आसपास के क्षेत्रों की कई मजबूत टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे और विजेता टीम को 41000 रुपए और उपविजेता टीम को 25000 रुपए के आकर्षक ट्रॉफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति ने निष्पक्ष खेल और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया है। उद्घाटन मैच चताड़ा और वडाहला के बीच खेला गया। इसमें वडाहला की टीम विजेता रही। वहीं, दूसरा मैच जनकौर और कुरयाला के बीच खेला गया। जिसमें कुरयाला की टीम विजेता रही और तीसरा मैच नंगल खुर्द और झलेड़ा के बीच खेला गया। इसमें नंगल खुर्द की टीम विजई रही। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी व पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने इस तरह के आयोजनों के लिए आरसीबी के पदाधिकारियों का आभार जताया। अंत में अभिषेक डोगरा ने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को मंच मिलता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा मंडल के सदस्य व क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दुल्हन की तरह सजा मनाली का मालरोड

## दो दिन के भीतर मनाली पहुंचे पांच हजार पर्यटक वाहन, प्रदेश के पर्यटकों ने भी बढ़ाई रौनक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली दुल्हन की तरह सजा हुआ है और क्रिसमस की धूम मची हुई है।

वीरवार शाम को माल रोड में डीजे पर हजारों पर्यटको के कदम थिरके। दो दिन के भीतर मनाली पांच हजार पर्यटक वाहन पहुंचे। हालांकि, वाहनों का यह आंकड़ा पिछले सालों की अपेक्षा कम है। गत वर्ष संख्या छ घर के लगभग रही थी। इस बार हालांकि प्रदेश के पर्यटकों ने मनाली की रौनक को बढ़ाया है। लंबे अरसे बाद वीरवार को रोहतांग 685 फोर बाई फोर वाहन पहुंचे। 100 से अधिक वाहन शिंकुला गए। पर्यटकों की संख्या के आगे फोर बाई फोर वाहनों की कमी पड़ गई। रोहतांग सहित शिंकुला के लिए मात्र फोर बाई फोर वाहनों को ही जाने की अनुमति है। रोहतांग व शिंकुला के मुकाबले कोकसर व ग्रांफू में पर्यटकों का मेला लग गया। आज यहां पहुंचने वाले पर्यटक वाहनों की संख्या दो हजार को पार कर गई। पर्यटकों ने दिन भर जमे झरने व हल्की फुल्की बर्फ निहारी। गौर हो कि इस क्षेत्र में भी बर्फ छाया वाले क्षेत्र में ही शेष है जबकि रोहतांग व शिंकुला में बर्फ के ढेर लगे हुए है।



मनाली के मालरोड पर क्रिसमस के उपलक्ष्य पर उमड़ा पर्यटकों का हुजूम।

पर्यटन कारोबारी जगदीश व वेद राम ने बताया कि रोहतांग दर्रे में आज पर्यटकों का मेला लग गया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने बर्फ के ऊपर खेलकर क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया। दूसरी ओर मनाली प्रशासन की ओर से क्रिसमस और नववर्ष के जश्न के लिए मनाली में खास प्रबंध किए गए हैं। मालरोड़ को दुल्हन की तरह सजाया गया है। मनाली के पर्यटन कारोबारी राकेश, सुरेन्द्र व रवि ने बताया कि मनाली पूरी तरह से क्रिसमस के जश्न में डूब गई है। उन्होंने बताया कि अटल चौक के समीप डीजे की व्यवस्था की गई है। क्रिसमस पर वीरवार को पर्यटकों ने मालरोड में डीजे पर धमाल मचाया। इस दौरान हजारों पर्यटक एक साथ झूमे। उन्होंने बताया कि दिन को पर्यटन स्थलों में घूमने के बाद शाम होते ही मालरोड में पर्यटकों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई।

डीजे शुरू होते ही पर्यटक झूम उठे। विधायक मनाली भुवनेश्वर गौड ने बताया कि 31 दिसंबर तक मनाली में इसी प्रकार के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर को कुल्लूवी नाटी का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के पूरे इंतजाम किए गए हैं। विधायक ने बताया कि पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को मूल भूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

## राम नारायण पंडित को पर्यावरण व समाजसेवा में उत्कृष्ट योगदान पर सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे व्यक्तियों को मंच पर लाने और सम्मानित करने की पहल निरंतर जारी है। इसी क्रम में मनाली के प्रतिष्ठित समाजसेवी राम नारायण पंडित को पर्यावरण संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन की ओर से आयोजित एक सादे गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया।

राम नारायण पंडित बीते कई वर्षों से पर्यावरण संरक्षण, समाजसेवा, वनाग्नि के प्रति जागरूकता अभियान तथा अग्नि सुरक्षा को लेकर निस्वार्थ सेवा में जुटे हुए हैं। उनकी सेवाओं ने क्षेत्रीय स्तर पर प्रेरणा का कार्य किया है और युवाओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया है। समारोह में बोलते हुए नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी किशन लाल ने कहा कि संगठन समय-समय पर उन विभूतियों को सम्मानित करता है, जो बिना किसी स्वार्थ के समाज एवं पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## कुल्लवी परिवेश और पारंपरिक वेशभूषा से परिचित हुए राष्ट्रीय साहसिक कोर्स के प्रतिभागी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण राफ्टिंग केंद्र पिरडी में राष्ट्रीय साहसिक शिविर में कोर्स के पांचवें दिन प्रतिभागियों ने ट्रेकिंग का प्रशिक्षण लिया।

राफ्टिंग केंद्र प्रभारी गिमनर सिंह ने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थियों ने पिरडी सेंटर जाने से पहले पिरडी महादेव के दर्शन किए। इसके पश्चात बच्चे ट्रेकिंग के लिए खड़िहार गांव तक पहुंचे। ट्रेकिंग के दौरान कुल्लवी लोगों, स्थानीय परंपरा, कला संस्कृतिक सीखने का भी मौका मिला। बच्चे ट्रेकिंग करते हुए पिरडी एवं साथ लगते देवदार जंगल के बीच में चलकर बहुत उत्साहित हुए। कोर्स प्रभारी ने बताया कि सभी बचों को कुल्लवी परिवेश, पारंपरिक वेशभूषा, सामाजिक समावेश प्राकृतिक भीष्मता के साथ कुल्लू घाटी की नैसर्गिक खूबसूरती देखने को मिली। इस बीच बाहरी राज्यों के प्रतिभागियों ने एक हजार मीटर ऊंचे गांव खड़िहार पहुंचकर बहुत खुश हुए। इसके बाद सभी ट्रेकिंग कर राफ्टिंग केंद्र पिरड़ी पहुंचे। शाम को सभी ने क्रिसमस के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

# युवा कवियों ने अटल, नशा मुक्ति पर प्रस्तुत की रचनाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के कुल्लू सैंट्रल मॉल में देश के महान कवि एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 'रापदा काव्य प्रतियोगिता' का आयोजन हुआ। इस काव्य प्रतियोगिता का आयोजन सैंट्रल मॉल कुल्लू व ग्रामीण कवि मंच के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार गणेश गन्नी मुख्यातिथि रहे, जबकि प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. सूरत ठाकुर निर्णायक मंडल के मुख्य रहे।




इस अवसर पर युवा कवियों की प्रतियोगिता करवाई गई जबकि गेस्ट परफॉर्मर के रूप में नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष धनेश गौतम, अनिल ठाकुर, खुशबू भारद्वाज व अनुरंजनी गौतम रहे। इस अवसर पर मुस्कान मणि, पल्लवी ठाकुर,यशपाल ठाकुर यशवी सहित करीब दो दर्जन कवियों ने भाग लिया। इस अवसर पर गेस्ट कवि धनेश गौतम ने सराजी तुड़का लगाकर दर्शकों को खूब हंसाया, जबकि पल्लवी ठाकुर, मुस्कान मणि, यशपाल ठाकुर यशवी सहित सभी कवियों ने अटल व नशा मुक्ति पर कविता पाठ किया। इस अवसर पर चीफ गेस्ट गणेश गन्नी ने कहा कि आज कुल्लू साहित्य का हब बनता जा रहा है और युवा पीढ़ी साहित्य के क्षेत्र में आगे आ रही है जो साहित्य जगत के लिए खुशी की बात है। इस अवसर पर ग्रामीण कवि मंच के संचालक अनिल ठाकुर ने कहा कि यह मंच युवा लेखकों,युवा कवियों के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन युवा कवियों को मंच चाहिए तो वे उनसे जुड़ें। इस अवसर पर सीएसए इंफ्राटेक कंपनी के प्रोजेक्ट इंचार्ज दीक्षित मल्होत्रा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की याद में कुल्लू सेंट्रल मॉल में रापदा काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो बेहद सफल रहा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन आयोजित किए जाएंगे।

## वाजपेयी की कविता का भोटी भाषा में अनुवाद बना कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग में भारतवर्ष के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को अटल स्मृति वर्ष सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नवांग उपासक द्वारा अटल जी की कविता को भोटी भाषा में अनुवाद कर सुनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर और अटल जी की फोटो पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं लाहौल-स्पीति भाजपा के प्रभारी अखिलेश कपूर मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित रहे और उनके साथ लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि ठाकुर मुख्यातिथि के तौर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही अतिथि के तौर पर जिला कुल्लू भाजपा के कोषाध्यक्ष राजेंद्र बौद्ध व भाजपा मनाली मंडल के महामंत्री देवेंद्र ठाकुर, भाजपा लाहौल-स्पीति के जिला अध्यक्ष रिगजिन हायरपा, जिला उपाध्यक्ष बलदेव शर्मा, ओम प्रकाश, जिला महामंत्री संजय कटोच, भाजपा उदयपुर मंडल अध्यक्ष किशोरी रावत, मंडल महामंत्री देवन, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रेम लाल, उनके महामंत्री रमेश सोलमी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल मनेपा, उनके महामंत्री राजेश, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना ठाकुर, उनके महामंत्री आरती ठाकुर, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमीर ठाकुर, जिला व मंडल तथा विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारीगण सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में नारी शक्ति सहित आमजन की गरिमामई उपस्थिति रही।

## सभी के साथ बैठक कर निर्धारित की है कार्निवाल की तिथि : तारु नेगी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** शहरी कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तारु नेगी एवं होटल एसोसिएशन के सदस्य सुभाष ठाकुर ने कहा कि सभी लोगों के साथ बैठक कर विधायक भुवनेश्वर गौड ने 20 से 24 जनवरी तक कार्निवाल को मनाने के लिए तिथि निर्धारित की है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए इन लोगों ने कहा कि देव संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन जरूरी है, लेकिन देव नीति में राजनीति ठीक नहीं। उन्होंने कहा कि विंटर कार्निवाल राष्ट्र स्तर पर मनाया जाने वाला उत्सव है। तिथि को निर्धारित कर सफल आयोजन के लिए बहुत सी तैयारियां कर ली गई हैं। बाहरी राज्यों की टीमों को भी निमंत्रण भेज दिए हैं। देव समाज के लोगों की बातों को गंभीरता से लेते हुए विधायक भुवनेश्वर गौड तिथि बदलने का यथासंभव प्रयास कर रहे हैं। विंटर कार्निवाल की तिथि निर्धारित करने से पहले सभी लोगों की राय ली गई थी। सुभाष ने कहा कि जो लोग देवी-देवताओं के नाम पर कार्निवाल की तिथि बदलने की बात कर रहे हैं। उनसे आग्रह है कि इस बीच होटलों में चलने वाले डीजे व शोर गुल को रोकने के लिए भी कुछ करें।

# वाजपेयी को याद कर भावुक हुए प्रीणी वासी

## अटल के अपने घर प्रीणी में सुशासन दिवस के रूप में मनाई जयंती



पर्यटन नगरी मनाली के प्रीणी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती वीरवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के प्रीणी में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती वीरवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। अटल बिहारी वाजपेयी के साथ बिताए पलों को याद कर वीरवार को प्रीणी वासी भावुक हो गए।

अटल की जयंती पर उनको पुष्प अर्पित कर ग्रामीणों ने याद किया। अपने मुखिया अटल की जयंती पर लोगों ने भरे मन से उनको याद किया। प्रियंता शर्मा सहित पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर व पूर्व महिला आयोग की अध्यक्षा धनेश्वरी ठाकुर, नग्गर मंडल के अध्यक्ष ठाकुर दास सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता प्रियंता शर्मा ने कहा कि सभी को पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अटल का मनाली सहित समस्त हिमाचल के साथ विशेष लगाव रहा है। हर हिमाचली की यादों में अटल जी आज भी जिंदा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के उत्थान में अटल जी का योगदान सराहनीय रहा है। पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने अटल जी के आदर्शों और लोकतांत्रिक मूल्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल का जीवन राष्ट्रप्रेम, लोकतांत्रिक मूल्यों और सेवा भाव का अमूल्य मार्गदर्शन है। उनके आदर्श और सुशासन की भावना आज भी सभी को देश सेवा के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि अटल टनल हमेशा उनकी याद दिलाती रहेगी। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा धनेश्वरी ठाकुर ने कहा कि वाजपेयी जी इतने लंबे समय तक विपक्ष में रहे और फिर भी उन्होंने विचारों की धारा को नहीं खोया, ये बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जब तक जिए, देश के लिए जिए। ग्रामीण महिला मृदुला ने अटल जी पर लिखी कविता पढ़कर सुनाई। नग्गर खंड के अध्यक्ष ठाकुर दास सहित समस्त भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अटल जी को याद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### टूरिज्म व आतिथ्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सैंज।** सैंज घाटी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्रैहिण में 10वीं और 11वीं के टूरिज्म एवं आतिथ्य विषय के छात्रों के लिए तीन दिवसीय जॉब प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण होटल दी रैग्जिट इन नगवाईं में आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ होटल के प्रबंध निदेशक अनिल ठाकुर ने किया और छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पर्यटन एवं आतिथ्य विषय के अध्यापक अंकुश राणा ने बताया कि इस शिविर में दस छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और यह शुक्रवार तक चलेगा। शिविर के दौरान होटल के स्टाफ द्वारा छात्रों को पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र की तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। कार्यवाहक प्रधानाचार्य मंजु सेन की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण शिविर छात्रों को भविष्य में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने हेतु आयोजित किया गया है। इस मौके पर अध्यापिका संध्या कुमारी और होटल के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

### क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली लेडी विलिंगडन अस्पताल में क्रिसमस का पर्व वीरवार को हर्षोल्लास और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन ने उपचाराधीन मरीजों और उनके परिवारों के बीच आशा और सहानुभूति का संदेश साझा किया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्डों के भ्रमण से हुई, जहां मरीजों को ताजे फल और दूध वितरित किए गए। अस्पताल कर्मचारियों ने क्रिसमस कैरल गाकर माहौल को खुशी और शांति से भर दिया। मरीजों के परिजनों के लिए विशेष भोजन और नाश्ते की व्यवस्था की गई। डॉ. फिलिप ने कहा कि ईसा मसीह ने बीमारों और उपेक्षितों की सेवा का मार्ग दिखाया था, और उनका उद्देश्य केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि प्रेम और आशा का संदेश साझा करना है। इस पहल की परिवारों ने सराहना की और इसे कठिन समय में मानसिक शक्ति का स्रोत बताया।

## तीन पंचायतों की जनता महीनों से बस सेवाओं से वंचित, सरकार मौन : शौरी



ग्राम पंचायत शिकारीघाट और खाबल के एकदिवसीय दौरे के दौरान विधायक सुरेंद्र शौरी।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी वीरवार को ग्राम पंचायत शिकारीघाट और खाबल के एकदिवसीय दौरे पर रहे।

इस दौरान उन्होंने पनूला, बागी, खमारडा और सांधा गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से जाना। तीनों पंचायतों के ग्रामीणों ने एकमत होकर क्षेत्र में महीनों से बंद पड़ी बस सेवाओं की बहाली की मांग उठाई और जर्जर सड़कों की दुर्दशा पर गहरा रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि बस सेवाएं बंद होने से छात्रों, कर्मचारियों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठी है। विधायक सुरेंद्र शौरी ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने बंजार क्षेत्र की जनता के साथ खुला धोखा किया है। उन्होंने कहा कि न तो सड़कों के सुधार की कोई ठोस योजना दिखाई दे रही है और न ही जनहित से जुड़ी बस सेवाओं को बहाल करने के लिए सरकार में कोई इच्छाशक्ति है। शौरी ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है और आम जनता को बदहाली व असुविधाओं के हवाले छोड़ दिया गया है।

## क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में मनाया क्रिसमस दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में क्रिसमस दिवस धूमधाम से मनाया गया।

यह आयोजन प्रेम, शांति, सेवा और भाईचारे के संदेश के साथ क्रिसमस की सच्ची भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की एसोसिएट डायरेक्टर कुमारी ज्योति मार्या मसीह द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसके पश्चात छात्राओं द्वारा मधुर क्रिसमस कैरल गीत प्रस्तुत किए गए। कॉलेज परिसर को क्रिसमस ट्री, सितारों एवं रंग-बिरंगी रोशनी से सुंदर रूप से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को सुंदर रूप से सजाया गया तथा विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों द्वारा प्रार्थना सभा, कैरल सिंगिंग एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में विशेषातिथि के रूप में नीलम घई, राजकुमार घई एवं सैमुअल मसीह उपस्थित रहे, जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मिशेल मसीह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों का कॉलेज प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।अपने संबोधन में अतिथियों ने प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, शांति, सेवा और त्याग के संदेश पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को मानवता की सेवा एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नर्सिंग विद्यार्थियों द्वारा समाज में दी जा रही सेवाओं की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में केक काटकर क्रिसमस की खुशियां साझा की गईं। पूरे आयोजन में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना रहा, जिससे यह समारोह सभी के लिए प्रेरणादायक और यादगार बन गया।




क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज कुल्लू में क्रिसमस दिवस धूमधाम से मनाया।

## बढ़े पानी के बिल जल्द वापस ले सरकार : सुभाष

**अनंत ज्ञान, मनाली।** होटल एसोसिएशन के सदस्य व समाजसेवी सुभाष ठाकुर ने कहा कि जल शक्ति विभाग ने जो पानी के बिल बढ़ाएं हैं, वह जायज नहीं हैं। मनाली में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पानी के बिल पांच गुणा बढ़ाना न्याय संगत नहीं है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि बढ़े पानी के बिलों को वापस लें, अन्यथा लोग सड़कों में उतरने को विवश होंगे। इस विषय में उन्होंने विधायक भुवनेश्वर गौड से भी आग्रह किया है। विधायक ने भी आश्वासन दिया है कि जल्द ही बढ़े पानी के बिलों को वापस लिया जाएगा। शिमला की तर्ज पर पानी के बिलों की बढ़ोतरी तर्क संगत नहीं है। शिमला में उठाऊ पेय योजना पर करोड़ों खर्च करना पड़ते हैं, जबकि मनाली में विभाग किसी भी प्रकार का अतिरिक्त खर्च नहीं होता। पानी के पांच गुणा बढ़े बिलों से हर कोई निराश और हताश है। होटल एसोसिएशन के चुनाव में भी उन्होंने सदस्यों को इस मामले के समाधान का आश्वासन दिया था। वह अपने आश्वासन पर काम करते हुए इस समस्या के समाधान में जुटे हुए हैं। एसोसिएशन के सदस्यों की समस्याओं के समाधान को लेकर वह हमेशा प्रयासरत रहेंगे। वह तब तक इस लड़ाई को लड़ते रहेंगे, जब तक लोगों को राहत नहीं मिल जाती। विधायक ने भी कुछ ही दिनों में इस समस्या के समाधान की बात कही है। कुछ समय इंतजार किया जाएगा, अगर सरकार पानी के पांच गुणा बढ़े बिलों में राहत नहीं देती है, तो वह लोगों के साथ सड़कों में उतरने के लिए विवश होंगे।

**संदेश** प्रसून शर्मा ने अस्पताल में मरीजों को दूध बांटकर व पौधे वितरित कर मनाया अपना जन्मदिन

# जन्मदिन पर तुलसी के पौधे बांटकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** आज के दौर में लोग जहां अपना या अपने परिवार का जन्मदिन परिजनों, दोस्तों व सगे संबंधियों के लिए पार्टी आयोजित कर व केक काटकर मनाते हैं। वहीं, कुल्लू के एक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं व्यवसायी ऐसे भी हैं जिन्होंने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर तुलसी के पौधे वितरित कर पर्यावरण का संदेश दिया।

यही नहीं इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचारधीन मरीजों को दूध व फल भी बांटे। सनद रहे कि एक ही छत के नीचे किसानों को बीज, खाद और एडवांस टेक्नोलॉजी के कृषि उपकरण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी, व्यवसायी एवं प्रसून एग्रीकल्चर सॉल्यूशन कंपनी के एमडी प्रसून शर्मा ने अपनी मेहनत के दम पर जिला ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेशभर में एक अलग पहचान बनाई है। प्रसून शर्मा एक ऐसी हस्ती हैं जो समय समय पर जहां लोगों की मदद करते हैं वहीं, कोरोना के दौर में जहां कई संस्थानों में सालों पुराने कर्मचारियों की नौकरियां खत्म हो गई थी वहीं प्रसून शर्मा ने अपने एक कर्मचारी की ईमानदारी को देखते हुए उसे संस्थान की ओर से चार-पांच लाख रूपये की कीमत की ऑल्टो कार भेंट कर ईमानदारी का तोहफा दिया था।

जिला मुख्यालय कुल्लू के अखाड़ा बाजार स्थित प्रसून एग्रीकल्चर सॉल्यूशन कंपनी के एमडी प्रसून शर्मा ने अपने कर्मचारी को उसकी ईमानदारी से प्रभावित होकर उसे एक आल्टो कार भेंट की थी और इस अनूठी पहल की सभी ने खूब सराहना की थी। प्रसून शर्मा पिछले काफी सालों से जन्मदिन के अवसर पर अस्पताल में दूध व फल बांटकर पुण्य कमा रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने इस बार भी जन्मदिन के अवसर पर तुलसी के पौधे वितरित किये साथ ही अस्पताल में दूध व फल भी बांटे। प्रसून एग्रीकल्चर सॉल्यूशन कंपनी के एमडी प्रसून शर्मा ने कोरोना के दौरान लॉकडाउन में भी सोशल मीडिया को साथी बनाकर किसानों को घरद्वार तक सामान मुहैया करवाया था। एग्रो सॉल्यूशन कंपनी किसानों को बीज, खाद और एडवांस टेक्नोलॉजी के कृषि उपकरण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ साथ लहसुन की सप्लाई का काम भी करती है तथा विभिन्न फसलों के बीज भी किसानों को उपलब्ध करवाती है।



कुल्लू के समाजसेवी व व्यवसायी प्रसून शर्मा जन्मदिन पर तुलसी के पौधे बांटकर पर्यावरण संरक्षण संदेश देते हुए।

### मानव सेवा के माध्यम से पूरे समाज में आता है परिवर्तन : प्रसून

**बकौल** प्रसून शर्मा मानव सेवा के माध्यम से पूरे समाज में परिवर्तन आता है। वहीं,उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि अपने व अपने परिजनों के जन्मदिन पर अस्पताल व वृद्ध आश्रमों आदि में जाकर जरूरतमंदो के साथ खुशियां मनाएं। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे से प्रयास से किसी को खुशियां मिलती हैं तो उससे पुण्य कार्य और क्या हो सकता हैं। लोगों के चेहरे पर खुशियां देख कर जो सकून मिलता है वो सुकून किसी और काम में नहीं उधर, इस नेक कार्य की सभी ने खूब प्रसंसा की है।

### पिता से ली प्रेरणा

**प्रसून** शर्मा पिछले करीब 45 सालों से कृषि उपकरण की सप्लाई का काम कर रहे हैं। उनके पिता स्वर्गीय मधुसुदन शर्मा जो कृषि विभाग से सेवानिवृत हुए थे उन्होंने पहले प्रसून बीज भंडार के नाम से कार्य शुरू किया और उसके बाद पिता की मृत्यू के बाद प्रसून शर्मा ने पिता से प्रेरणा लेकर और उनके पदचिन्हों पर चलते हुए इस कार्य को आगे बढ़ाया।

### प्रदेशभर में सप्लाई

**यहां** एक ही छत के नीचे कृषि से संबंधित हर तरह का सामना उपलब्ध है। घास काटने का कटर, पॉवर टिल्लर, पावर चेन, बीज, खाद, दवाइयां आदि सप्लाई जिला कुल्लू ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेशभर में की जाती है। यहां थोक और परचून दोनों स्तर पर सामान उपलब्ध करवाया जाता है।

## 'पोषण भी पढ़ाई भी' प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान 'पोषण भी पढ़ाई भी' के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना बंजार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 25 दिसंबर से 27 दिसंबर तक तीन दिनों तक चलेगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी बंजार चंपा शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को सुदृढ़ करना है, ताकि बच्चों को उचित पोषण के साथ-साथ खेल-खेल में शिक्षा दी जा सके और उन्हें कुपोषण से मुक्त किया जा सके। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत बच्चों के समग्र विकास को सुनिश्चित करना भी इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य है। प्रशिक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कुपोषण प्रबंधन, पोषण ट्रैकर तथा 'नवचेतना' और 'आधारशिला' जैसे पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इससे कार्यकर्ता बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्री-स्कूल शिक्षा, बेहतर पोषण व आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनेंगी।

## कुल्लू घाटी में प्रूनिंग का दौर शुरू, बेहतर पैदावार के लिए बागवानों ने कसी कमर

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** कुल्लू घाटी में इन दिनों सेब के बागानों में रौनक लौट आई है। सर्दियों की दस्तक के साथ ही बागवानों ने सेब के पेड़ों की काट-छांट यानी प्रूनिंग का कार्य तेज कर दिया है।

पेड़ों के सुप्तावस्था में जाते ही यह प्रक्रिया शुरू की जाती है, जिसे आने वाले सीजन में बेहतर व गुणवत्तापूर्ण फसल की बुनियाद माना जाता है। घाटी के निचले व मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में प्रूनिंग का काम वर्तमान में चरम पर है। स्थानीय बागवान रणवीर कपूर के अनुसार, प्रूनिंग केवल शाखाओं को काटना नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इसके तहत सूखी, रोगग्रस्त व आपस में उलझी हुई डालियों को हटाया जाता है। इससे पेड़ के भीतर धूप व हवा का संचार बेहतर होता है, जिससे फलों का आकार और रंग निखर कर आता है। पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन ने बागवानी को काफी प्रभावित किया है। इस वर्ष बर्फबारी की कमी ने बागवानों की चिंता जरूर बढ़ाई है, लेकिन वे किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरत रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सही समय पर की गई प्रूनिंग से न केवल उत्पादन बढ़ता है, बल्कि कीटों और बीमारियों का खतरा भी कम हो जाता है। घाटी में कई बागवान अब आधुनिक तकनीकों व प्रशिक्षित मजदूरों की सहायता ले रहे हैं। हालांकि, बागवानों के सामने कुशल श्रमिकों की कमी व बढ़ती दिहाड़ी एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है।



इसके बावजूद, ऊंचे क्षेत्रों में मौसम के मिजाज को देखते हुए चरणबद्ध तरीके से कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। फिलहाल पूरा कुल्लू जिला सेब के बागानों की देखरेख में जुटा है। बागवानों को उम्मीद है कि यदि आने वाले दिनों में पर्याप्त बर्फबारी और अनुकूल मौसम रहा, तो इस साल सेब की फसल रिकॉर्ड तोड़ और उच्च गुणवत्ता वाली होगी।

## कल्होग में अश्वनी खड्ड पर पैदल पुल की मांग कई दशकों से अनसुनी, लोग परेशान

प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कंडाघाट–चायल सड़क मार्ग पर स्थित कल्होग गांव में सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समीप अश्वनी खड्ड पर पैदल पुल की मांग दशकों से अनसुनी है। बिना पुल कई गांवों के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को खड्ड का पानी तैरकर आवाजाही करनी पड़ती है।

इस गंभीर समस्या से जूझ रहे क्षेत्र के लोगों की मांग सुनने वाला कोई नहीं। कल्होग क्षेत्र का व्यावसायिक केंद्र के साथ चायल –कंडाघाट आने जाने वाली बसों का ठहराव है। इसके अतिरिक्त यहां क्षेत्र का एक मात्र सीनियर सेकेंडरी स्कूल है। यहां पहुंचने के लिए चोहड़ा,पवाश, कल्होग गांव के कुछ क्षेत्र के लोगों, स्थानीय गांव के ग्रामीणों को अपने खेतों में जाने, गांव के दूसरे घरों में आने–जाने के लिए अश्वनी खड्ड तैरकर पार करनी पड़ती हैं। कई गांवों के बच्चे भी नदी पार करके कल्होग स्कूल पहुंचते हैं। इसके अतिरिक्त धरेयां, दोची सहित कई गांवों के बच्चे भी बस सेवा बाधित होने पर पैदल इस खड्ड को पार करके स्कूल पहुंचते हैं। अश्वनी खड्ड में पानी का तेज बहाव रहता है। बारिश में इसका विकराल रूप होता है। इस स्थिति में इस तैरकर पार करना खतरे से खाली नहीं होता। अश्वनी खड्ड का पानी बढ़ने पर ग्रामीण को पहले पांच किलोमीटर पैदल चलकर चिऊथ, दोची और साधुपुल पहुंचना पड़ता हैं उसके बाद बस का तीन से आठ किलोमीटर बस का एकतरफा सफर करके कल्होग पहुंचना पड़ता हैं। कल्होग में अश्वनी खड्ड पर पैदल पुल बना हो तो यह पैदल सफर पांच से दस मिनट में होता हैं। इस पैदल पुल के निर्माण की मांग क्षेत्र के लोगों कई दशकों से सरकारों, मंत्रियों अधिकारियों के पास विभिन्न माध्यमों से करते आए हैं। आज तक इस पुल के निर्माण की मांग अनसुनी होती रही। इस खड्ड में क्षेत्र की शिमला से निकलने वाली शैमल खड्ड, कुफरी के क्षेत्र से आने वाली अश्वनी और सैंग खड्ड, चायल से निकलने वाली थरोला खड्ड सहित कई दर्जन नाले मिलते हैं। बरसात के मौसम में भी लोग इसे तैरकर पार करते हैं, ऐसे में स्कूली बच्चों सहित किसी से भी हादसे की आशंका रहती है। पैदल पुल की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने एक बार फिर प्रदेश सरकार से मांग दोहराई हैं। उन्होंने कहा है कि इन दिनों खड्ड में पानी कम होता है यह समय पैदल पुल निर्माण के लिए उपयुक्त है। इसलिए सरकार इस पुल को जल्द स्वीकृत करके इसका निर्माण करें।

# क्रिसमस पर्व पर एक–दूसरे को बांटी खुशियां

## लोगों व बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के समक्ष कैंडल जलाकर प्रार्थना में लिया हिस्सा

अनंत ज्ञान, नाहन

जिले भर में वीरवार को क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां सभी धर्मों के लोगों ने प्रभु यीशु का जन्मदिन मिलजुल कर मनाया और मिसाल पेश की।

आईटीआई के समीप चर्च में विशेष प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों व बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के समक्ष कैंडल जलाकर प्रार्थना में हिस्सा लिया। चर्च के फादर ने वहां उपस्थित लोगों को बताया कि क्रिसमस का दिन प्रेम, खुशी, आनंद और आशीष का दिन है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से मिल–जुलकर रहने का आह्वान किया। यहां ईसाई समुदाय के अलावा दूसरे धर्मों के लोग भी काफी संख्या में पहुंचे। लोगों विशेषकर बच्चों में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस दौरान बच्चों ने क्रिसमस ट्री भी सजाया गया। बच्चों ने एक–दूसरे को उपहार भेंट किए। दिल्ली गेट स्थित चर्च आफ नार्थ इंडिया में हुए कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के लोग मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी सिरमौर जिला अध्यक्ष कैप्टन सलीम अहमद की अगुवाई में शरीक हुए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कैप्टन सलीम अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष शकील अहमद शेख, सलाहकार नसीम मोहम्मद दीदान, सोहेल अहमद शेख, ईसाई समुदाय की नीरू दत्ता, हैप्पी को केक और फूल भेंट किए।

## अंजली चैरिटेबल ट्रस्ट ने हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस पर्व

अनंत ज्ञान, सोलन

अंजली चैरिटेबल ट्रस्ट सोलन ने क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी (कल्याण विभाग, सोलन) डॉ. पदम देव शर्मा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित थे। एसीटी के अध्यक्ष डॉ. के. डी. रायट ने सभी का स्वागत किया। इसके बाद राजीव रायट ने अंजली चैरिटेबल ट्रस्ट का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।

छात्रों ने इस विशेष अवसर पर नाटक, गीत और नृत्य प्रस्तुत करके उत्सव में चार चांद लगा दिए। छात्रों को उपहारों की टोकरी वितरित की गई और सभी उपस्थित लोगों को दोपहर का भोजन परोसा गया। कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति से उत्सव की शोभा और भी बढ़ गई, जिन्होंने अंजली चैरिटेबल ट्रस्ट को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन में भी विंटर कैंप के छात्रों ने क्रिसमस पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया। इस दौरान संताक्लोज ने बच्चों को गिफ्ट बांटे। साथ ही क्रिसमस का महत्व भी बच्चों को बताया गया।



क्रिसमस मनाते अंजली चैरिटेबल ट्रस्ट के बच्चे।

इसके अलावा सोलन स्थित सेंट स्टीफन चर्च में क्रिसमस को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह त्योहार पूरे भारत में मनाए जाने वाले उत्सवों के समान था, जिसमें यीशु मसीह के जन्म का सम्मान करते हुए प्रार्थनाएं, भजन और सभाएं आयोजित की गई।

फादर लॉरेंस ने अपने उपदेश में ईश्वर के प्रेम, यीशु के जन्म, क्रूस पर चढ़ाए जाने, पुनरुत्थान और भविष्य में न्यायाधीश के रूप में उनके आगमन पर जोर दिया। उन्होंने उपस्थित लोगों से प्रेम, शांति और सद्भाव को अपनाने का आग्रह किया। इसके अलावा सोलन के मॉल रोड पर क्रिसमस के दिन चिट्टा मुक्त हिमाचल का संदेश देकर जनता को जागरूक किया गया।

## जनता कांग्रेस से दुखी होकर भाजपा की विचारधारा से चाहती है जुड़ावः गुप्ता

अनंत ज्ञान, नाहन

भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अपना बूथ सबसे मजबूत करने के लिए भाजपा हर बूथ पर वन बूथ 10 यूथ वन बूथ 10 महिलाएं वन बूथ 10 किसान प्रहरी वन बूथ 10 एससी वन बूथ 5 ओबीसी सदस्य वन बूथ 5 एससी नए सदस्य जोड़ने का काम कर रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने बताया कि प्रवास कार्यक्रम के दौरान भाजपा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है, क्योंकि जनता वर्तमान कांग्रेस सरकार से दुखी होकर भाजपा की विचारधारा से जुड़ना चाहती है। इसको ध्यान में रखते हुए भाजपा नेता निरंतर प्रवास कर रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के विचारधारा से जोड़ा जा सके। भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि ग्राम केंद्र गाताधार के बूथ नंबर 48 सांगना एवं बूथ 49 गाता मंडवाच की विशेष बैठक ग्राम केंद्र अध्यक्ष रोशन लाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, जिला भाजपा महामंत्री रणवीर ठाकुर, भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत, जिला सचिव ज्ञान शर्मा ,संगड़ाह भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री सुंदर, सतीश ठाकुर, भाजपा मंडल प्रवक्ता रमेश राणा, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कंठीराम शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनोज, एससी मोर्चा जिला सचिव गुमान, भाजपा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंद्रसेन, मंडल सचिव मलको देवी, महिला मोर्चा मंडल महामंत्री मनीषा ठाकुर, बूथ अध्यक्ष कंठी राम शर्मा आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता इस मौके पर उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल हुए भाजपा कार्यकर्ता।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा कार्यालय सराहां ने नाबार्ड के सहयोग से दी मानगढ़ ग्राम सेवा सहकारी सभा सीमित मानगढ़ में एक दिवसीय डिजिटल वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक अरुण ठाकुर ने स्थानीय ग्रामीणों को सरकार और बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों के कंप्यूटरीकरण की केंद्र प्रायोजित परियोजना को मंजूरी दी। यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत अभियान के अनुरूप है, जो प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाएगी। ऋणों के त्वरित वितरण को सक्षम करेगी और किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान करेगी। प्रबंधक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जन धन योजना जैसी प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। शिविर के दौरान एटीएम पिन, ओटीपी व बैंकिंग जानकारी किसी से साझा न करने की सलाह भी दी गई। बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे किसान क्रेडिट कार्ड, सशक्त महिला ऋण योजना आदि की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में विभिन्न वर्गों ने भाग लिया।

### मनरेगा योजना में बदलाव के विरोध में प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** मनरेगा योजना में किए गए बदलावों के विरोध में उतरी युवा कांग्रेस का आंदोलन तेज हो गया है। इसी कड़ी में सोमवार को सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। मीडिया से बातचीत में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अरुण ठाकुर और जिला प्रभारी आर्यन चौहान ने कहा कि मनरेगा योजना में बदलाव कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम को समाप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस संशोधन से योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। पहले योजना में 90 प्रतिशत राशि केंद्र और 10 प्रतिशत राज्य सरकार वहन करती थी, लेकिन अब इसे बदलकर 60:40 कर दिया गया है। साथ ही योजना की पूरी मॉनिटरिंग केंद्र सरकार के हाथ में देने से राज्य सरकारों के अधिकार प्रभावित होंगे। युवा कांग्रेस ने मांग की कि यह संशोधन तुरंत वापस लिया जाए और योजना को पूर्व की तरह महात्मा गांधी के नाम से ही संचालित किया जाए।

### हिंदू सम्मेलन खंड सराहां का सम्मेलन आज

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिंदू सम्मेलन खंड सराहां में 26 दिसंबर दिन शुक्रवार को समय 11 बजे सुबह कुश्ती ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है। इसमें कार्यक्रम के पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विनोद शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में हिंदू संस्कृति व गौरव विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयोजन समिति हिंदू संगठन ने सभी जनमानस को परिवार सहित आमंत्रित किया है, ताकि सराहां क्षेत्र के हिंदू समाज के साथ धर्म, संस्कृति और गौरव का उत्सव मनाया जा सके।

### सोलन में युवाओं को मिलेगा हॉकी प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन हॉकी क्लब की ओर से जनवरी 2026 से दो माह का विशेष विंटर हॉकी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शीला कौशल ने बताया कि यह शिविर 1 जनवरी से फरवरी तक चलेगा और अंडर-14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को हॉकी के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में मैदान पर नियमित अभ्यास के साथ खेल की बारीकियों को भी सिखाया जाएगा। शिविर संचालन के लिए पंकज को अध्यक्ष और शीला, सरिता, कृष्णा, वेद ज्योति व कोच अनिता को सदस्य बनाया गया है। इच्छुक खिलाड़ी हॉकी क्लब सोलन के पास आवेदन कर सकते हैं। क्लब भविष्य में हॉकी टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना भी बना रहा है।

### उत्साह के साथ मनाया तुलसी पूजन दिवस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हरिओम गोशाला, यशवंतनगर में वीरवार को तुलसी पूजन दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर तुलसी माता का विधिवत पूजन किया गया, जिसके बाद आरती और परिक्रमा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में गोशाला से जुड़े श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गोसेवक लायक राम ने बताया कि तुलसी पूजन दिवस भारतीय संस्कृति, प्रकृति संरक्षण और आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। इस कार्यक्रम में भाग लेने से संयम, सदाचार और भगवत्प्रेम जैसे गुणों का विकास होता है। शास्त्रीय दृष्टि से तुलसी का वास घर को तीर्थ समान बनाता है और यमराज के दूत उस घर में प्रवेश नहीं करते। कार्यक्रम के अंत में सभी ने तुलसी पूजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

### 14 मामलों का मौके पर किया निपटारा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राष्ट्रीय सुशासन सप्ताह के दौरान प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में तीन शिविर फागू, चंदोल और कोटी पधोग में आयोजित किए गए। जिसमें करीब आठ सौ लोगों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 47 मामले सुनवाई के लिए प्रस्तुत किए गए, जिनमें से केवल 14 मामलों का निपटारा मौके पर किया गया । शेष 33 मामलों को संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र समाधान करने के लिए प्रेषित किए गए। एसडीएम ने बताया कि शिविरों में पानी, बिजली, सड़कों सहित अनेक शिकायतें प्राप्त हुई है। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए । राजकुमार ठाकुर ने बताया कि भाणत पंचायत के फागू में कुल 21 मामले सुनवाई को आए जिनमें से 14 मामलों का निपटारा मौके पर कर दिया । इसके अतिरिक्त 15 भू-इंतकाल, 42 विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र और पांच हलफिया बयान मौके पर जारी किए गए। इसी प्रकार चंदोल में कुल 16 मामले सुनवाई को आए जिनमें से किसी भी शिकायत का निपटारा नहीं हो सका । इस मौके पर 11 भू-इंतकाल, 20 प्रमाण पत्र, 25 हलफिया बयान के अतिरिक्त 10 केसीसी लोन की औपचारिकताएं पूरी की गई। उन्होने बताया कि पझौता घाटी के कोटी पधोग में कुल 10 मामले सुनवाई को आए, लेकिन किसी भी शिकायत का निपटारा नहीं हो सका । इस मौके पर दो भू-इंतकाल, 22 विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र और आठ हलफिया बयान जारी किए गए । शिविर में उपमंडल के सभी अधिकारियों ने भाग लिया ।

## पहली से आठवीं कक्षा के 55612 विद्यार्थियों को दिया जा रहा पौष्टिक आहार : उपायुक्त

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिला में प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत वर्ष 2025–26 में सरकारी तथा शिक्षा अनुदान योजना प्राप्त 1450 स्कूलों के पहली से आठवीं कक्षा में पढ़ रहे 55612 विद्यार्थियों को लगभग 9 करोड़ 76 हजार रुपए व्यय कर पोष्टिक भोजन उपलब्ध करवाया जा रहा है।

यह जानकारी उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने उपायुक्त कार्यालय के सभागार में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए गठित संचालन व निगरानी समिति कि बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। डीसी ने बताया कि इस योजना को पहले मिड–डे–मील के नाम से जाना जा रहा था, जिसका उद्देश्य पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को स्कूलों में पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना है, ताकि बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के साथ–2 स्कूलों में दाखिला तथा उपस्थिति को भी बढ़ाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस योजना में बच्चों को तय मेन्यू के अनुसार ही भोजन दिया जाता है, जिसमें चावल, दाल, पुलाव, मौसम आधारित हरी सब्जियां, न्यूट्री आदि शामिल है, ताकि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए आवश्यक पौष्टिक तत्वों की पूर्ति हो सके।

डीसी ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्कूलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। इसमें बच्चों को आयरन फोलिक एसिड और क्रीमी नाशक दवाइयां भी खिलाई जाती हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाना सुनिश्चित करें। शिक्षा विभाग तथा समिति के सदस्यों को स्कूलों का औचक निरीक्षण करने के लिए भी कहा, ताकि बच्चों को स्वच्छ व पौष्टिक आहार मिल सके। बैठक में नगर परिषद अध्यक्षा श्यामा पुंडीर, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर सहित समिति के सरकारी व गैर–सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## मानगढ़ में खनन से लोगों की जमीनों के पुश्तैनी रास्ते हुए बंद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला के मानगढ़ में चल रही खनन गतिविधियों से स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा है। समस्या को लेकर मानगढ़ पंचायत के लोग जिला डीसी कार्यालय पहुंचे और उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। डीसी से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में शामिल स्थानीय निवासी रीता कुमारी और राजेश दत्त ने बताया कि खनन गतिविधियों से लोगों को पीछे लंबे समय से परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। यहां उस स्थान पर खनन को अंजाम दिया जा रहा है, जहां खनन को लेकर कोई अनुमति नहीं है। इसके चलते लोगों की एक तरफ रास्ते बंद हो गए। लोगों का कहना है कि अवैध खनन से यहां अक्सर आने जाने के रास्ते बंद हो जाते हैं। इसके चलते लोगों को अपनी जमीनों पर पहुंचने में दिक्कतें आती है। लोगों ने डीसी से आग्रह किया कि जल्द इस मामले में उचित कार्रवाई अमल लाई जाए।

## सांसद डॉ. सिकंदर ने परमजीत की माता के निधन पर जताया शोक



पूर्व विधायक परमजीत पम्मी के निवास पर शोक व्यक्त करते सांसद व अन्य।

अनंत ज्ञान, बद्दी

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के महामंत्री डॉ. सिकंदर कुमार ने दून हल्के के पूर्व विधायक परमजीत सिंह की माता तुलसा देवी के निधन पर शोक जताया।

डॉ. सिकंदर उनके पैतृक गांव लेही पहुंचे। डॉ. सिकंदर द्वारा शोक जताते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की। ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, नालागढ़ के विधायक बाबा हरदीप सिंह बावा, सुंदरनगर के विधायक राकेश जंवाल, भाजपा सोलन के मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता, ग्रामीण मंडल के चंद्रकांत, कंडाघाट मंडल के मदन ठाकुर और अन्य भारी संख्या में लोग शोक के लिए उनके घर पहुंचे। उन्होंने ने भी परिवार के प्रति सवेंदना प्रकट की। 26 दिसंबर शुक्रवार को उनके पाठ का भोग कडुवाना, गुल्लरवाला, लेही गुरुद्वारा में रखा गया। इसमें श्रंद्धाजलि देने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल भी सुबह 11 बजे गुरुद्वारा में पहुंचेंगे।

## हिंदुत्व की भावना जगाने की नितांत आवश्यकता : संजय

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर जिला के हरिपुरधार में माता भंगायणी मंदिर परिसर में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में दूर–दूर से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। हिंदू सम्मेलन के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिमाचल प्रांत के प्रचारक संजय कुमार ने कहा कि आज देश के प्रति प्रत्येक जनमानस में हिंदुत्व की भावना जगाने की नितांत आवश्यकता है। देशभक्ति का कार्य जन–जन का काम है और समस्त हिंदू समाज को राष्ट्रीयहित के साथ जोड़ने का समय आ गया है। हर परिवार को अपने आने वाली पीढ़ियों में अच्छे संस्कार भरने होंगे और अच्छे संस्कार के आधार पर ही अच्छे जीवन का निर्माण होता है और अच्छे नागरिकों के कारण ही अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने समरसता युक्त समाज के निर्माण की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## फागु में वाजपेयी के योगदान का किया याद

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर ग्राम केंद्र फागु में एक गरिमाय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अटल के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया और श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक रीना कश्यप मुख्यतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा, बीडीसी चेयरमैन सरोज शर्मा, पूर्व प्रधान विनोद तोमर, पूर्व उपप्रधान सुनील शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न बूथ अध्यक्षों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें अरविंद रॉय, कैलाश वर्मा, हितेश, निखिल ठाकुर, विकास भारद्वाज, सुभाष, राकेश, रंजोत, बरागी राम, संजेश सहित बड़ी संख्या में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में क्रिसमस मनाते स्कूली छात्र।

## डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में स्टूडेंट्स ने सांता क्लॉज बनकर एक–दूसरे को बांटे गिफ्ट

अनंत ज्ञान, अर्की

क्रिसमस के उपलक्ष्य में डीसीएम लैंड ऑफ गॉड स्कूल में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

नन्हे–मुन्ने बच्चे सांता क्लॉज बनकर स्कूल पहुंचे और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर क्रिसमस की खुशियां मनाईं। स्कूल की प्रिंसिपल रीना पांटा ने विद्यार्थियों को प्रभु यीशु मसीह के जीवन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने दुनिया को प्रेम, शांति, एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान डांस, सिंगिंग सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बच्चों ने 'जिंगल बेल–जिंगल बेल' जैसे गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। नन्हे–मुन्ने बच्चों ने सांता क्लॉज बनकर एक–दूसरे को गिफ्ट भी बांटे।

## आपदा कार्य समय पर पूर्ण न करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को आपदा के कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र 31 दिसंबर तक पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा यहां आपदा प्रबंधन की राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष, राज्य आपदा शमन कोष, विशेष राहत पैकेज तथा आपदा उपरांत आवश्यकता आकलन निधि के संबंध में अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने उपमंडलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा बद्दी–बरोटीवाला–नालागढ़ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आपदा के कार्य समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

## प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी 10वीं कक्षा के छात्रों को ऑनलाइन पढ़ाएंगे गणित

अनंत ज्ञान, सोलन

शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार जनवरी–फरवरी 2026 की शीतकालीन छुट्टियों के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला बरोग, जिला सिरमौर में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक सराहनीय शैक्षणिक पहल की गई है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने कक्षा 10वीं गणित विषय के छात्रों के लिए निशुल्क ऑनलाइन विंटर वेकेशन क्लास की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग प्रदान करना और आगामी बोर्ड व सत्र परीक्षाओं की तैयारी को मजबूत करना है। प्रधानाचार्य बंसी लाल नेगी ने बताया कि इन ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से गणित के कठिन विषयों को सरल, स्पष्ट और व्यावहारिक तरीके से समझाया जा रहा है। कक्षा 10वीं का गणित ऐसा विषय है, जिसमें बुनियादी अवधारणाओं की स्पष्ट समझ अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए लाभकारी है, जिनका गणित में आत्मविश्वास कमजोर है या जो परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करना चाहते हैं। नेगी ने कहा कि छुट्टियां पढ़ाई में बाधा नहीं बननी चाहिए, बल्कि सही योजना और निरंतर अभ्यास से छात्र और अधिक प्रगति कर सकते हैं।



उनका मानना है कि शैक्षणिक सफलता निरंतर अभ्यास, पुनरावृत्ति और आत्म–मूल्यांकन से ही संभव है। इसी सोच के साथ यह फ्री ऑनलाइन कार्यक्रम शुरू किया गया है, ताकि विद्यार्थी गणित को बोझ या डर का विषय न समझें, बल्कि उसे रोचक और अभ्यास आधारित रूप में सीखें। उन्होंने सभी प्रधानाचार्यों, अभिभावकों व छात्रों से इस पहल का भरपूर लाभ उठाने और नियमित रूप से कक्षाओं में भाग लेने का आग्रह किया।

## संगड़ाह को नगर पंचायत का दर्जा मिलने से नागरिक सुविधाएं होंगी मजबूत: विनय कुमार



संगड़ाह पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार।

अनंत ज्ञान, नाहन

श्री रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के संगड़ाह को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

इस फैसले को स्थानीय विकास, बेहतर नागरिक सुविधाओं और मजबूत स्थानीय शासन व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि माना जा रहा है। विधायक विनय कुमार ने इसे जनहित की साझा जीत और बेहतर शहरी सुविधाओं की शुरुआत करार दिया है। विनय कुमार ने कहा कि क्षेत्रवासियों के विश्वास, सहयोग व लगातार किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप संगड़ाह को नगर पंचायत का दर्जा मिला है। उन्होंने इसे केवल एक प्रशासनिक अधिसूचना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य को नई दिशा देने वाला निर्णय बताया। नगर पंचायत बनने से संगड़ाह और आसपास के क्षेत्रों में सुनियोजित शहरी विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक सशक्तिकरण से जन सुविधाओं में सुधार की उम्मीद जताई गई। विधायक विनय कुमार ने कहा कि क्षेत्र के हर नागरिक की जरूरत, सुविधा व भविष्य उनकी प्राथमिकता रही है और आगे भी रहेगी। उन्होंने विकास के इस सफर में जनता के साथ हमेशा खड़े रहने का भरोसा भी जताया।

**समारोह** वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बच्चों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त मंच

# अर्की में तीन राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल होंगे स्थापित: अवस्थी

अनंत ज्ञान , सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बच्चों की उपलब्धियों को सराहने व उनकी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण है।

संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा इसके अंतर्गत 10 कलस्टर विद्यालयों के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। छात्रों को आवश्यकता है, तो केवल एक बेहतर मंच की, जिसके माध्यम से उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रम न केवल बच्चों के शैक्षणिक व सांस्कृतिक उपलब्धियों को सराहने का उत्सव है, बल्कि उनकी छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने का मंच भी है। संजय अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के





मेधावी छात्रों को सम्मानित करते विधायक संजय अवस्थी।

नेतृत्व में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित करना एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र में भी तीन स्थानों पर राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जाएंगे। इन स्कूलों के लिए लगभग 1.32 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय निवासी राजू द्वारा स्कूल भवन निर्माण के लिए भूमि दान करने पर उनका आभार व्यक्त किया।

संजय अवस्थी ने इस अवसर पर विद्यालय की पत्रिका 'बाघल दर्पण' का विमोचन भी किया। विधायक ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उन्होंने इस वर्ष पुरस्कार प्राप्त न कर पाने वाले छात्रों को कठिन परिश्रम कर, भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने आयोजन समिति को 21 हजार रुपए और छात्रों के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक गजपति ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और विद्यालय से जुड़ी समस्याओं के बारे उन्हें अवगत करवाया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संजय अवस्थी ने तदोपरांत 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जन समस्याएं सुनीं तथा इनके जल्द निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सहकारिता मंत्री ने एआरसीएस को किया निलंबित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने नारनौल में जनपरिवेदना समिति की मासिक बैठक में सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां प्रवीण कुमार को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड करने के आदेश दिए। इस मामले में हरिद्वारी लाल, कृष्ण चंद, सुनील कुमार, नरेश, कौशल्या देवी, इच्छा देवी, इमरती देवी आदि ने टैनर्स स्मॉल एंटरप्राइजेज कोऑपरेटिव सोसाइटी महेंद्रगढ़ की जमीन हड़पने की शिकायत दी थी। उन्होंने इस मामले में अधिकारी पर आरोपियों का पक्ष लेने का आरोप लगाया था। इस मामले में सहकारिता मंत्री ने संज्ञान लेते हुए तुरंत प्रभाव से एआरसीएस प्रवीण कुमार को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि कोई भी अधिकारी अगर लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी बैठक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा जिला महेंद्रगढ़ में वर्ष 2025 के दौरान बनाई गई सभी सड़कों का ऑडिट करवाने के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की स्पष्ट नीति है कि सभी कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ करवाए जाएं।

### चंडीगढ़ में नगर निगम के स्टोर पर उमड़ी भीड़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम की तरफ से सेक्टर 38 सी के रानी लक्ष्मी भाई महिला भवन में एक रुपये स्टोर खोला गया है। यहां टीवी, फ्रिज, ऑक्सीजन इंसुलेटर तक 1 रुपये में बिक रहा है। सामान खरीदने के लिए बाहर तक लाइन लगी हुई है। निगम की टीम एक बार में पांच महिलाओं और पांच पुरुषों को अंदर भेज रही है। मेयर हरप्रीत कौर बबला और नगर आयुक्त अमित कुमार भी यहां पहुंचे और दोनों ने यहां से अपने लिए एक रुपये में किताबें खरीदी हैं। दोपहर 12 बजे तक सबसे ज्यादा लोगों ने यहां से अपनी पसंद का सामान खरीदा। किताबें, कपड़े, जूते, चप्पल और बर्तन तक एक रुपये में मिल रहा है। यहां से एक रुपये में सम्मान भी खरीद सकते हैं। कुछ लोग, जिनको सम्मान के तौर पर मोमेंटो मिला था, दे गए हैं।

### गवाह को धमकाने का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर सोनीपत पुलिस ने मुकदमे के गवाह को गवाही न देने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी संजय, गांव कामी, जिला सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, 23 दिसंबर को गांव कामी निवासी एक व्यक्ति ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह 2 दिसंबर 2025 को सोनीपत न्यायालय में एक अन्य मुकदमे की सुनवाई के लिए उपस्थित हुआ था। सुनवाई के दौरान संबंधित मामले के आरोपी भी न्यायालय परिसर में मौजूद थे। जब शिकायतकर्ता न्यायालय कक्ष से बाहर निकला तो आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। न्यायालय में गवाही दी तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। शिकायत में इससे पूर्व एक अन्य मुकदमे में उसके परिजन गवाह थे, जिन पर गवाही से पहले जानलेवा हमला किया गया था। उस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा था। जमानत पर बाहर आने के बाद आरोपी सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए धमकी भरे संदेश और वीडियो डालकर पीड़ित परिवार पर दबाव बना रहे थे। सहायक उप निरीक्षक संदीप के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए आरोपी गिरफ्तार कर लिया।

### अहिरका में चौपाल का किया शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने अहिरका गांव में वीरवार को नई चौपाल के निर्माण कार्य की नींव रख शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने इस विकास कार्य के लिए 31 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। गांवों में आधारभूत सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नही है बल्कि विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने जानकारी दी कि गांव में शीघ्र ही एक आधुनिक लाइब्रेरी तथा बास्केटबॉल ग्राउंड की स्थापना की जाएगी। जिससे बच्चों और युवाओं को शिक्षा व खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। अहिरका गांव में विकास कार्यों के लिए पहले भी करोड़ों रुपए की धन राशि दी गई है।

### मुख्यमंत्री सैनी ने पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित प्रशासन पर दिया जोर

# संकल्प पत्र के 54 वादे पूरे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पारदर्शी, जवाबदेह और नागरिक-केंद्रित प्रशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि सुशासन एक विकसित भारत और एक विकसित हरियाणा बनाने के लिए सबसे मजबूत स्तंभ है। राज्य सरकार अपनी सेवाओं को एक मिशन के रूप में ले रही है और हम ऐसा हरियाणा बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं, जहां न्याय सुलभ हो, सेवा त्वरित हो और हर नागरिक सशक्त हो, यही सच्चा सुशासन है।

मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित राज्य-स्तरीय सुशासन दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हर साल की तरह आज भी पूरे राज्य में 'सुशासन दिवस' मनाया जा रहा है। पंचकूला के इस राज्य स्तरीय समारोह सहित सभी 23 जिलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसके अलावा, आधिकारिक रूप से दो दिन पहले ही बने नए जिले हांसी में भी आज सुशासन दिवस का भव्य कार्यक्रम हो रहा है।



23वें जिले का गठन इसलिए किया है, ताकि लोगों को अपने प्रशासनिक कार्यों के लिए दूर न जाना पड़े और उस क्षेत्र का तेजी से विकास हो। नायब सिंह सैनी ने कहा कि बुधवार को ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पंचकूला में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही, उनके जीवन पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन और रक्तदान शिविर का उद्घाटन करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि साफ नियत और सही नीतियों के बलबूते हमने सुशासन के इस अभियान में सफलता हासिल की है। सरकार ने अपने संकल्प-पत्र के 217 में से 54 वादों को गत 13 महीनों में ही पूरा कर दिखाया है। यही नहीं, शेष 163 वादों पर काम प्रगति पर है।

### पालमपुर में घुटनों के दर्द के इलाज के लिए विशेष ओपीडी शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पालमपुर स्थित आर्य समाज मंदिर, सुभाष चौक के समीप 25 दिसंबर से 28 दिसंबर तक घुटनों के दर्द के इलाज के लिए एक विशेष ओपीडी लगाई गई है। यह ओपीडी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक संचालित की जा रही है। ओपीडी का संचालन डॉ. अनिल द्वारा किया जा रहा है, जिसमें बिना ऑपरेशन घुटनों के दर्द के इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। डॉ. अनिल ने बताया कि वर्तमान समय में हर तीसरा व्यक्ति घुटनों की समस्या से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि घुटनों का दर्द मुख्य रूप से एक मैकेनिकल समस्या है, न कि केवल मेडिकल। इस समस्या के समाधान के लिए नी ऑफ-लोडर ब्रेस का उपयोग किया जा रहा है, जो थ्री-प्वाइंट सिद्धांत पर कार्य करता है। इस ब्रेस को पहनने से शरीर का दबाव घुटनों पर नहीं पड़ता, जिससे दर्द में राहत मिलती है। डॉ. अनिल के अनुसार एक घुटने के इलाज पर लगभग 4,800 रुपए, जबकि दोनों घुटनों के इलाज में 9,500 रुपए का खर्च आता है। ओपीडी में परामर्श शुल्क मात्र 200 रुपए रखा गया है।

### सुदीक्षा महाराज ने बच्चों में इंसानियत और आध्यात्मिक मूल्यों पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



संत निरंकारी पब्लिक हाई स्कूल, दुर्गापुर के प्रांगण में हाई स्कूल विभाग का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय व आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। यह शुभ अवसर सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज व निरंकारी राजपिता के पावन सान्निध्य में आयोजित एक सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मनाया गया।

इस अवसर की विशेष उपलब्धि यह रही कि विद्यालय का विस्तार करते हुए अब पब्लिक हाई स्कूल को कक्षा 11वीं एवं 12वीं तक संचालित किए जाने की शुरुआत की गई, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर संत निरंकारी मंडल के सचिव एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी आदरणीय श्री जोगिंदर सुखीजा ने सतगुरु माता जी का पुष्प गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश प्रमुख रूप से सामने आया कि विद्यालय केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि बच्चों के नैतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। सतगुरु माता ने बाल संतों को संबोधित करते हुए बच्चों की सुंदर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। मिशन के अमर संदेश 'कुछ भी बनो, मुबारक है, पर पहले बस इंसान बनो' को दोहराते हुए बच्चों में आध्यात्मिक जागृति लाने पर विशेष बल दिया, ताकि उनका सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्थान सुनिश्चित हो सके।

विद्यार्थी जीवन में इंसानियत के महत्व का जिक्र करते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि विद्यालय में जिस भावना के साथ बच्चों के संस्कारों का निर्माण किया जा रहा है, वह इंसानियत की नींव बचपन से रखने का श्रेष्ठ उदाहरण है। आगे चलकर बच्चे चाहे किसी भी प्रोफेशन को अपनाएं, परंतु इंसानियत हर समय उनके जीवन का आधार बनी रहनी चाहिए।

### प्रमुख मंदिरों में भी होंगे गीता महोत्सव के कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर आगामी समय में विदेशों और कुरुक्षेत्र में और भव्य तरीके के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का आयोजन करेगी। इस महोत्सव के जरिए पवित्र ग्रंथ गीता के संदेश को देश विदेश के आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 के सरस और शिल्प मेले का आयोजन 5 दिसंबर से 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ आवास पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### इंदौरा में हरि मानव एकता संत सम्मेलन का भव्य आयोजन, लाखों श्रद्धालु हुए सम्मिलित

# स्वस्थ व्यक्ति ही मन लगाकर कर सकता है प्रभु की भक्ति : गुरदीप महाराज

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत भद्रोया में हरि मानव एकता संत सम्मेलन जगत गिरी आश्रम में परम पूज्य संत श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरि महाराज की रहनुमाई में आयोजित किया गया।

इसमें अनेक संत महापुरुष व बुद्धिजीवी शामिल हुए। लाखों श्रद्धालु गुरु दर्शनों के लिए आश्रम में पधारे। संत वीर सिंह हितकारी बुलंदशहर से, संत निर्मल दास कपाल मोचन से, संत पीपल दास, संत लवप्रीत सिंह, संत रामपाल पलोटा साहिब से, संत मुरारी दास, संत सतीश दास,संत रामकुमार, संत जैन दास हितकारी, संत साहल नाथ फगवाड़ा, संत कृपाल दास लदमा डॉक्टर मनोज दहिया, एफसी मल विशेष रूप से पधारे। भारत के लगभग सभी प्रांतों से श्रद्धालु गुरु घर में पहुंचे।





मनिंदर राजन एमएलए इंदौरा, लालचंद कटारू कैबिनेट मंत्री पंजाब, अरुणा चौधरी एमएलए दीनानगर, रिंकू चौधरी एक्स एमपी जालंधर, नीरज कांग्रेस अध्यक्ष जे एंड के, शमशेर सिंह इंचार्ज आम आदमी पार्टी दीनानगर, भाभूति शर्मा चेयरमेन इंप्रूवमेंट ट्रस्ट पठानकोट आदि शामिल हुए। फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया, गुरु का अटूट लंगर भी बरता गया। संत प्रवचन व शबद-कीर्तन के साथ सतगुरु रविदास महाराज की महिमा गाई गई। कार्यक्रम के अंत में परम पूज्य संत श्री श्री 108 स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी ने सतगुरु रविदास महाराज की वाणी पर सत्संग कर संगत को निहाल किया और बताया कि हमें सेवा और सिमरन को जीवन का लक्ष्य बनाना चाहिए। सेहत का भी पूरा ध्यान रखना चाहिए क्योंकि स्वस्थ व्यक्ति ही मन लगाकर प्रभु भक्ति कर सकता है स्वस्थ व्यक्ति निराश और परेशान नहीं होता। हमें अपने खान पान का पूरा ध्यान रखना चाहिए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डेरा स्वामी जगतागिरी ट्रस्ट के साथ-साथ सभी संगठनों के सेवादारों ने भी अपनी सेवा पूरी जिम्मेदारी से निभाई। इस मौके पर ट्रस्ट की जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर सोम अत्रि, विजय कुमार, प्रेम सिंह, केवल कृष्ण, सुभाष काला, देशराज बग्गा, गगनदीप, राकेश कुमार, रविकांत, अनिल कुमार, मंगल सिंह, रानी देवी, पूनम देवी, नीलम देवी, सीमा देवी, हीरा लाल आदि उपस्थित थे।

## देश-विदेश

### आरबीआई ने 3 घंटे में चेक क्लीयरेंस का नियम टाला, 3 जनवरी से होना था लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**रिजर्व** बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चेक क्लीयरेंस को तेज करने वाली फेज 2 स्कीम को पोस्टपोन कर दिया है। यह स्कीम 3 जनवरी 2026 से शुरू होने वाली थी। इस फेज में बैंकों को चेक की इमेज मिलने के 3 घंटे में अप्रूवल या रिजेक्ट करना था। अब इसे आगे की तारीख तक टाल दिया गया है। आरबीआई ने सर्कुलर जारी कर कहा कि फेज 2 को आगे टाल दिया गया है। फेज 1 ही चलता रहेगा।

चेक प्रेजेंटेशन विंडो (चेक जमा करने का समय) सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुली रहेगी। वहीं, बैंक सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे के बीच चेक को कंफर्म या रिजेक्ट कर सकेंगे। आरपीबीआई ने चेक ट्रंकेशन सिस्टम के तहत 'कंटीन्यूअस क्लीयरेंस एंड सेटलमेंट' शुरू किया था। इसका मकसद पुराने बैच सिस्टम को खत्म कर चेक क्लीयरेंस को तेज बनाना था। फेज-1 की शुरुआत 4 अक्तूबर 2025 को हुई थी। पहले चेक क्लीयर करने के लिए फिक्स टाइम पर बैच बनते थे, अब ऐसा नहीं होता। बैंक चेक को स्कैन करते हैं और उसकी इमेज तुरंत क्लीयरिंग हाउस को भेज देते हैं यानी जैसे ही चेक बैंक में आता है, प्रोसेस शुरू हो जाता है। जिस बैंक का चेक है, उसे इमेज मिलते ही रिव्यू करना होता है। अगर तय समय में बैंक जवाब नहीं देता, तो चेक को अप्रूव मान लिया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र में एक ही परिवार के चार लोग मृत पाए गए

**एजेंसी, नांदेड़।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में वीरवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर एक किसान, उसकी पत्नी और उसके दो बेटों के शव मिले हैं। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। एक अधिकारी ने उन्होंने बताया कि सुबह करीब आठ बजे मुदखेड़ तहसील के ज्वाला मुरार गांव स्थित अपने घर में एक खाट पर रमेश सोनाजी लखे (51) और उनकी पत्नी राधाबाई लखे (45) के शव मिले। उनके बेटों उमेश (25) और बजरंग (23) के शव बाद में पास की रेलवे लाइन पर मिले। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे चलती ट्रेन के सामने कूद गए थे। (अनंत ज्ञान)

### शिवराज को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से खतरा, केंद्र ने 12 नवंबर को किया था अलर्ट

**एजेंसी, भोपाल**

**केंद्रीय** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ाने में मध्य प्रदेश सरकार की लापरवाही सामने आई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 12 नवंबर को मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर पूर्व सीएम को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से खतरा बताया था।

इसके एक महीने बाद पूर्व सीएम की सुरक्षा बढ़ाई गई। 12 दिसंबर को भोपाल स्थित उनके सरकार आवास बी-8 और बी-9 पर बैरिकेडिंग की गई और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई। 12 नवंबर, 2025 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय (आईएस-1 डिवीजन, वीआईपी सुरक्षा इकाई) ने मध्य प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सूचना दी।

पत्र में बताया गया है कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों से प्राप्त इनपुट के अनुसार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने शिवराज सिंह चौहान से संबंधित जानकारी जुटाने में रुचि दिखाई है। इस सुरक्षा इनपुट को ध्यान में रखते हुए शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई है। + सुरक्षा केंद्र सरकार देती है। पूर्व मुख्यमंत्री के नाते मध्यप्रदेश सरकार ने अलग सुरक्षा दी हुई है। किसी अन्य राज्य में दौरे पर जाते हैं तो वहां की सरकार अलग से सुरक्षा देती है। (अनंत ज्ञान)

### के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का किया सफल परीक्षण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- पनडुब्बी से 3500 किमी की रेंज तक मार करेगी, 2 टन न्यूक्लियर पेलोड ले जाने सकेगी

**भारत** ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन आईएनएस अरिघाट से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। लॉन्च विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। यह टेस्ट समुद्र के अंदर से मिसाइल दागने की भारत की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। के-4 मिसाइल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि इसे सबमरीन से लॉन्च कर दूर स्थित टारगेट्स पर हमला किया जा सके। भारत अब जमीन, हवा और समुद्र तीनों माध्यमों से परमाणु हथियार लॉन्च करने की क्षमता रखता है। ये मिसाइल 2 टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। के-4 मिसाइल, जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है, जिसे पनडुब्बी से लॉन्च के लिए बनाया गया है।

लॉन्च के समय मिसाइल पहले समुद्र की सतह से बाहर आती है, इसके बाद उड़ान भरते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। यह मिसाइल न्यूक्लियर वारहेड ले जाने में सक्षम है और अरिहंत-क्लास की पनडुब्बियों से दागी जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पूर्व पीएम वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने वीरवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के स्मारक 'सदैव अटल' पर आयोजित प्रार्थना सभा में हिस्सा लिया और उनकी 101वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, निर्मला सीतारमण, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सहयोगी जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) नेता एवं केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, कई अन्य मंत्री, सांसद, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



### पीएम मोदी दिल्ली के कैथेड्रल चर्च में प्राथना सभा में हुए शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रिसमस पर वीरवार को दिल्ली की कैथेड्रल चर्च ऑफ द रिडेम्पशन में क्रिसमस मॉर्निंग प्रेयर में शामिल हुए। इस सर्विस में प्रार्थनाएं, कैरोल हुए। वहीं, दिल्ली के बिशप रेव्ह डॉ. पॉल स्वरूप ने पीएम मोदी के लिए विशेष प्रार्थना की। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी क्रिसमस और नए साल की शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने क्रिसमस पर नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर एक और पोस्ट में लिखा कि सभी को शांति, करुणा और आशा से भरे क्रिसमस की शुभकामनाएं। यीशु मसीह की शिक्षाएं हमारे समाज में सद्भाव को मजबूत करें। पिछले कुछ सालों से पीएम मोदी नियमित रूप से ईसाई समुदाय से जुड़े कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### चीनी सैन्य अफसर का वीडियो 35 साल बाद लीक

**एजेंसी, बीजिंग**

**चीन** में 1989 के थियानमेन स्क्वायर पर लोकतंत्र की मांग करने वाले हजारों छात्रों को मरवा दिया गया था। इस आंदोलन से जुड़ा एक सीक्रेट वीडियो 35 साल बाद सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स में आशंका जताई जाती है कि इस दौरान 10 हजार छात्रों को टैंक से कुचल दिया गया था।

हालांकि आधिकारिक आंकड़ा कभी सामने नहीं आया। यह जो सीक्रेट वीडियो सामने आया है वो पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के जनरल शू छिनशियान के कोर्ट मार्शल का है। जनरल शू बताते हैं कि उन्होंने छात्र प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने और सैन्य कार्रवाई का आदेश मानने से इनकार क्यों किया था। 6 घंटे के वीडियो में जनरल शू कहते हैं कि थियानमेन आंदोलन एक राजनीतिक जन आंदोलन था। इसे बातचीत और राजनीतिक तरीकों से सुलझाया जाना चाहिए था। उन्होंने साफ कहा कि वे इतिहास में अपराधी नहीं बनना चाहते थे, इसलिए उन्होंने अपने जवानों को छात्रों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया। उस वक्त सरकार ने जनरल शू को बीजिंग भेजकर मार्शल लॉ लागू करने और करीब 15 हजार सैनिकों को तैनात करने का आदेश दिया था। हालांकि, उन्होंने यह आदेश मानने से इनकार कर दिया। इसके बाद चीनी सरकार ने उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की। सरकार ने जनरल शू को कम्युनिस्ट पार्टी से बाहर कर दिया था, साथ ही 5 साल की सजा सुनाई। जनरल शू छिनशियान के कोर्ट मार्शल का यह वीडियो पहली बार पिछले महीने ऑनलाइन लीक हुआ। इसके सोर्स की जानकारी नहीं है।

इसे यूट्यूब पर 13 लाख से ज्यादा बार देखा चुका है। थियानमेन आंदोलन के इतिहासकार वू रेनहुआ ने इसे शेयर किया है। रेनहुआ कहना है कि यह वीडियो उस दौर की अंदरूनी सैन्य असहमति का सबसे अहम गवाह है। (अनंत ज्ञान)

### भारतीय सेना ने सैनिकों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल के बदले नियम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** सेना ने डिजिटल युग की चुनौतियों और सुरक्षा चिंताओं के बीच अपनी सोशल मीडिया नीति में एक महत्वपूर्ण और संतुलित बदलाव किया है। एनडीटीवी के मुताबिक, सेना से जुड़े सूत्रों के अनुसार, अब जवानों और अधिकारियों को इंस्टाग्राम का इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी गई है, लेकिन यह छूट कुछ कड़े नियमों और शर्तों के साथ दी गई है। सेना द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार, अब जवान और सैन्य अधिकारी इंस्टाग्राम पर कंटेंट देख सकते हैं और गतिविधियों की निगरानी कर सकते हैं।

हालांकि, उन्हें अभी भी प्लेटफॉर्म पर अपनी फोटो या वीडियो पोस्ट करने, किसी पोस्ट को लाइक करने या उस पर कमेंट करने की अनुमति नहीं दी गई है। इस बदलाव का प्राथमिक उद्देश्य सैनिकों को डिजिटल जगत से जोड़े रखना है, ताकि वे सोशल मीडिया पर चल रहे विमर्श और सामग्री से अवगत रह सकें। इसके अलावा, इसका एक बड़ा कारण इंटेलिजेंस भी है। यदि कोई सैनिक किसी भ्रामक, फर्जी या राष्ट्रविरोधी पोस्ट को देखता है, तो वह तुरंत इसकी सूचना अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दे सकता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां विदेशी खुफिया एजेंसियां (पाकिस्तान और चीन) 'हनी ट्रैप' के जरिए जवानों को फंसाकर संवेदनशील सैन्य जानकारी हासिल करने की कोशिश करती रही हैं। (अनंत ज्ञान)

**राहत** | दिवाली के बाद जारी खतरनाक प्रदूषण स्तरों के बाद एक्यूआई गिरकर 220 पहुंचा

# दिल्लीवासियों ने 50 दिन बाद ली स्वच्छ हवा में सांस

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** राजधानीवासियों को क्रिसमस की सुबह 50 दिनों में सबसे स्वच्छ हवा मिली। दिवाली के बाद से जारी खतरनाक प्रदूषण स्तरों के बाद वायु गुणवत्ता सूचकांक गिरकर 220 पर आ गया, जो राजधानी के लोगों के लिए बहुत राहत वाली रिपोर्ट है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह 8:05 बजे दिल्ली का एक्यूआई 220 दर्ज किया गया, जो नवंबर की शुरुआत के बाद सबसे कम है। यह मंगलवार शाम



चार बजे दर्ज 24 घंटे के औसत एक्यूआई 271 की तुलना में उल्लेखनीय सुधार है। मंगलवार देर रात चली तेज हवाओं के कारण प्रदूषण स्तर में गिरावट आई है। राजधानी में 22 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चली हवाओं ने एक्यूआई को काफी हद तक कम करने में मदद की। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में एक्यूआई 'गंभीर' श्रेणी में बना हुआ था। सोमवार को 373 से बढ़कर मंगलवार को 412 तक पहुंच गया था, लेकिन तेज हवाओं के कारण इसमें तेज गिरावट दर्ज की गई है। इस बीच वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तहत स्टेज-4 प्रतिबंध हटा लिया है। यह फैसला रात तेज हवाओं के चलने के कारण कुछ घंटों बाद लिया गया। हालांकि, आने वाले दिनों में वायु गुणवत्ता में गिरावट आने का आसार हैं। वहीं, ग्रैप के स्टेज-एक, दो और तीन के तहत प्रतिबंध जारी रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### थाईलैंड ने कंबोडिया में भगवान विष्णु की मूर्ति तोड़ी

**एजेंसी, लाओस।** थाईलैंड और कंबोडिया की बॉर्डर पर थाई सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दी। एशियानेट न्यूज रिपोर्ट के मुताबिक थाई सैनिकों ने बुलडोजर चलाकर मूर्ति को गिरा दिया। यह घटना 22 दिसंबर की बताई जा रही है। कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया। मूर्ति की ऊंचाई 30 फुट बताई जा रही है। कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत के सरकारी प्रवक्ता किम चानपनहा ने कहा कि इस मूर्ति को 2014 में थाईलैंड की सीमा से करीब 100 मीटर दूर बनाया गया था। भारत ने मूर्ति तोड़े जाने की खबरों पर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को धार्मिक प्रतीकों का अपमान दुनिया भर के श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करता है और ऐसे काम नहीं होने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### वर्ष 2025 : दिव्या देशमुख चमकी गुकेश प्रभावित करने में नाकाम रहे

**एजेंसी, नई दिल्ली।** शतरंज में भारत का दबदबा और प्रतिभाओं की गहराई वर्ष 2025 में एक बार फिर साबित हुआ, जब दिव्या देशमुख ने बातूमी में महिला शतरंज विश्व कप जीता, लेकिन विश्व चैम्पियन डी गुकेश प्रभावित नहीं कर पाए। पिछले साल विश्व चैम्पियन बने गुकेश को इस साल लगातार पराजय का सामना करना पड़ा। वहीं, नागपुर की 19 वर्ष की दिव्या ने शानदार जीत दर्ज करके एक खिताब और कैरियर की तीन उपलब्धियां अर्जित की। दिव्या फिडे महिला विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। उन्होंने प्रतिष्ठित ग्रैंडमास्टर खिताब जीता और 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये भी क्वालीफाई कर लिया। इस टूर्नामेंट के विजेता को मौजूदा महिला विश्व चैम्पियन चीन की जू वेंजुन को चुनौती देने का मौका मिलेगा। दिव्या की जीत से देश में महिला शतरंज पर एक बार फिर लोगों की नजरें गई जो अब तक दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी और द्रोणवल्ली हरिका पर निर्भर थी। दोनों खिलाड़ी करीब दो दशक से भारत में महिला शतरंज की ध्वजवाहिका रही हैं। दिव्या ने अपनी अप्रत्याशित जीत से सुर्खियां बंटोरी। दूसरी ओर पिछले साल विश्व चैंपियन बने गुकेश को टाटा स्टील मास्टर्स में ब्लिट्ज टाइब्रेकर में हमवतन आर प्रज्ञानानंदा ने हराकर खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

### दुबई कैपिटल्स ने शारजाह को हराकर प्लेऑफ में बनाई जगह

**एजेंसी, दुबई।** शायन जहांगीर और जोर्डन कॉक्स के अर्धशतकों की मदद से गत चैंपियन दुबई कैपिटल्स ने विश्व आईएलटी20 में शारजाह वारियर्स को छह विकेट से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली। जहांगीर ने विकेट के पीछे भी शानदार प्रदर्शन करते हुए खतरनाक बल्लेबाज टॉम कोहलेर कैडमोर को आउट किया। जीत के लिये 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दुबई कैपिटल्स ने जहांगीर और कॉक्स के बीच 63 गेंद में 76 रन की साझेदारी की मदद से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। कॉक्स 50 गेंद में 61 रन बनाकर नाबाद रहे।

### जीव मिल्खा सिंह ने जीत के साथ किया आईजीपीएल सीजन का समापन

**एजेंसी, कोलंबो।** भारत के गोल्फ दिग्गज जीव मिल्खा सिंह ने इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के उद्घाटन सीजन को यादगार अंदाज में समाप्त किया। उन्होंने आईजीपीएल इनविटेशनल श्रीलंका खिताब जीतकर न केवल युवा और अनुभवी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ा, बल्कि 13 साल बाद किसी प्रोफेशनल टूर्नामेंट में जीत दर्ज की। रॉयल कोलंबो गोल्फ कोर्स में खेले गए इस अंतिम मुकाबले में 54 वर्षीय जीव मिल्खा ने शानदार खेल दिखाते हुए अंतिम राउंड में 6-अंडर 65 का कार्ड खेला और कुल 15-अंडर के स्कोर के साथ खिताब अपने नाम किया। उन्होंने आर्यन रूपा आनंद को एक स्ट्रोक से हराया। आर्यन ने 68 का स्कोर किया और 14-अंडर के साथ दूसरे स्थान पर रहे। दूसरे दिन के साधारण प्रदर्शन के बाद जीव ने लगभग आधा घंटा पुटिंग ग्रीन पर अभ्यास किया, जिसका उन्हें पूरा फायदा मिला। छठे से दसवें होल तक उन्होंने लगातार पांच बर्डी लगाईं और छठे से 14वें होल के बीच नौ होल में सात बर्डी करते हुए बढ़त बना ली, जिसे अंत तक कायम रखा। (अनंत ज्ञान)

### अन्ना रुडोल्फ का खूबसूरत अंदाज

**अन्ना** रुडोल्फ एक ओलंपिक शतरंज खिलाड़ी हैं जो हंगरी चैंपियनशिप में तीन बार चैंपियन बन चुकी हैं। वह अंतरराष्ट्रीय और महिला दोनों स्तरों पर ग्रैंडमास्टर हैं। शतरंज के लिए एक रिपोर्टर, स्ट्रीमर और कमेंटेटर के रूप में प्रसिद्ध हैं और 24 साल की उम्र में एक वीडियो सीरीज के जरिए उन्होंने खुद को स्थापित किया।



मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए 12 सदस्यीय टीम की घोषणा

# बॉक्सिंग डे टेस्ट : चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा ऑस्ट्रेलिया, स्मिथ कप्तान

**एजेंसी, मेलबर्न**

**ऑस्ट्रेलियाई** टीम बॉक्सिंग-डे टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ ऑल-पेस आक्रमण के साथ उतरने की तैयारी में है। स्टैंड-इन कप्तान स्टीव स्मिथ ने पुष्टि की है कि टीम चार विशेषज्ञ तेज गेंदबाजों के साथ खेलेगी।

हालांकि, अंतिम एकादश पर फैसला मैच से पहले पिच देखने के बाद ही किया जाएगा। स्मिथ ने बताया कि चयनकर्ता मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) की पिच को लेकर सतर्क हैं, जिस पर लगभग 10 मिमी घास है और सतह 'काफी हरी और फरी' नजर आ रही है। ऐसे में ब्रेंडन डॉगेट, माइकल नेसर और लंबे समय बाद टेस्ट टीम में लौटे झाय रिचर्डसन में से अंतिम दो स्थानों के लिए चयन किया जाएगा। पैट कमिंस की अनुपस्थिति में कप्तान संभाल रहे स्टीव स्मिथ खुद भी अंदरुनी कान (इनर-ईयर) की समस्या से उबरकर टीम में लौटे हैं। उनकी वापसी के चलते विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश इंग्लिस को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ा। वहीं, एडिलेड टेस्ट में 82 और 40 रन की पारियां खेलकर उस्मान ख्वाजा ने अपनी जगह बरकरार रखी है।



यह सीरीज में दूसरी बार होगा जब ऑस्ट्रेलिया चार तेज गेंदबालों के साथ खेलेगा। इससे पहले ब्रिस्बेन में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में भी ऐसा किया गया था, जहां माइकल नेसर ने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए थे। यदि नेसर को मौका मिलता है तो यह उनका पहला रेड बाल टेस्ट होगा, क्योंकि उनके अब तक के तीनों टेस्ट पिंक-बॉल से खेले गए हैं। इस फैसले से विक्टोरियन स्पिनर टॉड मर्फी का अपने घरेलू मैदान पर बॉक्सिंग-डे टेस्ट खेलने का सपना फिलहाल टल गया है।

झाय रिचर्डसन चार साल बाद अपना पहला टेस्ट खेलने के करीब हैं। स्मिथ ने कहा कि रिचर्डसन को फिर से टीम में देखना रोमांचक है। उन्होंने चोट के कारण लंबा समय बाहर बिताया है, लेकिन हम जानते हैं कि उनमें कितनी काबिलियत है। उन्होंने पहले भी इंग्लैंड के खिलाफ ऐशेज में शानदार प्रदर्शन किया है।' स्मिथ ने बताया कि क्रिसमस मॉर्निंग के अंतिम अभ्यास सत्र के बाद टीम ने 12 खिलाड़ियों का चयन कर लिया है। उन्होंने कहा कि हम पिच को एक बार और देखना चाहते हैं। हम चार तेज गेंदबाजों और बिना किसी स्पिनर के खेलेंगे। मौसम भी ठंडा और बादलों वाला रहने की संभावना है, जिससे तेज गेंदबाज़ों को काफी मदद मिलेगी। बल्लेबाजी क्रम में स्मिथ की वापसी के कारण उस्मान ख्वाजा नंबर पांच पर उतरेंगे। ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड की ओपनिंग जोड़ी को बरकरार रखा गया है, खासकर पिछली टेस्ट में हेड के शतक के बाद। यह लगभग चार साल में पहली बार होगा जब ख्वाजा टेस्ट में नंबर पांच पर बल्लेबाजी करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## भारत की नजरें श्रीलंका के खिलाफ तीसरा टी-20 व शृंखला जीतने पर

**एजेंसी, तिरूवनंतपुरम**

**आत्मविश्वास** से ओतप्रोत भारतीय टीम अपनी लय को कायम रखते हुए खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ शुक्रवार को तीसरा टी20 मैच और पांच मैचों की शृंखला जीतने के इरादे से उतरेगी। भारत ने विशाखापट्टनम में पहले दो टी20 मैचों में क्रमश: आठ और सात विकेट से जीत दर्ज की है। भारत की यह पिछले 11 टी20 मैचों में नौवीं जीत थी। श्रीलंका ने आखिरी बार भारत को जुलाई 2024 में दाम्बुला में हराया था। मेजबान टीम के पास शानदार बल्लेबाजी क्रम है और पिछले दोनों मैचों में अलग-अलग खिलाड़ियों ने जीत दिलाई है। पहले मैच में जहां जेमिमा रौड्रिग्स चली तो दूसरे में शेफाली वर्मा जीत की सूत्रधार रहीं। भारत की गेंदबाजी इकाई भी उतनी ही दमदार है और स्पिनरों ने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट पर 121 और दूसरे में नौ विकेट पर 128 रन पर रोक दिया। युवा एन श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ ने अनुशासित, नियंत्रित और प्रभावी गेंदबाजी की है। हरफनमौला दीप्ति शर्मा बुखार के कारण दूसरा टी-20 नहीं खेल पाई लेकिन उनकी जगह आई स्नेह राणा ने चार ओवर में 11 रन देकर एक विकेट लिया। भारतीय टीम को हालांकि क्षेत्ररक्षण पर काम करना होगा चूंकि पहले मैच में पांच कैच छूटे थे। हालांकि, दूसरे मैच में तीन रन आउट किए। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय टीम यहां अगले तीन मैचों में प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी। दूसरी ओर श्रीलंका को उम्मीद है कि जगह बदलने से उसकी किस्मत भी बदलेगी। हालांकि दोनों टीमों के प्रदर्शन में जमीन आसमान का अंतर है। श्रीलंका को दोनों मैचों में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया। पहले मैच में विष्मी गुणरत्ने ने 43 गेंद में 39 रन बनाए, जबकि हसिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा आक्रामक पारियां नहीं खेल सके। (अनंत ज्ञान)

## 2026 में व्यस्त रहेगा भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का कैलेंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उतार-चढ़ाव भरे 2025 के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के सामने 2026 में बेहद व्यस्त कार्यक्रम रहने वाला है। इस साल की सबसे बड़ी खासियत घरेलू परिस्थितियों में होने वाले टी-20 विश्व कप का खिताब बचाने की चुनौती, बड़ी संख्या में वनडे मुकाबले और विदेशी धरती पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की कठिन परीक्षाएं होंगी। 2026 में भारत का ध्यान सबसे ज्यादा टी20 क्रिकेट पर रहेगा, जबकि टी20 विश्व कप के बाद वनडे प्रारूप पर फोकस बढ़ेगा। साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड की टीम तीन वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए भारत दौरे पर आएगी। 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की मेजबानी में टी20 विश्व कप खेला जाएगा। टी-20 विश्व कप और आईपीएल 2026 के बाद जून में अफगानिस्तान की टीम एक टेस्ट और तीन वनडे खेलने भारत आएगी। जुलाई में भारत इंग्लैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सफेद गेंद की सीरीज खेलेगा। भारत की टेस्ट चुनौतियां अगस्त में श्रीलंका दौरे से शुरू होंगी। सितंबर में यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज संभावित है। बांग्लादेश दौरे को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि वहां की मौजूदा परिस्थितियों के चलते यह दौरा टल सकता है। 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के टी20 मुकाबलों में भारत की दूसरी पंक्ति की टीम हिस्सा ले सकती है। भारत का घरेलू सत्र सितंबर-अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों से शुरू होगा। इसके बाद अक्तूबर-नवंबर में टीम न्यूजीलैंड के कठिन विदेशी दौरे पर जाएगी। दिसंबर में भारत श्रीलंका की मेजबानी करेगा, जहां तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। यह सीरीज 2027 वनडे विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से अहम मानी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## लिवरपूल के खिलाफ रेड कार्ड के बाद टॉटेनहम कप्तान रोमेरो पर लग सकता है लंबा प्रतिबंध

**एजेंसी, लंदन।** टॉटेनहम हॉटस्पर के कप्तान क्रिस्टियन रोमेरो पर लिवरपूल के खिलाफ मैच में रेड कार्ड मिलने के बाद लंबा प्रतिबंध लग सकता है। इंग्लैंड की फुटबाल एसोसिएशन (एफए) ने उन पर मैदान छोड़ने में देरी करने और रेफरी के प्रति 'आक्रामक' रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए औपचारिक चार्ज लगाया है। पिछले शनिवार को खेले गए प्रीमियर लीग मुकाबले में टॉटेनहम को लिवरपूल के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में रोमेरो को लिवरपूल डिफेंडर इब्राहिमा कोनाटे को किक मारने के लिए दूसरा येलो कार्ड दिखाया गया, जिसके बाद रेफरी जॉन ब्रूक्स ने उन्हें मैदान से बाहर भेज दिया। रोमेरो के आउट होने से स्पर्स की स्थिति और खराब हो गई, क्योंकि इससे पहले ही पहले हाफ में जावी सिमंस को गंभीर फाउल प्ले के लिए रेड कार्ड दिखाया जा चुका था और टीम नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रही थी। अर्जेंटीना के सेंटर-बैक रोमेरो को इससे पहले लिवरपूल के दूसरे गोल के दौरान ह्यूगो एकितीके द्वारा कथित धक्का दिए जाने पर विरोध जताने के लिए येलो कार्ड मिला था। नियमों के अनुसार एक ही मैच में दो येलो कार्ड मिलने पर वह स्वत: ही रेड कार्ड में बदल जाता है। रेड कार्ड के चलते रोमेरो पर फिलहाल एक मैच का स्वचालित प्रतिबंध लग चुका है, जिसके कारण वह रविवार को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ होने वाले लंदन डर्बी में नहीं खेल पाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## सिंधु बनीं बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन, काउंसिल की भी होंगी सदस्य

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय शटलर पीवी सिंधु को 2026-29 कार्यकाल के लिए बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) की एथलीट्स कमीशन का चेयरपर्सन चुना गया है। इस भूमिका के साथ ही सिंधु बीडब्ल्यूएफ काउंसिल की सदस्य के रूप में भी सेवाएं देंगी, जिससे विश्व बैडमिंटन की नीतियों और प्रशासन में खिलाड़ियों की आवाज और मजबूत होगी।



इसके अलावा, हांगकांग चीन के चान हो यूएन डैनियल को पैरा बैडमिंटन एथलीट्स कमीशन का चेयर चुना गया है। सिंधु वर्ष 2017 से बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की सदस्य रही हैं और 2020 से बीडब्ल्यूएफ इंटीग्रिटी एंबेसडर की भूमिका भी निभा रही हैं। 2019 की विश्व चैंपियन सिंधु अपने लंबे अनुभव और प्रभावशाली व्यक्तित्व के साथ इस अहम जिम्मेदारी को संभालेंगी। सिंधु ने कहा कि मैं इस भूमिका को गहरी जिम्मेदारी और उद्देश्य के साथ स्वीकार करती हूं। एथलीट्स कमीशन की चेयर के रूप में मेरा फोकस यह सुनिश्चित करना होगा कि खिलाड़ियों की आवाज हर स्तर पर साफ, निरंतर और सम्मान के साथ सुनी जाए। मैं इस भूमिका को खिलाड़ियों और प्रशासन के बीच एक सेतु के रूप में देखती हूं। साथी खिलाड़ियों द्वारा मुझ पर जताया गया भरोसा मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पूर्व चेयर ग्रेसिया पोली को उनके शानदार कार्य के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। सिंधु की डिप्टी चेयर नीदरलैंड्स की डेबोरा जिले होंगी। दक्षिण कोरिया की एन से यंग, मिस्र की दोहा हानी और चीन की जिया यी फैन भी कमीशन की अन्य खिलाड़ी प्रतिनिधि हैं। पैरा बैडमिंटन में, चान हो यूएन डैनियल ने इस साल की शुरुआत में अंतरिम चेयर के रूप में कार्य किया था और अब वह इस भूमिका को पूर्णकालिक रूप से निभाएंगे। दो बार के पैरालंपियन रह चुके डब्ल्यूएच-2 खिलाड़ी चान ने कहा, बीडब्ल्यूएफ पैरा एथलीट्स कमीशन का चेयर चुना जाना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। डेनमार्क की कैथरीन रोसेनग्रेन उनकी डिप्टी होंगी। अमेरिका की एमी बर्नेट, फ्रांस के गुइयोम गैली, भारत के अबू हुबैदा और मिस्र के तारेक अब्बास घरीब लहरी कमीशन के अन्य सदस्य हैं। इस बीच, ईरान की सोराया अगाएई हाजी आगा, जो टोक्यो 2020 ओलंपिक में ईरान का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला बैडमिंटन खिलाड़ी थीं, को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की एथलीट्स कमीशन के पांच नए सदस्यों में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## ब्रूनो फर्नांडिस न्यूकैसल के खिलाफ मुकाबले से बाहर

**एजेंसी, मैनचेस्टर**

**मैनचेस्टर** यूनाइटेड के मैनेजर रूबेन अमोरिम ने बताया कि टीम के कप्तान ब्रूनो फर्नांडिस और युवा मिडफील्डर कोबी मैनू शुक्रवार को न्यूकैसल यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले प्रीमियर लीग मुकाबले में उपलब्ध नहीं होंगे। हालांकि, अमोरिम ने दोनों खिलाड़ियों की चोट को लेकर ज्यादा चिंता की बात नहीं बताई। ब्रूनो फर्नांडिस को एस्टन विला के खिलाफ रविवार को मिली हार के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। मैच के दौरान वह दर्द में नजर आए थे और सॉफ्ट टिश्यू इंजरी के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। उस समय अमोरिम ने आशंका जताई थी कि उनके कप्तान को कुछ समय के लिए बाहर रहना पड़ सकता है।

हालांकि, बॉक्सिंग-डे से पहले होने वाले प्रीमियर लीग के एकमात्र मुकाबले से पूर्व अमोरिम ने फर्नांडिस और कोबी मैनू की चोट को लेकर अपने रुख में नरमी दिखाई। मैनू को पिंडली (काफ) में चोट लगी थी, जिसके चलते वह एस्टन विला के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए थे। बुधवार को मीडिया से बात करते हुए अमोरिम ने कहा कि 'इस मैच के लिए नहीं। दोनों रिकवरी कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि इसमें ज्यादा समय लगेगा। कोबी, ब्रूनो से पहले वापसी कर सकता है।' जब उनसे ब्रूनो फर्नांडिस की वापसी को लेकर संभावित समयसीमा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मैं कोई निश्चित समय नहीं बताना चाहता। मेरे दिमाग में एक अंदाजा है, लेकिन देखते हैं।' 31 वर्षीय पुर्तगाली मिडफील्डर इस सीजन प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए हर मैच में शुरुआती एकादश का हिस्सा रहे हैं और वह लीग के सबसे रचनात्मक खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने अब तक 51 मौके बनाए हैं, जबकि मैनचेस्टर सिटी के जेरेमी डोकू 40 से भी कम मौके बना पाए हैं। (अनंत ज्ञान)



## हॉकी प्लेयर हार्दिक सिंह को मिलेगा खेल रत्न

### चेस वर्ल्ड चैंपियन दिव्या समेत 24 प्लेयर्स को अर्जुन अवॉर्ड की सिफारिश; लिस्ट में कोई क्रिकेटर नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह को 2025 का मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवॉर्ड मिलेगा। हार्दिक इकलौते खिलाड़ी हैं, जिनके नाम के लिए चयन समिति ने सिफारिश की है। 27 साल के हार्दिक सिंह टोक्यो 2021 और पेरिस ओलिंपिक 2024 में मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस साल आयोजित एशिया कप में गोल्ड मेडल जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।



हार्दिक रहे टोक्यो 2021 और पेरिस ओलिंपिक 2024 में मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा

चयन समिति की बैठक में अर्जुन पुरस्कार के लिए नामों की सिफारिश की गई। इसमें आईओए के उपाध्यक्ष गगन नारंग, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी अपर्णा पोपट और पूर्व हॉकी खिलाड़ी एमएम सोमैया शामिल थे। समिति ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख और डेकाथलॉन एथलीट तेजस्विन शंकर समेत 24 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना है। इस बार खेल पुरस्कारों की लिस्ट में किसी क्रिकेटर का नाम नहीं है। समिति की ओर से सिफारिश किए गए खिलाड़ियों को ही पुरस्कार देने का प्रस्ताव होता है। हालांकि, इस पर अंतिम निर्णय सरकार और खेल मंत्रालय लेते हैं। यदि उन्हें सूची में किसी नाम को जोड़ना या हटाना आवश्यक लगता है, तो वे ऐसा कर सकते हैं। योगासन की खिलाड़ी को पहली बार अर्जुन मिला पहली बार योगासन खेल से जुड़ी खिलाड़ी आरती पाल को अर्जुन पुरस्कार के लिए सिफारिश की गई है। खेल मंत्रालय से मान्यता मिलने के 5 साल बाद किसी योगासन खिलाड़ी का चयन हुआ है। आरती इस समय राष्ट्रीय और एशियाई चैंपियन हैं। योगासन को 2026 एशियाई खेलों में प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया जाएगा। दिव्या अर्जुन पाने वाली पहली महिला चेस प्लेयर 20 वर्षीय दिव्या देशमुख वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी हैं। शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती को भी अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। वहीं, तेजस्विन शंकर ने 2023 एशियन गेम्स में सिल्वर जीता था। वे इसी साल एशियन चैंपियनशिप में भी दूसरे स्थान पर रहे। राइफल शूटर मेहुली घोष, जिम्नास्ट प्रणति नायक और महिला बैडमिंटन की नंबर एक जोड़ी त्रिसा जॉली-गायत्री गोपीचंद भी अर्जुन पुरस्कार की सिफारिशों में शामिल हैं। मेहुली 2 बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज जीत चुकी हैं। गायत्री, राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच और पूर्व ऑल इंग्लैंड चैंपियन पुलेला गोपीचंद की बेटी हैं। किसी क्रिकेटर का नाम नहीं इस सूची में किसी भी क्रिकेटर का नाम शामिल नहीं है। इससे पहले मोहम्मद शमी को 2023 में यह सम्मान मिला था। खेल रत्न देश का सर्वोच्च खेल सम्मान है, जिसमें पदक, प्रशस्ति पत्र और 25 लाख रुपए की नकद राशि दी जाती है। वहीं अर्जुन पुरस्कार के तहत 15 लाख रुपए मिलते हैं।

## बावुमा बोले, बुमराह और ऋषभ पंत ने माफी मांगी थी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**साउथ** अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान हुए विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत ने मैच के बाद उनसे माफी मांगी थी। बुमराह और पंत ने बावुमा को बौना कहा था।

यह घटना कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले टेस्ट के पहले दिन की है। बुमराह ने बावुमा को एलबीडब्ल्यू आउट देने की अपील की, जिसे अंपायर ने नकार दिया। इसके बाद बुमराह और पंत डीआरएस को लेकर चर्चा कर रहे थे, इसी दौरान स्टंप माइक में उनकी बातें रिकॉर्ड हो गई, जो सोशल मीडिया पर वायरल होकर विवाद की वजह बनी। इसमें बुमराह और पंत को बावुमा को बौना कहते सुना गया। साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज 2-0 से जीती थी। मीडिया मैनेजर ने उन्हें इस बारे में बताया अपने क्रिकइंफो कॉलम में बावुमा ने लिखा कि उन्हें उस समय इस टिप्पणी की जानकारी नहीं थी। बाद में टीम के मीडिया मैनेजर ने उन्हें इस बारे में बताया। बावुमा के अनुसार, बुमराह और पंत दोनों ने उनसे माफी मांगी। उन्होंने कहा, मैदान पर जो होता है, वह वहीं रहता है, लेकिन आप यह नहीं भूलते कि क्या कहा गया था। ऐसी बातें प्रेरणा और ऊर्जा का सोर्स बन सकती हैं, लेकिन इससे कोई लंबे समय तक दुश्मनी नहीं रखता। बावुमा ने कहा कि भारत के खिलाफ सीरीज हमेशा कड़ी और रोमांचक होती है। उन्होंने साफ किया कि इस विवाद के बावजूद खिलाड़ियों के बीच आपसी सम्मान बना रहा।

साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज जीतकर साल 2000 के बाद पहली बार यह उपलब्धि हासिल की। बावुमा का टेस्ट में अजेय रिकॉर्ड कायम साउथ अफ्रीकी कप्तान टेम्बा बावुमा का अजेय रिकॉर्ड कायम है। उनकी कप्तानी में टीम अब तक कोई भी टेस्ट मैच नहीं हारी है। (अनंत ज्ञान)

**रिकॉर्ड** विराट कोहली, रोहित, स्वास्तिक सामल, वैभव और सकीबुल गनी की पारी सबसे यादगार

# विजय हजारे ट्रॉफी: एक दिन में लगे 22 शतक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विजय** हजारे ट्रॉफी के मौजूदा सीजन की शुरुआत बुधवार से हुई। टूर्नामेंट के पहले दिन 22 खिलाड़ियों ने शतकीय पारियां खेलीं। एक दोहरा शतक भी लगा। यह टूर्नामेंट के इतिहास में एक दिन में लगे सबसे ज्यादा शतक हैं।

इससे पहले यह रिकॉर्ड 12 दिसंबर 2021 और 3 जनवरी 2025 को बने 19 शतकों का था। पहले दिन विराट कोहली ने 131 रन और रोहित शर्मा ने 155 रन की पारी खेली तो वहीं दूसरी ओर 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 190 रन की पारी खेलकर फैन्स का खूब मनोरंजन किया। इसके अलावा बिहार के कप्तान सकीबुल गनी ने 128 रन की पारी खेली, सकीबुल गनी लिस्ट ए में भारत की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। इसके अलावा स्वास्तिक सामल ने दोहरा शतक लगाया, सामल विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में दोहरा शतक लागने वाले 8वें बल्लेबाज बने। वहीं, अर्पित भटेवरा, रिकी भुई, यश दुबे, सम्मर गज्जर, स्नेहल कौथंकर, शुभम खजुरिया, किशन लिंगदोह, अमन मोखड़े, हिमांशु राणा, रवि सिंह, बिप्लब सामंत्रे, ध्रुव शौरी, फिरोजम जोतिन और विष्णु विनोद ने शतक लगाने का कमाल किया।



**रिकॉर्ड : विग्नेश पुथुर ने 6 कैच लिए:** विग्नेश पुथुर ने 6 कैच लिए। अब तक का सबसे ज्यादा केरल के विग्नेश पुथुर ने त्रिपुरा के खिलाफ मैच में शानदार फील्डिंग करते हुए 6 कैच पकड़े। इनमें एक कैच उन्होंने अपनी ही गेंद पर लिया। इसके साथ ही वे मेंस लिस्ट-ए क्रिकेट में एक मैच में 6 कैच लेने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

### कर्नाटक ने सबसे बड़ा स्कोर चेज किया

**इस** टूर्नामेंट में कर्नाटक ने झारखंड के खिलाफ 413 रन का टारगेट हासिल कर विजय हजारे ट्रॉफी का सबसे बड़ा स्कोर चेज किया। वहीं ओडिशा के स्वस्तिक समल ने 212 रन की पारी खेली, हालांकि उनकी टीम मैच हार गई। वहीं, अरुणाचल प्रदेश के गेंदबाजों के लिए सीजन का पहला मैच बेहद मुश्किल रहा। बिहार के खिलाफ मिबोम मोसु ने 9 ओवर में 116 रन लुटाए, जो मेंस लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन हैं। दो अन्य गेंदबाजों ने भी 90 से ज्यादा रन दिए। वहीं, सबसे बड़ा स्कोर अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ खेले गए मैच में बिहार ने 50 ओवर में 6 विकेट खोकर 574 रन बनाए, जो मेंस लिस्ट-ए क्रिकेट का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। लिस्ट-ए क्रिकेट में यह सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब किसी टीम ने 500 से ज्यादा रन बनाए हों। इससे पहले 2022 में तमिलनाडु क्रिकेट टीम ने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ 505 रन बनाए थे। अब उसी टीम के खिलाफ बिहार ने 574 रन ठोककर उस रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया और नया वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

**एक पारी में तीन शतक, 38 छक्के:** पहले दिन बिहार का सामना अरुणाचल प्रदेश से हुआ। बिहार की पारी में वैभव सूर्यवंशी (190), साकिबुल गनी (124*) और आयुष लोहारुका (116) ने शतक लगाए। विजय हजारे ट्रॉफी में यह पहली बार हुआ, जब एक टीम की पारी में तीन बल्लेबाजों ने शतक लगाए। बिहार ने कुल 38 छक्के लगाए, जो किसी भी मेंस लिस्ट-ए पारी में सबसे ज्यादा हैं। (अनंत ज्ञान)

## आखिरी दो लीग मैच ही खेल सकते हैं सूर्यकुमार दुबे और संजू सैमसन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी के पहले ही दिन कई रिकॉर्ड बने हैं। पूर्व कप्तान विराट कोहली और रोहित शर्मा लंबे समय बाद विजय हजारे ट्रॉफी में नजर आए। वहीं, बीसीसीआई के सख्त आदेश के बावजूद संजू सैमसन, सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे जैसे कुछ अन्य सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ी पहले राउंड में नहीं खेले। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई ने टी-20 वर्ल्ड कप के लिए चुने गए खिलाड़ियों को छूट दी है कि वे चाहें तो टूर्नामेंट के आखिरी दो लीग मैच ही खेल सकते हैं। बोर्ड चाहता है कि सभी इंटरनेशनल स्टार्स कम से कम एक मैच जरूर खेलें, खासकर इस साल ऑस्ट्रेलिया में 3-1 टेस्ट सीरीज हार के बाद यह नियम और सख्त हो गया है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने कन्फर्म किया है कि सूर्यकुमार यादव और शिवम दुबे 6 और 8 जनवरी को हिमाचल प्रदेश और पंजाब के खिलाफ आखिरी मैच खेलेंगे, जबकि रवींद्र जडेजा भी सौराष्ट्र के लिए ऐसा ही कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)